RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16
मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 329 ■ मुंबई, शुक्रवार 20 जून 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह


जी-7 में सुधरते दिखे भारत-कनाडा के रिश्ते
पेज-4


विवादों के बाद एक्शन में आए योगी
पेज-6


वास्तु के अनुसार उत्तरमुखी घर क्यों माना गया है शुभ
पेज-8


स्टोक्स ने कोहली को लिखित भेजा संदेश
पेज-9

## Short News एक नजर

### अहमदाबाद, वापी में भारी बारिश, घरों-दुकानों में पानी घुसा



**नई दिल्ली।** मानसून ने देश के 75 फीसदी हिस्से को कवर कर लिया। गुजरात, राजस्थान और झारखंड में भारी बारिश हो रही है। राजस्थान और उत्तर प्रदेश में मानसून की एंट्री हो गई है। पूर्वी UP के 13 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी दी है। गुजरात के अहमदाबाद, वापी और राजकोट में गुरुवार को भारी बारिश से, सड़क, घरों और दुकानों में पानी भर गया है। सावरकुंडला, राजुला में स्थानीय नदियां भी उफान पर आ गई हैं। नवसारी, वलसाड, डांग, दमण और दादरा नगर हवेली के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

### सोनिया गांधी चार दिन बाद हॉस्पिटल से डिस्चार्ज

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को गुरुवार को दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। उन्हें पेट में संक्रमण के चलते 15 जून को भर्ती किया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, गांधी की हालत अब स्थिर है। उन्होंने कहा, 'उन्हें छुट्टी दे दी गई है और उनका उपचार बाह्य रोगी के आधार पर जारी रहेगा।'

### INS तमाल होगा नौसेना का आखिरी इंपोर्टेड वॉरशिप

**नई दिल्ली।** नौसेना के इतिहास में 1 जुलाई 2025 एक खास दिन के रूप में दर्ज हो जाएगा। इस तारीख के बाद विदेश में बना कोई भी वॉरशिप नौसेना में शामिल नहीं होगा। यानी अब सब कुछ स्वदेशी होगा और आत्मनिर्भर भारत के तहत होगा। नौसेना का आखिरी इंपोर्टेड वॉरशिप 'तमाल' 1 जुलाई को नौसेना में आधिकारिक तौर पर शामिल कर लिया जाएगा। यह दुनिया का सबसे घातक मल्टी रोल स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है, जिसे रूस के यांतर शिपयार्ड में तैयार किया गया है। इस वॉरशिप से दुनिया की सबसे खतरनाक एंटी शिप मिसाइल ब्रह्मोस को दागी जा सकेगी।

### कार डिवाइडर से टकराई, मां-बेटे समेत चार की मौत

**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के पचोर में एक्सयूवी 500 कार हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई। कार सवार दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोगों ने शाजापुर जिला अस्पताल में दम तोड़ा। तीन लोग घायल हैं। ये सभी मूलत: यूपी के गोंडा जिले के रहने वाले हैं और सूरत में काम करते हैं। जानकारी के अनुसार, कार सवार सभी लोग अयोध्या से सूरत जा रहे थे। राजगढ़ में ड्राइवर को झपकी आ गई, जिससे हादसा हो गया।

# भीषण जंग की जमीन तैयार

## 'ईरान के खिलाफ अमेरिका ने उतारी फौज तो...', रूस ने ट्रंप को दी वॉर्निंग

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष बीते कई दिनों से जारी है। दोनों ही देश एक-दूसरे पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला कर रहे हैं। इजरायल को अमेरिका का खुले तौर पर समर्थन है और माना जा रहा है कि अमेरिका इजरायल के समर्थन में मिलिट्री मदद भेज सकता है। अब तक अलग-थलग पड़े ईरान को अब रूस का साथ मिल रहा है। रूस ने अमेरिका को वॉर्निंग दे दी है कि अगर उसने इजरायल को डायरेक्ट मिलिट्री सहायता दी, तो मिडिल ईस्ट में स्थिति अस्थिर होने में देर नहीं लगेगी।

**40,000 जवानों को अलर्ट पर रखा**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले की योजना को अपनी मंजूरी दे दी है लेकिन ये हमला कब होगा या उस योजना पर अमल कब होगा, इसका आदेश अभी ट्रंप ने नहीं दिया है।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय का मुख्यालय पेंटागन और उसके अधिकारी ईरान पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। बढ़ते तनातनी के बीच वॉशिंगटन ने संयुक्त अरब अमीरात (UAE), सऊदी अरब और जॉर्डन समेत तमाम मध्य-पूर्व के देशों में तैनात 40,000 जवानों को अलर्ट पर रखा है। इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा, "खामेनेई जैसा तानाशाह, जो ईरान जैसे देश का मुखिया है और जिसने इजराइल के विनाश को अपना मिशन बना लिया है, अब उसका वजूद और नहीं रहेगा।" उन्होंने कहा, "इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) को निर्देश दिए गए हैं और वे जानते हैं कि अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, इस आदमी को बिल्कुल भी अस्तित्व में नहीं रहना चाहिए।"



### ईरान पर बरसे 100 से ज्यादा बम

इजरायल ने बुधवार की देर रात ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए। इसमें ईरान के न्यूक्लियर इंफ्रास्ट्रक्चर, मिसाइल प्रोडक्शन साइट और एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हैं। इजरायल ने ईरान के अराक हैवी वाटर रिएक्टर को भी तबाह कर दिया। इजरायल की डिफेंस फोर्स ने बताया कि इस ऑपरेशन के लिए 40 फाइटर एयरक्राफ्ट को काम पर लगाया गया था। इजरायल ने 100 से अधिक बमों को गिराकर अराक हैवी वाटर रिएक्टर और नतांज के पास न्यूक्लियर हथियार डेवलपमेंट से जुड़े फेसिलिटी को तबाह कर दिया।

> "मिडिल ईस्ट में संघर्ष को सुलझाने के लिए सबसे जरूरी प्राथमिकता युद्धविराम है और अंतरराष्ट्रीय विवादों को सुलझाने का तरीका बल प्रयोग नहीं हो सकता। इजरायल को तुरंत संघर्ष विराम करना चाहिए। – जिनपिंग

### रूस ने ट्रंप को चेताया

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि हम अमेरिका को इस संघर्ष में सैन्य हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी देना चाहते हैं। अगर ऐसा हुआ, तो इसके खतरनाक परिणाम होंगे। इजरायल ईरान के न्यूक्लियर इंफ्रास्ट्रक्चर पर जिस तरह हमला कर रहा है। इसका मतलब है कि दुनिया तबाही से कुछ मिलीमीटर दूर है।

# उद्धव ने दिया राज ठाकरे से हाथ मिलाने का संकेत

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे ने मनपा और स्थानीय चुनाव का बिगुल फूंक दिया है। शिवसेना के स्थापना दिवस पर यूबीटी की षणमुखानंद सभागार तो शिवसेना की वर्ली में आयोजित रैली में दोनों पार्टियों ने शक्ति प्रदर्शन किया। दोनों नेताओं ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए चुनाव की तैयारी में लग जाने का निर्देश दिया। उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे ने एक दूसरे पर जोरदार आरोप लगाया,उद्धव ने जहां पार्टी का चिन्ह और बाप का नाम चुराने का आरोप लगाया तो एकनाथ शिंदे ने सत्ता के लिए हिंदुत्व छोड़ने का आरोप मढ़ दिया। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि पिछले कई महीने से चर्चा शुरू है कि राज और उद्धव ठाकरे का क्या होगा? दोनों एक साथ आएंगे या नहीं? गठबंधन होगा या नहीं? जल्द ही सभी को मालूम पड़ेगा। आप सभी (कार्यकर्ता) के मन में जो है, वही महाराष्ट्र के मन में है और वही मैं करूंगा, लेकिन भाजपा दोनों भाइयों को एक साथ आने नहीं देना चाह रही है, इसलिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मनसे प्रमुख राज ठाकरे से मुलाकात कर रहे हैं।



उद्धव ने बीजेपी और शिंदे गुट पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपने लिए नेता चुराने पड़ रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने भाजपा के नेताओं पर सेना की ताकत को कमजोर करने का आरोप लगाया। उद्धव ने पाकिस्तान के साथ सीजफायर के फैसले की आलोचना की। उद्धव ने आरोप लगाया है कि भारतीय सेना के पैर बांध कर रखे गए हैं। उद्धव ने ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर कहा- "इन्होंने नाम तो बड़ा अच्छा दिया लेकिन यह घर-घर जाकर सिंदूर बांटने वाले नहीं, भ्रष्टाचार फैलाने वाले हैं।"

महाराष्ट्र में हिंदी बनाम मराठी के मुद्दे पर भी उद्धव ठाकरे ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की। इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उद्धव ने कहा कि बीजेपी हिंदी को जबरदस्ती थोपने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी में हिम्मत है तो हिंदी की सख्ती पहले गुजरात और तमिलनाडु में लागू की जाए। उन्होंने भाजपा नेता नितेश राणे को निशाने पर लेते हुए कहा कि भाजपा हिंदू और मुसलमान के बीच झगड़ा तो कराती है, अब हिंदू-हिंदू में झगड़ा कराना शुरू कर दिया है। उद्धव ने कहा कि मुझे नहीं पता कि जिस सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था, उसी सरदार पटेल की सबसे बड़ी मूर्ति बनाई गई। यह उनका हिंदुत्व है।

# कैश केस : जांच पैनल का प्रस्ताव जस्टिस वर्मा को हटाएं



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से मिले कैश केस की जांच कर रहे पैनल की रिपोर्ट सामने आई है। इसमें कहा गया है कि हाईकोर्ट जज यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था। यहीं 14 मार्च की रात आग लगने के बाद बड़ी मात्रा में अधजले नोट मिले थे। पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे जस्टिस वर्मा के कदाचार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें हटाया जाना चाहिए। घटना के समय जस्टिस वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट के जज थे और अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत हैं। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाले तीन जजों के पैनल ने 10 दिनों तक जांच की। 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास का दौरा किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है, रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों को ध्यान में रखते हुए समिति इस बात पर सहमत है कि CJI के 22 मार्च के लेटर में लगाए गए आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं। कदाचार इतना गंभीर है कि जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कार्यवाही शुरू करनी चाहिए।

# देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द शर्म आएगी : शाह

## ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं; हमारे देश की भाषाओं के बगैर हम भारतीय नहीं

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है। उन्होंने यह बयान गुरुवार को नई दिल्ली में पूर्व IAS आशुतोष अग्निहोत्री की बुक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन के मौके पर दिया।

शाह ने हिंदी समेत 'भारतीय भाषाओं के भविष्य' पर कहा, 'अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं अच्छी तरह जानता हूं, यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर स्वाभिमान के साथ हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे।



**शाह बोले- 2047 तक हम दुनिया में टॉप पर होंगे**

अमृत काल के लिए पीएम मोदी ने पंच प्रण की नींव रखी है। पांच प्रतिज्ञाएं 130 करोड़ लोगों का संकल्प बन गई हैं। यही कारण है कि 2047 तक हम टॉप पर होंगे और हमारी भाषाएं इस यात्रा में प्रमुख भूमिका निभाएंगी। शाह ने कहा कि इन पांच प्रतिज्ञाओं में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी के हर निशान से छुटकारा पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध रहना और हर नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना शामिल है।

शाह ने कहा कि देश में प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग में कुछ बदलाव की जरूरत है। उन्हें शायद ही हमारी व्यवस्था में सहानुभूति लाने के लिए ट्रेंड किया जाता है। ऐसा शायद इसलिए क्योंकि अंग्रेजों के जमाने से इस ट्रेनिंग मॉडल की प्रेरणा मिली है।

# ED के ऑफिस में डीनो मोरिया ने दर्ज करवाया बयान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर डीनो मोरिया गुरुवार सुबह ED (एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट) के दफ्तर पहुंचे। उनसे लगातार मीठी नदी घोटाले के मामले पूछताछ जारी है, उन्होंने अपना स्टेटमेंट रिकॉर्ड करवाया है। डीनो को समन कर बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, हालांकि वो कल नहीं पहुंचे थे। कुछ समय पहले ही इस मामले में ED ने एक्टर के घर पर रेड की थी। डीनो मोरिया सुबह करीब 10 बजकर 30 मिनट पर साउथ मुंबई में स्थित बेलॉर्ड स्टेट के दफ्तर पहुंचे थे। एक्टर के भाई सेंटिनो भी जांच के दायरे में हैं, वो भी उनके साथ पहुंचे थे। मीठी नदी की सफाई के चलते 65 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ था। जांच में डीनो के कुछ फायनेंशियल ट्रांजैक्शंस मिले हैं, जो इस मामले के मुख्य आरोपी के साथ हुए थे। इसी मामले में उनका बयान दर्ज करवाया जा रहा है।



# ट्रंप बोले-'थैंक्यू आसिम मुनीर...'

## पाक आर्मी चीफ के साथ डोनाल्ड ट्रंप की लंच पॉलिटिक्स

**महानगर नेटवर्क**
**वाशिंगटन**

अमेरिका यात्रा पर पहुंचे पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। ट्रंप ने ही बुधवार को व्हाइट हाउस में लंच मीटिंग के लिए पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर को बुलाया था। जहां उन्होंने भारत-पाक में संघर्ष को बढ़ने से रोकने में आसिम मुनीर की तारीफ भी की।

**ट्रंप ने बताया- क्यों मुनीर को बुलाया**

ट्रंप ने लंच मीटिंग में कहा कि मैंने मुनीर को यहां इसलिए बुलाया था क्योंकि मैं भारत से युद्ध रोकने और इसे समाप्त करने के लिए पाक सेना प्रमुख का धन्यवाद करना चाहता था।

यह पहली बार था जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान के सेना प्रमुख से लंच मीटिंग कर रहा था। मुनीर को देश की राष्ट्रीय सुरक्षा नीतियों पर व्यापक रूप से यह इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भी हुआ, जिसमें ट्रंप वाशिंगटन की संभावित भागीदारी की संभावना तलाश रहे हैं। इस्लामाबाद तेहरान के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों के लिए जाना जाता है।



**मोदी की भी ट्रंप ने की तारीफ**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने भारत के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए मुनीर को धन्यवाद दिया, जिसके लिए उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी प्रशंसा की, जिनसे उन्होंने मंगलवार रात बात की।

उन्होंने कहा, 'दो बहुत ही चतुर लोगों ने उस युद्ध को जारी न रखने का फैसला किया, वह परमाणु युद्ध हो सकता था।' ट्रंप ने कहा कि उन्हें मुनीर से मिलकर सम्मानित महसूस हुआ और दोनों ने ईरान पर चर्चा की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सबसे बेहतर जानता है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'वे (पाकिस्तानी नेतृत्व) ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं, सबसे बेहतर। वे किसी भी चीज से खुश नहीं हैं।'

# मुस्लिमों पर फिर मेहरबान कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** कांग्रेस शासित कर्नाटक की सिद्धरमैया सरकार ने मुस्लिमों पर फिर मेहरबानी दिखाई है। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने राज्य में विभिन्न आवासीय योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी करने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने कहा, ''राज्य भर में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।'' उन्होंने कहा कि राज्य में अल्पसंख्यकों में बेघरों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। कांग्रेस सरकार द्वारा यह फैसला सरकारी सिविल ठेकों में 4% मुस्लिम आरक्षण संबंधी विधेयक पारित करने के कुछ सप्ताह बाद लिया गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया है।



# एयर इंडिया ड्रीमलाइनर का ब्लैक बॉक्स अमेरिका भेजा जाएगा

**महानगर नेटवर्क**
**अहमदाबाद**

अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एयर इंडिया विमान का ब्लैक बॉक्स जांच के लिए अमेरिका भेजा जाएगा है। क्रैश हुए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान का ब्लैक बॉक्स क्रैश के अगले दिन ही रिकवर कर लिया गया था। विमान में आग लगने के बाद ब्लैक बॉक्स इतना डैमेज हो चुका है कि उससे डेटा रिकवर करना मुश्किल है। इसलिए उसे जांच के लिए अमेरिका भेजने का फैसला लिया गया है।

**'इंजन में उड़ान से पहले कोई समस्या नहीं थी'**

एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने कहा कि, विमान का रखरखाव अच्छी तरह से किया गया था, इसकी आखिरी बड़ी जांच जून 2023 में और अगली जांच दिसंबर 2025 में निर्धारित की गई थी। इसके दाहिने इंजन की मार्च 2025 में मरम्मत की गई थी, और बाएं इंजन का अप्रैल 2025 में निरीक्षण किया गया था। विमान और इंजन दोनों की नियमित रूप से निगरानी की गई थी, जिससे उड़ान से पहले कोई समस्या नहीं दिखी। हम, पूरे विमानन उद्योग के साथ आधिकारिक जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।'



# थरूर ने माना कांग्रेस नेतृत्व के कुछ लोगों से मतभेद

■ सब जानते हैं किसके बारे में कह रहा हूं ■ केरल उपचुनाव के बाद चर्चा करेंगे

**महानगर नेटवर्क**
**तिरुवनंतपुरम**


कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि पार्टी के कुछ नेताओं के साथ उनके मतभेद हैं। थरूर गुरुवार को तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, वे लोग कौन हैं, जिनके बारे में मैं बात कर रहा हूं। उन्हें आप (मीडिया वाले) अच्छे से जानते हैं क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक डोमेन में हैं। थरूर ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके सिद्धांत उन्हें पसंद हैं। 16 सालों तक पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वे उन्हें अपना करीबी दोस्त और भाई मानते हैं।



हालांकि थरूर ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उनके मतभेद नेशनल स्तर के नेताओं के साथ हैं, राज्य स्तर के। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने संकेत दिया कि उपचुनाव के नतीजों के बाद वह इन मतभेदों के बारे में बात कर सकते हैं।

केरल की नीलांबुर विधानसभा सीट पर गुरुवार को उपचुनाव हुए। इन चुनावों के लिए प्रियंका गांधी भी प्रचार के लिए गईं थीं। जब थरूर से पूछा गया कि, वे चुनाव अभियान में शामिल क्यों नहीं हुए। तो उन्होंने जवाब दिया कि, उन्हें इसके लिए इनवाइट नहीं किया गया था। जबकि पिछले साल वायनाड में हुए उपचुनाव में उन्हें बुलाया गया था।

# इलॉन मस्क के स्टारशिप में टेस्ट के दौरान धमाका



**महानगर नेटवर्क**
**टेक्सास**

दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क का स्टारशिप-36 रॉकेट टेक्सास के स्टारबेस टेस्टिंग साइट पर अचानक धमाके के साथ फट गया। इसकी लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया। ये धमाका भारतीय समयानुसार 19 जून को सुबह करीब 09:30 बजे हुआ। धमाका उस वक्त हुआ जब 29 जून को होने वाले स्टारशिप के 10वें टेस्ट फ्लाइट से पहले रॉकेट का दूसरा स्टैटिक फायर टेस्ट चल रहा था। इस टेस्ट में रॉकेट को जमीन पर ही रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लॉन्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। इलॉन मस्क ने कहा- प्रारंभिक डेटा से पता चलता है कि पेलोड बे में मौजूद नाइट्रोजन COPV अपने प्रूफ प्रेशर से कम दबाव में फेल हो गया। अगर आगे की जांच से इसकी पुष्टि होती है कि यही हुआ होगा, तो स्टारशिप की इस डिजाइन के लिए यह पहली बार होगा।

**लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया**

# एयर इंडिया को बिना जांचे एयरबस उड़ाने पर चेतावनी

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

इंडियन एविएशन रेगुलेटर ने एअर इंडिया को 3 एयरबस प्लेन को जांचे बिना उड़ाने पर चेतावनी दी है। क्योंकि जांच में इन प्लेन में खराबी की बात सामने आई है।

सरकारी डॉक्यूमेंट्स से मुताबिक, इन विमानों को इमरजेंसी इक्विपमेंट की जांच पेंडिंग होने के बावजूद उड़ाया गया। एयरलाइन ने इन दिक्कतों को दूर करने में भी देरी की। वॉर्निंग नोटिस और जांच रिपोर्ट अहमदाबाद प्लेन क्रैश से जुड़ी नहीं है।

दोनों इस घटना से कुछ दिन पहले ही भेजा एयरलाइन को भेजे गए थे।

DGCA के कहा- मई में एयर इंडिया के 3 एयरबस विमानों की जांच की गई। इसमें पाया गया कि एस्केप स्लाइड के जरूरी इमरजेंसी इक्विपमेंट की इंस्पेक्शन की देरी के बाद भी उन्हें उड़ाया जा रहा था। भारत सरकार में उड़ान योग्यता के डिप्टी डायरेक्टर अनिमेश गर्ग ने जांच रिपोर्ट एअर इंडिया के CEO कैम्पबेल विल्सन, एयरलाइन के फ्लाइट एबिलिटी मैनेजमेंट, क्वालिटी मैनेजर और प्लानिंग चीफ को भेजी।




अहमदबाद विमान हादसा के बाद केंद्र सरकार एयरलाइंस के साथ ऑपरेशन से जुड़े मुद्दों पर रेगुलर मीटिंग करेगी। यह फैसला गुरुवार को नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने देश भर के सभी एयरपोर्ट डायरेक्टर्स के साथ मीटिंग में लिया। नायडू ने सभी एयरपोर्ट डायरेक्टर्स को निर्देश दिया कि वे फ्लाइट्स के रीशेड्यूल होने पर यात्रियों के लिए जरूरी जमीनी तैयारियों और असिस्टेंट मेक्निज्म की समीक्षा करें। ये फैसला विशेष तौर से उन परिस्थितियों को लेकर है, जिनमें दुर्घटना के बाद की जांचें, मौसम में बदलाव, राजनीतिक-सैन्य और रणनीतिक कारण होते हैं।

# भूमि अधिग्रहण का काम तय समय पर पूरा किया जाए: फडणवीस

## 11 परियोजनाओं के लिए 53,354 करोड़ की निधि उपलब्ध कराई जाए

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को वर्षा निवास स्थान पर राज्य की महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य में सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण का काम तय समय पर पूरा किया जाए और परियोजनाओं को जल्द से जल्द पटरी पर लाया जाए। सभी संबंधित एजेंसियां यह सुनिश्चित करें कि भूमि अधिग्रहण की कमी के कारण



किसी भी परियोजना में देरी न हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य में 11 महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए आवश्यक 53,354 करोड़ रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर नागपुर-गोवा शक्तिपीठ महामार्ग, विरार-अलीबाग कॉरिडोर, जालना-नांदेड़ एक्सप्रेस-वे, पुणे रिंग रोड पूर्व, पश्चिम और विस्तार, भंडारा-गडचिरोली एक्सप्रेस-वे, नागपुर-चंद्रपुर एक्सप्रेस-वे, नागपुर-गोंदिया एक्सप्रेस-वे, नवेगांव (मोड़)-सूरजागड़ मिनरल कॉरिडोर, वाढवण-इगतपुरी एक्सप्रेस-वे समेत सड़क परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण के साथ-साथ वर्धा-नांदेड़, वडसा-गडचिरोली रेलवे परियोजनाओं और कोल्हापुर, कराड, अकोला, गडचिरोली और छत्रपति संभाजी नगर में हवाई अड्डों के भूमि अधिग्रहण की विस्तृत समीक्षा की गई।

### शक्तिपीठ महामार्ग के लिए 12 हजार करोड़

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि शक्तिपीठ महामार्ग को गति शक्ति पर रन कर योजना तैयार की जानी चाहिए, ताकि कम से कम वन भूमि प्रभावित हो। इस योजना के भूमि अधिग्रहण के लिए वित्त विभाग को 12 हजार करोड़ रुपए की निधि उपलब्ध कराना चाहिए। विरार अलीबाग कॉरिडोर के मोरबे से करंजा खंड में वन भूमि और मैंग्रोव वन होने के कारण आवश्यक अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जानी चाहिए। साथ ही इस परियोजना के लिए अनुमति प्राप्त करते समय, प्रशासनिक प्रक्रिया को समानांतर रूप से जारी रखा जाना चाहिए। सागरमाला योजना में वाढवण–इगतपुरी एक्सप्रेस वे को शामिल करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना चाहिए। परभणी जिले के सेलू में जालना–नांदेड़ एक्सप्रेस–वे की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया 15 दिनों के भीतर पूरी की जानी चाहिए।

---

स्थापना दिवस पर भी उद्धव गुट को झटका

# दो पूर्व नगरसेवकों ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना का थामा दामन

**मुंबई।** उद्धव की शिवसेना गुरुवार को अपना 59 वां स्थापना दिवस मना रही थी,लेकिन इस दिन भी उद्धव सेना के पूर्व नगरसेवक उद्धव का साथ छोड़कर उन्हें धक्का देने का काम कर रहे थे। गुरुवार को एक ओर उद्धव की शिवसेना अपना वर्धापन दिन मना रही थी, वहीं दूसरी ओर एकनाथ शिंदे की शिवसेना भी वर्ली में अपना वर्धापन दिन मना रही थी। इस अवसर पर उद्धव सेना के दो पूर्व नगरसेवक और एक राष्ट्रवादी पार्टी की पूर्व नगरसेवक एकनाथ शिंदे की सेना का दामन थामा। उद्धव की शिवसेना के पूर्व नगरसेवक जो कि एक दिन पूर्व उद्धव ठाकरे द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल थे, लेकिन दूसरे दिन एकनाथ शिंदे की शिवसेना का दामन थाम कर आश्चर्य चकित कर दिया। यही उद्धव सेना के पूर्व नगरसेवक एक दिन पूर्व



मनसे के साथ गठबंधन करने की बात कह रहे थे। गुरुवार को उद्धव सेना के दो पूर्व नगरसेवक विजेंद्र शिंदे जो कि चांदीवली से नगरसेवक थे और अजीत भंडारी मालाड पश्चिम के पूर्व नगरसेवक थे, उद्धव ठाकरे ने भंडारी को विभाग प्रमुख भी बनाया था। लेकिन दोनों पूर्व नगरसेवक उद्धव सेना को राम राम करते हुए एकनाथ शिंदे की शिवसेना का दामन थामा। इसी तरह वार्ड क्रमांक 140 की राष्ट्रवादी कांग्रेस की पूर्व नगरसेविका नादिया शेख ने भी एकनाथ शिंदे की शिवसेना का दामन थामा। उद्धव सेना के दोनों पूर्व नगरसेवकों के साथ बड़ी संख्या शाखा प्रमुख और स्थानीय कार्यकर्ता भी एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हुए। मुंबई के तीन पूर्व नगरसेवक सहित गोवा ठाणे के कई उद्धव सेना के नेता एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हुए। उद्धव सेना के वर्ष 2017 के लगभग 45 से अधिक पूर्व नगरसेवक एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हों चुके है,जबकि 2012 के पूर्व नगरसेवक को लेकर पूर्व नगरसेवकों की संख्या 90 के पार पहुंच गई है।

---

# भिवंडी में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

## जलजमाव और बाढ़ का खतरा गहराया

**भिवंडी।** भिवंडी शहर और ग्रामीण इलाकों में बीती रात से मूसलधार बारिश का सिलसिला जारी है, जिससे निचले इलाकों में जलभराव की गंभीर आशंका उत्पन्न हो गई है। अगर बारिश की तीव्रता इसी तरह बनी रही तो हालात और भी अधिक गंभीर हो सकते हैं।शहर से सटे हुए कामवारी नदी की जलस्तर में भी लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। पानी के तेज प्रवाह के कारण नदी में उग आई जलकुंभी (वॉटर हायसिंथ) बहकर नदी नाका पुल के नीचे आकर फंस गई है,जिससे नदी का प्रवाह अवरुद्ध हो रहा है और बाढ़ का खतरा और अधिक बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही इन जलकुंभी को हटाया



नहीं गया, तो भारी बारिश की स्थिति में नदी का पानी सीधे शहर में घुस सकता है और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वर्तमान में रुक-रुक कर तेज बारिश हो रही है, और हर बीतते घंटे के साथ खतरा और अधिक बढ़ता जा रहा है।हालांकि नदी पुल के नीचे जलकुंभी फंसे होने की सूचना पहले ही मिल चुकी है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

---

# डेंगू का डंक बना सिंघानिया स्कूल के लिए खतरे की घंटी

## ठाणे मनपा ने भेजा कारण बताओ नोटिस

**ठाणे।** शहर के नामचीन सुनीतोदेवी सिंघानिया स्कूल में डेंगू फैलने के मामले सामने आने के बाद ठाणे महानगरपालिका शिक्षा विभाग ने स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एक जांच समिति द्वारा स्कूल परिसर का निरीक्षण करने पर चौंकाने वाली खामियां सामने आईं, जिससे छात्रों और शिक्षकों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

बता दें कि निर्माण कार्य के चलते स्कूल परिसर में जगह-जगह गड्ढे खुदे हुए हैं,जिनमें बारिश का पानी जमा होकर मच्छरों का अड्डा बन गया है। स्कूल के चारों ओर निर्माण मलबा और कचरे का ढेर लगा है जिससे पानी की निकासी बाधित हो रही है। कक्षाओं में न खिड़कियों




की स्क्रीन ठीक हैं, न ही मच्छरों से बचाने वाली मशीनें प्रभावी हैं। जांच के दौरान यह सामने आया कि अब तक 22 छात्र और 5 शिक्षक डेंगू से संक्रमित हो चुके हैं। इसके बावजूद स्कूल प्रशासन द्वारा न तो पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए और न ही परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित की गई। कक्षाओं में पैर धोने की व्यवस्था नहीं है और बीमार छात्रों को लेकर भी गंभीरता नहीं दिखाई गई।

### 24 घंटे के भीतर कारण बताओ

मनपा ने स्कूल को 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है और यह स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में किसी भी छात्र के स्वास्थ्य को नुकसान होता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन की होगी। जब तक हालात में सुधार नहीं होता, तब तक स्कूल में ऑफलाइन पढ़ाई बंद कर दी गई है और ऑनलाइन शिक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग ने इस मामले में गंभीर रुख अपनाते हुए कहा है कि छात्रों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

---

# आवारा जानवरों को खाना देने का विरोध करने पर होगा मामला दर्ज

**मुंबई।** आवारा कुत्ते और बिल्लियों जैसे जानवरों को खाना खिलाने वाले नागरिकों को परेशान करना एक दंडनीय अपराध है। पालतू कुत्तों से संबंधित निर्धारित कर का भुगतान करना और पालतू जानवरों के लाइसेंस से जुड़ी शर्तों और नियमों का पालन करना अनिवार्य है। इस संबंध में मनपा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी नागरिकों को इन नियमों का पालन करना होगा। सुप्रीम कोर्ट और भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के निर्देश पर मनपा प्रशासन ने नई नियमवाली बनाई है। इस नियमावली में आवारा और पालतू जानवरों को लेकर मनपा ने पालतू जानवरों के मालिकों,उन्हें खाना खिलाने वाले नागरिकों और विभिन्न संस्थाओं के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत जारी किया है। यह दिशा निर्देश मनपा




के पशु चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट https://vhd.mcgm.gov.in/ पर विस्तार से उपलब्ध हैं। मनपा प्रशासन ने अपील की है कि पालतू जानवर पालने वाले नागरिक,जानवरों को खाना देने वाले लोग और संबंधित संस्थाएं इन मार्गदर्शक सिद्धांतों का कड़ाई से पालन करें। आजकल कई लोग पालतू कुत्तों को अपने साथी के रूप में पालते हैं। अनेक पशु प्रेमी और कार्यकर्ता आवारा कुत्तों की देखभाल करते हैं उन्हें खाना खिलाने और इलाज आदि सुविधा उपलब्ध कराते हैं।

---

# नालासोपारा में जर्जर चॉलों का कहर

## बारिश में ढही दीवार, टला बड़ा हादसा

**नालासोपारा।** नालासोपारा पूर्व में लगातार हो रही तेज बारिश ने इलाके की जर्जर चॉलों की बदहाल स्थिति को एक बार फिर उजागर कर दिया है। गुरुवार को दो अलग-अलग घटनाओं में चॉलों की असुरक्षित स्थिति सामने आई, हालांकि गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना गुरुवार सुबह संतोष भवन क्षेत्र में हुई,जहां एक चॉल में बाथरूम की पानी की टंकी अचानक टूटकर गिर गई। इससे शौचालय का हिस्सा नीचे धंस गया। संयोगवश, घटना के समय शौचालय में कोई मौजूद नहीं था,जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इसी दिन सुबह करीब



10 बजे, एफ प्रभाग अंतर्गत पेल्हार क्षेत्र के बावसेत पाड़ा स्थित श्रीकृष्ण चॉल में बारिश के कारण एक दीवार ढह गई। स्थानीय निवासियों के अनुसार,यह चॉल कई सालों से खस्ताहाल स्थिति में है। निवासियों का आरोप है कि नगर निगम या किसी संबंधित विभाग ने अब तक इसकी सुध नहीं ली है। बारिश के कारण दीवारों में सीलन और फर्श की नींव में कमजोरी साफ दिख रही है, जो गंभीर खतरे का संकेत है। चॉल में रहने वाले परिवारों का कहना है कि हर बारिश के साथ उनकी जान जोखिम में पड़ जाती है।घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व बविआ नगरसेवक प्रमोद दुबे मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि जर्जर चॉलों की तुरंत जांच कराई जाए और आवश्यक मरम्मत या पुनर्विकास कार्य शुरू किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी कोई अप्रिय घटना न हो।

---

ठाणे में विधायक के अचानक दौरे से मचा हड़कंप

# राशन वितरण कार्यालय की पोल खुली

**ठाणे।** ठाणे के कोर्ट नाका स्थित राशन वितरण कार्यालय में विधायक संजय केलकर के अचानक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। कार्यालय की जर्जर स्थिति, साफ-सफाई की कमी और सुरक्षा के अभाव ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विधायक केलकर ने मौके पर बाथरूम की दुर्दशा, छत से पानी टपकने की स्थिति और परिसर में गंदगी देख कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने देखा कि कार्यालय परिसर में एक पुराना जामुन का पेड़ गिरने की कगार पर है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। साथ ही, रास्ते पर पेव्हर ब्लॉक न होने से आने-जाने में नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में केलकर के



प्रयासों से इस कार्यालय को आईएसओ मान्यता प्राप्त हुई थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से अब हालत फिर से बिगड़ती जा रही है। निरीक्षण के दौरान आम नागरिकों ने भी विधायक से संवाद कर शिकायतें साझा कीं। केलकर ने तत्काल पीडब्ल्यूडी के सचिन पाटिल सहित अधिकारियों को बुलाया और साफ शब्दों में चेतावनी दी कि सभी मरम्मत कार्य 10–12 दिनों में पूरे किए जाएं।

---

# चुनाव को लेकर उल्हासनगर कांग्रेस की बैठक

**उल्हासनगर।** आगामी मनपा चुनाव को लेकर मुंबई के तिलक भवन में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल की अध्यक्षता में उल्हासनगर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक बुधवार को आयोजित की गई थी। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट गणेश पाटिल, नांदेड लोकसभा सांसद रविंद्र चव्हाण और उल्हासनगर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रोहित साल्वे समेत पार्टी नेताओं की उपस्थिति में यह बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में उल्हासनगर के कांग्रेस के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किये, और आगामी मनपा चुनाव को लेकर चर्चा किया।

### हर कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर काम करे : सपकाल

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा की आम लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए हर कार्यकर्ता को जमीनी स्तर से काम करना शुरू कर देना चाहिए।

उल्हासनगर समस्याओं का घर है, उल्हासनगर शहर के नागरिक वहां के शासकों से तंग आ चुके हैं, ऐसे में कांग्रेस को अपनी प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए और लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए, इस अवसर पर अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने उल्हासनगर कांग्रेस पदाधिकारियों को विशेष रूप से बधाई , इस बैठक में जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने आगामी मनपा चुनाव में निर्णायक सदस्य चुनने की रणनीति प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष रखी, इस बैठक में उल्हासनगर कांग्रेस की पूर्व नगरसेविका अंजली साल्वे, ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धडके, नानिक आहूजा, सुनील बहरानी, मनीषा महाकाले, प्रोफेसर सिंधुताई रामटेके, जिला उपाध्यक्ष श्याम मढवी, महादेव शेलार, राजेश फक्के, कुलदीप आयलसिंघानी, जिला महासचिव दीपक सोनोने, फैमिदा सैयद, युवराज पगारे, डॉ. धीरज पटोले, डॉ. हितेश सचवानी, वामदेव भोयर, चिराग फक्के, आबासाहेब साठे, नीलेश जाधव, अनिल यादव, ईश्वर जग्याशी, पवन मिरानी, उषा गिरी, विद्या शर्मा, समाधान खरे और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

---


# ठाणे के 26 स्कूल खतरे में

**ठाणे।** ठाणे शहर में 35 हजार से अधिक छात्रों की पढ़ाई खतरे में पड़ सकती थी,अगर समय रहते चेतावनी न ली जाती। महानगरपालिका द्वारा किए गए स्ट्रक्चरल ऑडिट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि शहर के 126 स्कूलों में से 26 स्कूल खतरनाक स्थिति में हैं। इनमें से दो स्कूलों की हालत इतनी गंभीर थी कि उन्हें तोड़कर फिर से बनाया जा रहा है, जबकि बाकी 24 स्कूलों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। बता दें कि राज्य सरकार ने इन स्कूलों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये का फंड जारी किया है। ठाणे मनपा ने इस काम के लिए अप्रैल के अंत में आदेश जारी किए और अब तक शहर के कई हिस्सों में 40 से 70 प्रतिशत तक काम हो चुका है। हालांकि, स्कूलों के फिर से खुलने के कारण मरम्मत का काम अधूरा रह गया है। अब यह तय किया गया है कि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए शनिवार और रविवार को तेज़ी से काम किया जाएगा।

---

# बारिश में धारावी की गलियों में घूम रहा है एक साइलेंट किलर

**मुंबई।** यह सर्वविदित है कि धारावी में टीबी, मलेरिया, डेंगू और जठरांत्र संबंधी रोग सबसे अधिक प्रचलित बीमारियों में से हैं। लेकिन हर मानसून, जुलाई और सितंबर के बीच, एक खामोश हत्यारा धीरे-धीरे धारावी की गलियों में घुस आता है - और वह है लेप्टोस्पायरोसिस। वह खामोश हत्यारा लेप्टोस्पायरोसिस है, यह एक जीवाणु से हेनवाला संक्रमण है जो संक्रमित जानवरों, खासकर चूहों के मूत्र से दूषित पानी से फैलता है। खासकर मानसून के दौरान, जो लोग अच्छे जूते के बिना जलभराव या गंदी सड़कों पर चलते हैं, वे इसके लिए सबसे ज्यादा संवेदनशील होते हैं, खासकर अगर उनके पैरों में कोई छोटा कट या चोट हो। धारावी में अभ्यास करने वाले डॉक्टरों का कहना है कि जुलाई और सितंबर के दौरान, जब बारिश अपने चरम पर होती है तब हर



महीने लेप्टो के कम से कम 20 से 30 मामले सामने आते हैं, जो सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित करता है, लेकिन बच्चे और बुजुर्ग हेतु यह ज्यादा संवेदनशील होता है।

**क्या कहते हैं आंकड़े**

महाराष्ट्र आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के आंकड़ों के मुताबिक, महाराष्ट्र में लेप्टोस्पायरोसिस के कारण होने वाली मौतों में 225% की चौंका देने वाली वृद्धि देखी गई, जिसका केंद्र मुंबई था। 2024 में, राज्य में लेप्टो से 26 लोगों की मौत हुई, जो 2023 में आठ थी, और अकेले मुंबई में अक्टूबर 2024 तक इनमें से 18 मौतें हुईं, जिनमें से 953 मामले धारावी, कुर्ला और गोवंडी से थे। 2018 में धारावी के एक 17 वर्षीय लड़के की सायन अस्पताल में लेप्टो से मौत हो गई।

**असहाय धारावी**

धारावी पुलिस स्टेशन के पीछे हुसैनी मस्जिद के पास एक गली में रहने वाली अमीना बानू शेख ने अपनी झोपड़ी के बाहर एक गली की ओर इशारा किया, जहाँ दो चूहे बिलों में घुस रहे थे। "मेरे बच्चे यहाँ पूरे दिन खेलते हैं। उनके पास स्कूल जाने के लिए एक-एक जोड़ी चप्पल है, अन्यथा वे नंगे पैर घूमते हैं। मेरी 11 वर्षीय बेटी को पिछले साल लेप्टो हो गया था और मुझे चिंता है कि यह इस साल फिर से हो जाएगा,'' उसने कहा। धारावी के ब्लॉक नंबर 5 में रहने वाले अनीस कुछ ब्लॉक दूर खुले में बिक रहे मांस की ओर इशारा करते हैं।

---

# 100 मीटर की दूरी के लिए मरीज से वसूले 4000 रुपए!

## Red एंबुलेंस पर आर्थिक धोखाधड़ी का आरोप

**नवी मुंबई।** वाशी स्थित एक युवक ने "Red Ambulance" नामक निजी रुग्णवाहिका सेवा पर आर्थिक फसवणूक का गंभीर आरोप लगाया है। हिमांशु अनंत पाटील नामक नागरिक ने वाशी पुलिस थाने में दी गई शिकायत में बताया कि दिनांक 8 जून की शाम को एक कोविड मरीज को फोर्टिस हॉस्पिटल से नजदीकी नमुपा हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था, जिसकी दूरी लगभग 100 मीटर है।

शिकायत के अनुसार, इतनी छोटी दूरी के लिए भी रुग्णवाहिका सेवा ने 4000 रुपए की मांग की और मरीज को एंबुलेंस के बजाय स्ट्रेचर के माध्यम से ले जाया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, रुग्णवाहिका सेवा ने मरीज के परिवहन में एंबुलेंस का उपयोग ही नहीं किया, फिर भी पूरी राशि वसूल की गई। हिमांशु पाटील के पास इस पूरी घटना का वीडियो फुटेज भी मौजूद है, जिसे उन्होंने पुलिस को सबूत के तौर पर सौंपा है। उनका कहना है कि यह घटना आर्थिक शोषण का स्पष्ट उदाहरण है और ऐसी फर्जीवाड़ा करने वाली सेवाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, वाशी पुलिस द्वारा जांच शुरू किए जाने की उम्मीद है।

---

# ई-ऑफिस प्रणाली से महापारेषण के काम में तेजी आईः अविनाश निंबालकर

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**



महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (महापारेषण) ने अपने प्रशासनिक काम को और अधिक गतिशील, पारदर्शी और 'कागज रहित' बनाने के लिए 'ई-ऑफिस' प्रणाली शुरू की है। पहले चरण में यह पहल मुख्य कार्यालय और वाशी परिमंडल में शुरू की गई है। इस दौरान महापारेषण के निदेशक (प्रकल्प) अविनाश निंबालकर ने कहा कि इसे चरणों में सभी परिमंडलों में लागू किया जाएगा। भायंदर स्थित रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी में महापारेषण की ओर से अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उस समय निंबालकर उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी तथा कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन) सुचिता भिकाने, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सुगत गमरे, मुख्य अभियंता सुनील सूर्यवंशी, महेश भागवत, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं प्रवर्तन) कैलास कणसे, मुख्य महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) नागसेन वानखेड़े उपस्थित थे।

---

# वसई विरार में बारिश ने खोली बड़े -बड़े नाले के नवीनीकरण की पोल

**नालासोपारा।** वसई-विरार शहर में पिछले दो दिनों से हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। गुरुवार को भी भारी बारिश का सिलसिला जारी रहा, जिससे वसई विरार शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति देखने को मिली है। लगातार बारिश के कारण शहर की कई मुख्य सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया है। जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो गई है,। वसई- विरार में करोड़ों के लागत से खूब बड़े बड़े नालों का चारो तरफ़ नवीनीकरण किया गया मानसून के दौरान वसई-विरार में पानी नहीं भरेगा, यहां की भाग दौड नहीं रुकेगी। यह भी दावा किया गया कि इस मानसून सीजन में वसई -विरारकरों को बिल्कुल भी परेशानी नहीं होगी।

---

# दुरंतो एक्सप्रेस का टर्मिनल नई दिल्ली स्टेशन से बदलकर हज़रत निज़ामुद्दीन किया गया




**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

ट्रेन संख्या 22209/22210 मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस के टर्मिनल को नई दिल्ली स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस परिवर्तन का विवरण निम्नानुसार है। ट्रेन संख्या 22209 मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस 18 अगस्त से मुंबई सेंट्रल से प्रस्थान करने वाली सेवा से, नई दिल्ली के बजाय हजरत निजामुद्दीन पर टर्मिनेट होगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 22210 नई दिल्ली-मुंबई सेंट्रल दुरंतो एक्सप्रेस 19 अगस्त से नई दिल्ली के बजाय 22.20 बजे हजरत निजामुद्दीन से प्रस्थान करेगी। उपर्युक्त ट्रेन के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

---

# SRA ने लांच किया ऑनलाइन बिल्डिंग परमिट सिस्टम

**मुंबई।** मुंबई में शहरी विकास को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, बृहन्मुंबई के झोपड़पट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण (SRA) ने आधिकारिक रूप से सॉफ्टटेक ऑटोडीसीआर ऑनलाइन बिल्डिंग परमिट सिस्टम लॉन्च किया है। यह डिजिटल पहल झोपड़पट्टी पुनर्विकास परियोजनाओं के प्रस्तावों को अधिक कुशलतापूर्वक संसाधित करने की दिशा में एक बड़ा बदलाव लाती है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी, मंजूरी की गति तेज होगी और मैन्युअल हस्तक्षेप को न्यूनतम किया जाएगा। सॉफ्टटेक इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा



विकसित ऑटोडीसीआर प्रणाली भवन योजनाओं की जांच और अनुमोदन प्रक्रिया को स्वचालित करती है। यह प्रणाली डेवलपर्स को ऑनलाइन प्रस्ताव प्रस्तुत करने की सुविधा देती है, जिससे पारंपरिक रूप से समय लेने वाली और कागज-आधारित प्रक्रियाएं काफी हद तक कम हो जाती हैं। इस स्वचालन से देरी कम होगी, नियामक अनुपालन में सुधार होगा और झोपड़पट्टी पुनर्विकास परियोजनाओं से जुड़े हितधारकों के लिए एक अधिक सुगम अनुभव प्रदान किया जाएगा।

"यह लॉन्च केवल एक प्रक्रिया को डिजिटाइज़ करने के बारे में नहीं है यह इस बात को पुनर्परिभाषित करने के बारे में है कि शहर अपने सबसे कमजोर समुदायों की जरूरतों का उत्तर कितनी तेजी, स्पष्टता और जवाबदेही के साथ दे सकते हैं। हम ऐसे उपकरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो केवल स्वचालन ही नहीं करते बल्कि वास्तव में ज़मीनी स्तर पर बेहतर निर्णय और परिणामों को सक्षम बनाते हैं।"

# बाघ की खाल ओढ़ने से कोई बाघ नहीं बनता : शिंदे

महानगर संवाददाता
मुंबई

शिवसेना के 59वें स्थापना दिवस के मौके पर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमारी शिवसेना असली है और हमारे साथ जनता का आशीर्वाद है। एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे को बिना नाम लिए बिका हुआ तक कह दिया। एकनाथ शिंदे ने कहा, "हमारी शिवसेना का 59वां स्थापना दिवस है। आज कहीं और भी एक सभा चल रही है। लेकिन यह सभा (हमारी) बालासाहेब के विचारों की है और दूसरी सभा सत्ता के लिए मजबूर और बिका हुआ लोगों की है। असली शिवसेना हमारी है। हमारे पास धनुष-बाण का चिन्ह है और जनता का आशीर्वाद भी। 59 वर्षों में शिवसेना को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।"

**उद्धव ठाकरे पर किया पलटवार**

उद्धव ठाकरे के 'आओ मुझे मारो' वाले बयान पर पलटवार करते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा, "मतलब हम मारेंगे और फिर लौट भी जाएंगे। बाघ की खाल ओढ़ने से कोई बाघ नहीं बनता। ताकत कलाई में होनी चाहिए। सिर्फ मुंह की भाप मत उड़ाओ। हमारे चक्कर में मत पड़ो। तुम्हारी बग्गी पलट दी और घोड़े भाग गए। हम बाला साहेब के सच्चे शिवसैनिक हैं।"

**'जनता ने दिया जवाब'**

डिप्टी सीएम शिंदे ने कहा, 'आज देश में बालासाहेब के विचारों वाली शिवसेना फैल रही है। 7 राज्यों के पदाधिकारी मुझ से मिले हैं और अन्य राज्यों के नेता भी शिवसेना में शामिल होना चाहते हैं। विधानसभा की 3 चुनावों में क्या हुआ। हमने 282 सीटों पर चुनाव लड़ा और 63 सीटें जीतीं। 2019 में 124 सीटों पर लड़े और 54 जीते। 2024 में 80 सीटों पर लड़े और 60 जीते। उबाठा (उद्धव ठाकरे) ने 90 सीटों पर चुनाव लड़ा और सिर्फ 20 जीते। उन्हें हमारे पार्टी के 1/3 वोट भी नहीं मिले। महाराष्ट्र की जनता ने उन्हें जवाब दे दिया। जो सीटें उन्होंने जीतीं, वो भी कांग्रेस की मेहरबानी से। क्योंकि असली शिवसैनिकों ने उबाठा को टाटा-बाय-बाय कह दिया। जनता ने उनकी हालत खराब कर दी।'



**'उनके पास सिर्फ अंहकार'**

उन्होंने ये भी कहा, "हमारे पास आत्मविश्वास है, उनके पास सिर्फ अहंकार। जिस कांग्रेस का बालासाहेब ने विरोध किया था, उसी की गोदी में कुछ लोग सत्ता के लिए बैठ गए। सत्ता के लिए उन्होंने लाचारी अपनाई। बालासाहेब और उनके विचारों के साथ विश्वासघात किया। मराठी मानुष और हिंदुत्व के साथ भी धोखा किया। गिरगिट भी रंग बदलता है, लेकिन इतनी तेजी से रंग बदलने वाला गिरगिट देश ने पहली बार देखा। मुख्यमंत्री पद के लिए जो लोग मजबूर हो गए, वो क्या आगे बालासाहेब के विचारों को लेकर चलेंगे? खुद को वारिस कहने वालों ने ही लाचारी को गले लगाया।"

**'हिंदुओं के साथ नहीं होने देंगे विश्वासघात'**

एकनाथ शिंदे ने ये भी कहा, "कितने उतावले हो गए हैं, मुझसे मुकाबला करने चले हैं? इंसान की हालत कब बदल जाए, कहा नहीं जा सकता। आज जो हालत हुई है, वह सत्ता के मोह और लाचारी का ही नतीजा है। हिंदुओं के साथ अंतिम रक्त की बूंद तक विश्वासघात नहीं होने देंगे।"

## सोमवार से पवई जलाशय से दोबारा होगी पानी सप्लाई

**मुंबई।** पवई निम्नस्तर जलाशय के कप्पा क्रमांक 2 से सोमवार से दोबारा से जलापूर्ति शुरू हो जाएगी। मनपा प्रशासन ने कुर्ला घाटकोपर से लेकर भांडुप टेक रहीवासियों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी है। मनपा जल विभाग ने कहा कि कप्पा क्रमांक 2 के बाद कप्पा क्रमांक 1 का मरम्मत शुरू किया जायेगा। मनपा जल विभाग ने एल वार्ड सहित एन वार्ड और एस वार्ड के रहवासियों को अगले तीन से चार दिन पानी उबाल कर पीने की सलाह दी। मनपा प्रशासन ने जानकारी दी कि बरेली मस्जिद, 90 फुट रोड कुर्ला-अंधेरी मार्ग, जरीमरी, घाटकोपर-अंधेरी लिंक रोड, सावरकर रोड, महात्मा फुले नगर, तानाजी नगर, साकी विहार रोड, मारवाह इंडस्ट्रियल रोड और सत्य नगर पाइपलाइन रोड सहित कुर्ला दक्षिण जलापूर्ति क्षेत्र में काजूपाड़ा, गणेश मैदान, इंदिरा नगर, संगम वसाहत, शास्त्रीनगर, घास कंपाउंड, क्रिश्चन गांव, मसरानी गली, गाजी मिया दरगाह मार्ग, ए. एच. वाडिया मार्ग, वाडिया इस्टेट, एम. एन. रोड, बैलबाजार, संदेश नगर, क्रांति नगर, एल. बी. एस. रोड, कमानी, कल्पना सिनेमा, किस्मत नगर, गफूर खान इस्टेट, संभाजी चौक, न्यू मिल रोड, रामदास चौक, ईगलवाड़ी, अण्णासागर रोड, ब्राह्मण वाड़ी, पटेल वाड़ी, बर्वे मार्ग, बुद्ध कॉलोनी, एल.आई.जी. – एम.आई. जी. कॉलोनी, विनोबा भावे नगर, एच.डी. आई.एल. संकुल, नौपाड़ा, प्रीमियर वसाहत, सुंदरबाग, शिव टेकड़ी, संजय नगर, कपाडिया नगर, रूपा नगर, तकिया विभाग, मॅच फैक्टरी गली, शिवाजी कुटीर गली, टैक्सीमेन वसाहत, इंदिरा नगर, महाराष्ट्र काटा, चाफे गली–चुनाभट्टी, सेवक नगर, विजय नगर और जरीमरी माता मंदिर एंव 'एस' वार्ड के अंतर्गत मोरारजी नगर, भीमनगर, पासपोली गांवठाण, लोक विहार वसाहत और रेनी सेंस होटल परिसर शामिल हैं।

# मराठी नहीं पढ़ाने वाले स्कूलों की मान्यता होगी रद्द: भुसे



■ मनोज दुबे / जितेंद्र मिश्रा

महाराष्ट्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कक्षा 1 से 5 तक त्रिभाषा फार्मूले के तहत मराठी, अंग्रेजी के साथ हिंदी को अनिवार्य बनाने को लेकर विवाद पैदा हो गया था। आखिरकार सरकार ने हिंदी को अनिवार्य बनाने वाला शासनादेश वापस ले लिया। अब छात्र अपनी मर्जी से कोई भारतीय भाषा का चुनाव कर सकेंगे। राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने कहा कि सभी माध्यमों के स्कूल को मराठी भाषा पढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी जाएगी। "हमारा महानगर" से विशेष बातचीत में दादाजी भुसे ने दावा किया कि आगामी स्थानीय निकाय चुनाव में महायुति को एकतरफा जीत हासिल होगी। उन्होंने कहा कि नाशिक जिले के पालक मंत्री का पद का विवाद जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश-

***▸ त्रिभाषा फार्मूला के तहत कक्षा 1 से कक्षा 5 तक मराठी-अंग्रेजी के साथ तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अनिवार्य बनाने के फैसले पर काफी विवाद हुआ, इसे लेकर क्या कहेंगे?***

*सरकार ने तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अनिवार्य बनाने के फैसले को वापस ले लिया है। छात्र अब तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी के अलावा दूसरी भारतीय भाषाएं भी चुन सकते हैं। सभी मीडियम के स्कूलों में मराठी भाषा पढ़ाना अनिवार्य होगा। छात्र जो भी भारतीय भाषा पढ़ना चाहेंगे, उन्हें वह भाषा पढ़ाई जाएगी। शर्त यह होगी कि एक ही क्लास के कम से कम 20 छात्रों को वह भाषा चुननी होगी। इसके बाद उनके लिए शिक्षक की व्यवस्था की जाएगी। यदि 20 से कम छात्र होंगे तो उन्हें ऑनलाइन भाषा सिखाई जाएगी। एक-दो छात्रों के लिए शिक्षक उपलब्ध करना संभव नहीं होगा।*

***▸ कई स्कूल विशेषकर निजी स्कूल सरकारी आदेश का पालन नहीं करते?***

*सभी माध्यम के स्कूलों को मराठी भाषा पढ़ाना अनिवार्य है। जो भी स्कूल इस नियम का पालन नहीं करेगा, उसकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी।*

***▸ आप उत्तर महाराष्ट्र से ताल्लुक रखते हैं, अभी तक नाशिक जिले के पालक मंत्री पद का विवाद सुलझा नहीं है?***

*नाशिक जिले के पालक मंत्री पद को लेकर महायुति में कोई विवाद नहीं है। महायुति के तीनों घटक दल भाजपा, शिवसेना और राकांपा में समन्वय है। नाशिक जिले के पालक मंत्री पद को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार आपस में चर्चा कर निर्णय लेंगे।*

***▸ क्या विधानसभा चुनाव की तरह स्थानीय निकाय चुनाव में महायुति को सफलता मिलेगी?***

*उपमुख्यमंत्री और शिवसेना मुख्य नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पार्टी का जनाधार लगातार मजबूत हो रहा है। राज्य भर में विभिन्न पार्टियों के नेता उनके नेतृत्व को स्वीकार करते हुए शिवसेना में शामिल हो रहे हैं। मुंबई में भी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली यूबीटी के अलावा अन्य दल के नेता, पदाधिकारी, पूर्व नगरसेवक शिवसेना में शामिल हो रहे हैं। शिवसैनिकों को मालूम है कि शिवसेना का भविष्य एकनाथ शिंदे के ही हाथ में है।*

***▸ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पार्टी का जनाधार किस तरह से आगे बढ़ रहा है?***

*बिलकुल, विधानसभा चुनाव की तरह मुंबई मनपा सहित अन्य स्थानीय निकाय चुनाव में महायुति की ही जीत होगी, क्योंकि केंद्र की एनडीए और राज्य की महायुति सरकार के विकास कार्यों को जनता पसंद कर रही है। जनता को यह पता है कि राज्य का विकास महायुति ही कर सकती है, इसलिए जनता मनपा और स्थानीय चुनाव में महायुति को वोट देगी। नाशिक मनपा के चुनाव-में महायुति का भगवा ही लहराएगा, क्योंकि पिछले कुछ साल में नाशिक मनपा में शिवसेना और भाजपा मजबूत हुई है।*

***▸ नाशिक में वर्ष 2027 में सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन होगा, इसे लेकर सरकारी स्तर पर क्या तैयारियां चल रही हैं?***

*नाशिक में होने वाले कुंभ को लेकर सरकार पूरी तरह तैयार है। प्रयागराज की तर्ज पर नाशिक में भी भव्य और दिव्य कुंभ का आयोजन किया जाएगा। देश- विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने से लेकर स्नान की पूरी व्यवस्था की जाएगी। कुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं की आने की संभावना है। इसमें बड़ी संख्या में साधु-संतों के अलावा करोड़ों लोग आएंगे। कुंभ की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस लगातार बैठक कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की व्यवस्था में कोई कमी नहीं रह जाए, इसके लिए सरकार अभी से तैयारियों में जुट गई है।*

MICRO & SMALL ENTERPRISES FACILITATION COUNCIL,C.G.
(Estd. Under MSMED Act 2006)
Directorate of Industries, Chhattisgarh
Udyog Bhawan, Ring Road, No. 1, Telebandha, Raipur (C.G.)

Application No.- CG/05/S/00108/ Raipur, Dated-

:: NOTICE ::

Supplier/Applicant :-
**M/s Aparna Carbons Private Limited**, Plot No.88-90,Village-Jewra Sirsa, Dhamdha Road, Dist-Durg (C.G.) 491001
-V/s-
Buyer/Non-Applicant :-
**KAPS HYGIENE SOLUTIONS,** PLOT NO. 50, PANCHSHEEL INDUSTRIAL ESTATE, VILLAGE-KHARSUNDL, TALUKA - KHALAPUR, RAIGAD-410203

The applicant has supplied/provided material/services to Non-applicant whereas Non-applicant has not paid the balance amount of Rs. 6,14,142/-. The applicant has submitted application/ reference under section 18(1) of the MSMED Act, 2006 before Micro and Small Enterprises Facilitation Council, Chhattisgarh. The Case is fixed for **26-06-2025 at 11:00 am, Directorate of Industries, Udyog Bhawan, Ring Road No. 01, Telibandha, Raipur (C.G.)** for hearing. The Non-applicant is hereby intimated to appear on said date for hearing along with neccesary documents/reply. If Non-applicant fails to appear before council on said date for hearing, the council may pass ex-parte award/order for which the Non-applicant would be responsible himself.

Assist. Director of Industries, MSEFC

# पहाड़ी पर बसी झोपड़ियों की सुरक्षा को लेकर लगेगी जाली

## 10 स्थानों पर जालियां लगाने का काम शुरू

**मुंबई।** पहाड़ी ढलानों पर मुंबई के शहर और उपनगरों में कई जगहों पर झोपड़ियां बनी हुई हैं। मानसून के दौरान भूस्खलन की घटनाएं घटती रहती है,जिससे बड़े पैमाने पर जीवित हानि घटती रहती है जिसमें नागरिकों को जान गंवानी पड़ती है। इन घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य सरकार ने भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां सुरक्षात्मक दीवारें बनाने की जिम्मेदारी म्हाडा के झोपड़पट्टी सुधार मंडल और



सार्वजनिक निर्माण विभाग को सौंपी है। राज्य सरकार के निर्देश पर 9 मीटर तक की सुरक्षा दीवारों का काम झोपड़पट्टी सुधार मंडल द्वारा किया जा रहा है, जबकि 9 मीटर से ऊंची सुरक्षा दीवार बनाने का काम सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। सुरक्षा जाली लगाने के लिए लगने वाली निधि जिला नियोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। बता दें कि मुंबई शहर और उपनगरों में कुल 249 भूस्खलन संभावित क्षेत्र हैं,जिनमें से 85 स्थानों पर सुरक्षात्मक दीवारों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वर्तमान में 14 स्थानों पर निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि 100 स्थानों पर काम शुरू करने की प्रक्रिया शुरू है।

# अंडरट्रायल कैदियों को मिल रही कानूनी मदद

### फडणवीस की पहल पर शुरू हुआ उपक्रम

### 20 हजार विचाराधीन कैदियों को मिला लाभ



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर विचाराधीन कैदियों की मदद के लिए वर्ष 2018 के शुरू किए गए कानूनी सहायता पहल का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन जारी है। इस पहल का अब तक 20 हजार विचाराधीन कैदियों को लाभ हुआ है। इनमें से लगभग 9 हजार यानी 45 प्रतिशत कैदियों को विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से रिहा किया गया है। यह देश में अपनी तरह का पहला उपक्रम है। इस उपक्रम की विशेष बात यह है कि केंद्र सरकार ने भी इसे राष्ट्रीय स्तर पर अपनाया है और इसके क्रियान्वयन के लिए आर्थिक प्रावधान भी किया है। प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया रिपोर्ट 2021 के अनुसार भारत की जेलों में औसत कैदी दर 130% है, जिसमें लगभग 77% कैदी विचाराधीन (अंडर ट्रायल) होते हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पहल कर उद्योगपति अजीम प्रेमजी से चर्चा की और उनके फाउंडेशन के साथ समझौता कर देश का पहला कानूनी सहायता उपक्रम शुरू किया। कई बंदी आज भी केवल इस कारण से जेल में हैं, क्योंकि उन्हें कानूनी प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है या वे जमानत की राशि नहीं चुका सकते।

महाराष्ट्र शासन
सार्वजनिक बांधकाम विभाग मालेगाव जि. नाशिक
ऑनलाईन ई-निविदा सुचना क्रमांक 11 सन 2025-2026 (प्रथम प्रसिध्दी)

महाराष्ट्र राज्याच्या राज्यपालांच्या वतीने कार्यकारी अभियंता सा. बां. विभाग मालेगाव रावळगांव रोड, मालेगावं कॅम्प जि. नाशिक (दूरध्वनी क्रमांक ०२५५४ २५१९१२) हे सविस्तर निविदा सुचनेत समाविष्ट कामांच्या ब-१ नमुन्यातील ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) महाराष्ट्र शासनाकडील योग्य त्या वर्गातील (सार्वजनिक बांधकाम विभागाकडील) नोंदणीकृत ठेकेदारांकडून मागवित आहेत, निविदा कागदपत्र शासनाच्या संकेतस्थळ https://mahatenders.gov.in येथुन डाऊनलोड करण्यात यावी. तसेच निविदा स्विकारणे अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता सा. बां. विभाग मालेगाव यांनी राखुन ठेवलेला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

निविदा सुचनेत **एकुण 01 (एक) काम रुपये 50.00 लक्षच्या आतील** समाविष्ट असुन या निविदा सुचनेची संपुर्ण माहिती (तपशील) खालील प्रमाणे संकेत स्थळावर उपलब्ध करुन देण्यात आलेला आहे.

1) www.mahapwd.com 2) https://mahatenders.gov.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| कोऱ्या निविदा विक्री व बीड सबमीशन दिनांक व वेळ | 20/06/2025 11:05 पासुन | ते | 27/06/2025 17:00 पर्यंत |

टिप

1 ई निविदेची किंमत (ना परतावा) व इसारा / बयाणा रक्कम फक्त ऑनलाईन पध्दतीनेच स्विकारली जाईल.

2 सर्व पात्र / इच्छुक निविदा करांनी निविदा पत्र डाऊनलोड करण्यासाठी व निविदा प्रक्रीयेत भाग घेण्यासाठी इ-निविदा प्रणालीच्या वेबसाईट https://mahatenders.gov.in या पोर्टवर एनरोल्ड करणे आवश्यक आहे.

सर्व नोंदणीकृत ठेकेदारांनी नोंद घ्यावी.

जा. क्र. जिमाका-नाशिक ६२/२०२५-२६
जिल्हा माहिती कार्यालय, वकीलवाडी, नाशिक
दिनांक १९/०६/२०२५

सही/-
(एस. ए. शिंदे)
कार्यकारी अभियंता
सार्वजनिक बांधकाम विभाग मालेगाव

NOTICE

Notice is hereby given that Smt. Nasreen Bano Shaikh (the deceased) alongwith Smt. Afroz Bano & Smt. Abida Bano was holding, Bldg No. 4/B, Flat No. 43, Bombay Taximen's CHS Ltd., L.B.S. Marg, Kurla West, Mumbai-400070. died on 08/09/2012 without making any nomination.

The Society hereby invites claims or objections from the heir or heirs or other claimants/ objector or objectors to the transfer of the said shares and interest of the deceased Member in the capital/ property of the Society within a period of from the publication of this notice, with copies of such documents and other proofs in support of his/her/their claims/ objections for transfer of shares and interest of the deceased Member in the capital/ property of the Society. If no claims/ objections are received within 15 days, the Society shall be free to deal with the shares and interest of the deceased Member in the capital/ property of the Society in such manner as is provided under the Bye-laws of the Society. The claims/objections, if any, received by the Society for transfer of shares and interest of the deceased Member in the capital/ property of the Society shall be dealt with in the manner provided under the Bye-laws of the Society. A copy of the registered Bye-laws of the Society is available for inspection by the claimants/objectors, in the office of the Society/ with the secretary of the Society between11.00 A. M. to 4.00 P.M. from the date of publication of the notice till the date of expiry of its period.

For and on behalf of
**Bombay Taximen's CHS Ltd.**
**Sd/- Hon. Secretary**
Place: Mumbai Date: 20.06.2025

# 24.96 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त



**मुंबई।** मुंबई कस्टम्स ज़ोन-III के अधिकारियों ने ड्रग तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMI) पर की गई कार्रवाई में अधिकारियों ने दुबई जा रहे यात्री के पास से सवा करोड़ रुपये के हीरे और विदेशी मुद्रा जब्त की है. इसके साथ ही थाईलैंड से तस्करी कर लाए गए 24.96 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजे को जब्त किया है, जिसकी अवैध बाजार कीमत लगभग 24.66 करोड़ रुपये आंकी गई है. मुंबई कस्टम्स ज़ोन-III के अधिकारियों ने विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMI) पर एक भारतीय नागरिक को 17 जून 2025 को दुबई जाने से पहले इंडिगो फ्लाइट नंबर 6E 1511 से रवाना होने के दौरान रोका।

# गूगल पे अपडेट करने के नाम पर धोखाधड़ी, टेलर को लगाया चूना

**मुंबई।** गूगल पे का कर्मचारी बनकर आये शख्स ने एक टेलर स्व धोखाधड़ी कर ली। मामले में वीबी नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार किये गए आरोपी का नाम इमान इलियास खान है, जो विक्रोली पार्कसाइट के अंबिकानगर का रहनेवाला है। 15 जून की रात को वह कुर्ला पश्चिम के हाल रोड स्थित काजमीन टेलर्स दुकान में पहुंचा।




पीड़ित 45 वर्षीय मैइनुद्दीन सज्जाद अंसारी अपनी दुकान में फोनपे के ज़रिए भुगतान लेते हैं, जो उनके बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से जुड़ा है। रात 8:10 बजे आरोपी दुकान में आया और अंसारी से पूछा कि क्या उनकी डिजिटल पेमेंट सेवा अपडेट है।

# शिवाजी पार्क परिसर में अवैध निर्माणों को मनपा ने किया जमीदोज

## खुली सांस ले रहा शिवाजी पार्क परिसर

**मुंबई।** शिवाजी पार्क क्षेत्र में सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण के लिए मनपा जी नॉर्थ वार्ड के विभिन्न विभागों द्वारा उठाए गए कदम से शिवाजी पार्क परिसर अधिक स्वच्छ, व्यवस्थित और आकर्षक बन गया है। मनपा की ओर से शिवाजी पार्क परिसर खुली सांस ले रहा है इस तरह की बात स्थानीय रहवासियों ने दी।

शिवाजी पार्क के स्काउट गाइड सभागृह द्वारा परिसर के सौंदर्य पर हुआ आघात अब काफी हद तक समाप्त हो गया है। मनपा जी नॉर्थ




वार्ड द्वारा गंदे हरे कपड़े हटा दिए गए हैं और मुख्य भाग में लगी ग्रिल के पीछे का कबाड़ और प्लास्टिक भी साफ कर दिया गया है। इससे इमारत को खुली हवा मिल रही है और पूरा परिसर स्वच्छ और साफ-सुथरा नजर आ रहा है। मनपा की कार्रवाई से अब इस परिसर में खुले में खाना नहीं पका सकेगा,जिससे दुर्गंध और बिमारियों पर रोक लगेगी मनपा की कार्रवाई के बाद अवैध फेरीवालों पर भी लगाम लगेगी। इसी तरह बंगाल क्लब के सामने के हिस्से में स्वच्छता का एक नया वातावरण तैयार किया गया है। पहले वहां कुछ लोग निवास कर रहे थे जो कपड़े सुखाने के लिए सामने के भाग का उपयोग करते थे। वहां किचन फ्रिज और अन्य व्यवस्था की गई थी।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

के.ई.एम. अस्पताल, परेल, मुंबई - 400012

ई-निविदा सूचना

क्र.: केईएमएच/1713/एईएमई दिनांकः 19.06.2025

यह एक ई-निविदा सूचना है. बृहन्मुंबई महानगरपालिका निम्नलिखित कार्य के लिए "आइटम दर आधार " पर ई-निविदाएं आमंत्रित करती हैः

| अ. क्र. | कार्य का नाम | बयाना रकम जमा – ₹ | बोली की आरंभिक तिथि एवं समय | बोली की समापन तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | सीवीटीसी बिल्डिंग, के.ई.एम. अस्पताल में एमजीपीएस फैसिलिटी एरिया हेतु निष्पादन योग्य सम्बद्ध कार्य. **निविदा आईडी – 2025_एमसीजीएम_1191785_1** | 20000/- @ 1% | 21.06.2025 (17.00 बजे) | 28.06.2025 (17.00 बजे) |
| 2 | के.ई.एम. अस्पताल में विभिन्न विभागों में एसएसी प्रदान करना और स्थापित करना. **निविदा आईडी – 2025_एमसीजीएम_1191787_1** | 20000/- @ 1% | 21.06.2025 (17.00 बजे) | 28.06.2025 (17.00 बजे) |
| 3 | पात्रता मापदंड (लिफाफा ए) | 30.06.2025 | 17.30 बजे | |
| 4 | तकनीकी बोली (लिफाफा बी) | 30.06.2025 | 17.45 बजे | |
| 5 | वाणिज्य बोली (लिफाफा सी) | अनुसूची के अनुसार | | |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए (http://mahatender.gov.in) का अवलोकन करें. निविदाकर्ता ध्यान दें कि उक्त निविदा सूचना के संबंध में जारी कोई भी शुद्धिपत्र केवल (http://mahatender.gov.in) पोर्टल पर ही प्रकाशित किया जाएगा. स्थानीय समाचार पत्रों में कोई शुद्धिपत्र प्रकाशित नहीं होगा.

**निविदा दस्तावेज डाक से जारी अथवा स्वीकार नहीं किए जाएंगे.**

हस्ता./-
पीआरओ/732/विज्ञा./2025-26 डीन (के.ई.एम. अस्पताल)

अपनी मर्जी से दवाईयां कभी ना लें

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

निविदा सूचना

**सं 01. निविदा सूचना सं. वरि. म. सा. प्र. / द.पु.म.रे./रायपुर निविदा सं 96255414**
**कार्य का नाम** : आरडीएसओ विशिष्टता संख्याः आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107/2018 Ver2.1 या नवीनतम संस्करण के अनुसारः **5 watt वीएचएफ डिजिटल वॉकी टॉकी सेट की आपूर्ति।** यह सेट बिना की पैड ओर बिना डिस्प्ले के होना चाहिए (आरडीएसओ विनिर्देश के क्रम संख्या 2.3 (ब) के अनुसार ) और निम्नलिखित विशिष्टताओं का भी पालन करना चाहिएः **आवृतिः** पूर्ण बैंड आवृति यानि 146 मेगाहर्ट्ज से 174 मेगाहर्ट्ज। **बैटरी प्रकार** : लिथियम आयन, न्यूनतम क्षमता 2300 mAh **घटकः** प्रत्येक सेट में एक संगत बैटरी (2300 mAh की न्यूनतम क्षमता के सात लिथियम आयन), बैटरी चार्जर, एंटेना, एक उपयुक्त बेल्ट क्लिप और एक अतिरिक्त बैटरी के साथ एक वीएचएफ सेट शामिल होना चाहिये। (लिथियम आयन न्यूनतम क्षमता 2300 mAh के साथ) वीएचएफ़ सेट के साथ संगत। **वारंटीः** ओईएम की वारंटी अवधि रेडियो सेट की आपूर्ति की तारीख से 5 वर्ष और बैटरी चार्जर के लिए न्यूनतम 1 वर्ष होना चाहिये। **मेक/मॉडलः-** मोटोरोला डिजिटल XIRP 6600i या इसी के समान। निरीक्षण खंडः माँगपत्र में उल्लेखित शर्त के अनुसार।
**निविदा समाप्ति तिथिः** 14/07/2025, सुबह 10:30 बजे
1) निविदा दस्तावेज़ वैबसाइट (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध है और वहीं से डाउनलोड भी किया जा सकता है।
2) निविदा अनुबंध से संबन्धित अन्य पूछताछ के लिए वरि.म. सा.प्र./द.पु.म.रे./रायपुर कार्यालय डी आर एम कॉम्प्लेक्स नियर आर वी एच कॉलोनी, डब्लू आर एस, रायपुर पिन /मोब. 0771-2252258/9752877770 से कार्यालयीन समय प्रातः 9:30 से 6:00 शाम (सोमवार से शुक्रवार )। संपर्क करे।
म. सा. प्र. /वि. लो.शे./बी.आई.ए
PR/R/DMM(ELS/BIA)/AAA/68 द.पू.म.रेलवे, रायपुर
South East Central Railway @secrail

# राज्य में फिर डिनर डिप्लोमेसी की शुरुआत

## उद्धव ठाकरे का सांसदों और विधायकों को रात्रिभोज का आमंत्रण

**मुंबई।** राज्य में एक बार फिर डिनर डिप्लोमेसी की शुरुआत हो गई है। मुंबई मनपा और स्थानीय चुनाव को लेकर एक्टिव उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने शुक्रवार 20 जून की रात को ताज होटल में पार्टी के विधायकों और सांसदों को खास डिनर पर बुलाया है। मिली जानकारी के अनुसार ठाकरे ने इस डिनर के लिए सभी विधायकों और सांसदों से एक - एक कर चर्चा करेंगे। स्थानीय चुनाव को देखते हुए उद्धव विधायकों और सांसदों की यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उद्धव अपने पार्टी के सांसद और विधायकों को डिनर पर मनपा और स्थानीय चुनाव को लेकर रणनीति के तहत चर्चा करेंगे। मुंबई मनपा का चुनाव उद्धव और उनकी पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। इसलिए ठाकरे को मुंबई मनपा का चुनाव हर हाल में जितना है। इसलिए उद्धव ठाकरे ने विधायकों और सांसदों से चुनाव पर चर्चा करने के लिए उन्हें डिनर पर बुलाया है। मुंबई मनपा के अलावा ठाकरे और उनकी पार्टी के लिए ठाणे, छत्रपति संभाजीनगर, नाशिक जैसी नगरपालिकाएं भी महत्वपूर्ण होंगी। ठाकरे विधायकों और सांसदों के साथ डिनर डिप्लोमेसी पर उनका मार्गदर्शन करेंगे। सूत्रों का कहना है कि उद्धव ठाकरे की पार्टी के कई विधायक और एक या दो सांसद एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होने वाले हैं। जिसे रोकने के लिए उद्धव ठाकरे ने डिनर डिप्लोमेसी को चुना है।

## मुनीर और ट्रंप की जुगलबंदी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ दोपहर का भोज करके पूरी दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि पाकिस्तान में सरकार नहीं बल्कि सेना ही असली ताकत रखती है। ट्रंप ने जिस तरह से असीम मुनीर को खाना खिलाते समय कहा कि मुझे पाकिस्तान से प्यार है उससे यह भी संकेत मिले कि अमेरिकी राष्ट्रपति के मन में कुछ बड़ा चल रहा है। हम आपको बता दें कि ईरान पर हमला करने की तैयारी कर चुका अमेरिका चाहता है कि पाकिस्तान उसकी मदद करे। हम आपको याद दिला दें कि अफगानिस्तान में तालिबान शासन को उखाड़ने के लिए भी अमेरिका ने पाकिस्तान को अपना बेस बनाया था। चूंकि ईरान की सीमाएं भी पाकिस्तान के साथ लगती हैं इसलिए अमेरिका चाहता है कि पाकिस्तान एक बार फिर उसे अपना बेस वहां बनाने दे ताकि उसके लड़ाकू विमान वहीं से उड़ान भर सकें। अमेरिका जानता है कि पाकिस्तान में इस बात की इजाजत वहां की सरकार नहीं बल्कि सेना ही दे सकती है इसलिए मुनीर को लंच पर बुलाया गया। इसके अलावा इजराइल भी चाहता है कि ईरान को किसी भी मुस्लिम देश की मदद नहीं मिले, इसके लिए उसने अमेरिका से पाकिस्तान को समझाने के लिए कहा था। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान और इजराइल के बीच राजनयिक संबंध नहीं हैं और हाल ही में पाकिस्तान ने ईरान पर हुए इजराइली हमलों की निंदा की है इसलिए ट्रंप यह सुनिश्चित कर रहे थे कि पाकिस्तान ईरान की मदद के लिए आगे नहीं आये। इसके अलावा ट्रंप का एक और गेम प्लान यह था कि वह मुनीर को लंच कराने के दौरान उनकी भेंट भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करवा दी जाये, लेकिन मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति की यह चाल समझ गये थे इसलिए उन्होंने कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका में कुछ समय रुकने का उनका आग्रह ठुकरा दिया था। मोदी समझ गये थे कि यदि ट्रंप ने अचानक उनकी और मुनीर की भेंट करवा कर दुनिया के सामने फिर से यह दावा कर दिया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सुलह करवा दी है तो उनके लिए घरेलू राजनीतिक मोर्चे पर नई मुश्किल खड़ी हो जायेगी। जहां तक ट्रंप और मुनीर के लंच की बात है तो बताया जा रहा है कि पहला निवाला मुंह में डालते ही मुनीर के होश उड़ गये क्योंकि वह कट्टरपंथी स्वभाव के हैं इसलिए उन्हें यह बात रास नहीं आई कि वह ईरान का साथ देने की बजाय इजराइल को अपना मिशन पूरा करते हुए देखें। मुनीर को ट्रंप की रोटी खाते ही यह बात समझ आ गयी कि दुनिया में कोई भी फ्री में कुछ नहीं खिलाता। वैसे भी ट्रंप राजनीतिज्ञ कम,व्यापारी ज्यादा हैं और उन्हें पता है कि पाकिस्तान के किसी भी सेनाध्यक्ष को मुंहमांगी कीमत देकर आसानी से खरीदा जा सकता है। यही काम ट्रंप ने किया और मुनीर को अपने पाले में कर लिया। वैसे, अमेरिकी राजनीति के इतिहास में यह दुर्लभ ही नहीं बल्कि अभूतपूर्व घटना है कि कोई अमेरिकी राष्ट्रपति किसी विदेशी सैन्य प्रमुख को लंच पर बुलाए। हालांकि अयूब खान, जिया-उल-हक और परवेज़ मुशर्रफ जैसे पाकिस्तानी सैन्य नेताओं ने अतीत में अमेरिकी राष्ट्रपतियों से मुलाकात की थी, लेकिन उन्होंने यह मुलाकात तब की थी जब वे सैन्य तख्तापलट के बाद पाकिस्तान के नेता बन गए थे। हम आपको यह भी बता दें कि ज़िया-उल-हक और मुशर्रफ ने भी अमेरिका से अरबों डॉलर की सैन्य सहायता और अनुदान प्राप्त करने के लिए पाकिस्तान को एक "किराए की सेना" में बदल दिया था। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में भी कहा गया है कि ट्रंप की इस पहल को मुनीर को पाकिस्तान का वास्तविक नेता मानने के तौर पर देखा जा रहा है। साथ ही ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिका ईरान में अपने संभावित हमलों के लिए मुनीर का समर्थन प्राप्त करना चाहता है। इसके साथ ही अमेरिका और इज़राइल यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ईरान इस्लामी दुनिया में अलग-थलग रहे और उसे पाकिस्तान का समर्थन नहीं मिले। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ट्रंप की अजीबो-गरीब नीतियों को देखते हुए,यह भी संभव है कि मुनीर को चेतावनी दी गई हो कि अगर इस्लामाबाद ने ईरान का समर्थन किया तो परिणाम भुगतने होंगे। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान की सरकार ने इज़राइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों की निंदा की है और उन्हें "ईरान की संप्रभुता का खुला उल्लंघन" और "अनुचित तथा अवैध आक्रामकता" बताया है। एक रोचक तथ्य यह भी है कि वैसे तो मुनीर कट्टर इस्लामवादी माने जाते हैं, मगर उनके बारे में अमेरिका में रहने वाले इमरान खान की पीटीआई पार्टी के समर्थकों का आरोप है कि वह इज़राइल समर्थक हैं और अमेरिका-इज़राइल की ईरान के खिलाफ कार्रवाई का समर्थन कर रहे हैं ताकि पाकिस्तान एकमात्र इस्लामी परमाणु शक्ति बना रहे। हम आपको बता दें कि पीटीआई कार्यकर्ताओं ने ही सबसे पहले मुनीर की अमेरिका में गुप्त यात्रा का खुलासा किया था और आरोप लगाया था कि उन्होंने वॉशिंगटन डीसी में एक इज़राइल समर्थक लॉबी समूह AIPAC की बैठक में भाग लिया। उन्होंने उनके अमेरिकी सहयोगी साजिद तारार को "इज़राइल का कट्टर समर्थक और फिलिस्तीनी व ईरानी मुसलमानों का दुश्मन" बताया था। जहां तक ट्रंप और मुनीर के लंच के बाद आये अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान की बात है तो आपको बता दें कि उन्होंने कहा है कि "मुझे पाकिस्तान से प्यार है"। साथ ही उन्होंने यह दावा किया है कि मुनीर ने भारत के साथ एक विनाशकारी युद्ध को टाल दिया। ट्रंप ने कहा, मुनीर इस युद्ध को पाकिस्तान की ओर से रोकने में बेहद प्रभावशाली था। यह भी कहा जा रहा है कि मुनीर को अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से लंच का निमंत्रण उस समय आया जब उन्होंने ट्रंप को भारत-पाक परमाणु युद्ध को रोकने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित किए जाने की सिफारिश की। यह भी बताया जा रहा है कि यह लंच मीटिंग पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तारार के प्रयासों से आयोजित हुई, जो ट्रंप के लंबे समय से समर्थक और "अमेरिकन मुस्लिम्स फॉर ट्रंप" समूह के संस्थापक हैं।

**कटाक्ष** | सुरेश मिश्र

*मोदी कुछ भी बोलते, उसका करें विरोध*
*अच्छा है या फिर बुरा, करें न इस पर शोध*
*करें न इस पर शोध, विपक्षी गण चिंचियाएं*
*बार-बार रायता मीडिया में फैलाएं*
*कह सुरेश सच को भी झूठ कहें अवरोधी*
*दे मुनीर को लंच ट्रंप, पर, कारण मोदी*

# जी-7 में सुधरते दिखे भारत-कनाडा रिश्ते

**नरेंद्र मोदी को जी-7 सम्मेलन में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया- यह संबंधों को सामान्य करने की दिशा में एक सोच-समझी पहल थी। एक दशक बाद नरेंद्र मोदी कनाडा की यात्रा पर गये। सम्मेलन के इतर दोनों नेताओं की मुलाकात भले सुर्खियां न बटोर पायी हों,पर इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए- जैसे ओटावा और नयी दिल्ली में उच्चायुक्तों की बहाली और व्यापार वार्ताओं तथा संवाद तंत्रों की पुनः शुरुआत. जी-7 सम्मेलन वैश्विक अनिश्चितता के साये में हुआ है।**

कनाडा में संपन्न हुआ जी-7 शिखर सम्मेलन भले विश्व की ज्वलंत भू-राजनीतिक चुनौतियों पर कोई बड़ा समाधान नहीं निकाल पाया, पर इसने भारत और कनाडा को अपने तनावपूर्ण संबंधों को चुपचाप सुधारने का महत्वपूर्ण कूटनीतिक अवसर जरूर दिया. करीब दो वर्षों तक दोनों देशों के रिश्ते सिख अलगाववादी और कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद, जिन्हें भारत ने आतंकी घोषित किया था, तनावग्रस्त थे. जब कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने संसद में आरोप लगाया कि निज्जर की हत्या में भारत सरकार की 'विश्वसनीय संलिप्तता' के संकेत हैं, तो वह बयान द्विपक्षीय संबंधों में अभूतपूर्व ठहराव का कारण बना.कनाडा ने भारतीय राजनयिकों को निष्कासित किया, तो भारत ने भी जवाबी कार्रवाई में अपने राजनयिक वापस बुला लिये और वीजा सेवाएं स्थगित कर दीं. आपसी तनाव केवल निज्जर की हत्या के आरोपों तक सीमित नहीं था, भारत को यह भी लगने लगा था कि कनाडा खालिस्तानी उग्रवाद के प्रति उदार रवैया अपना रहा है. परंतु अब ओटावा में नयी नेतृत्व व्यवस्था और बदलते वैश्विक परिदृश्य के साथ दोनों देश सतर्क व्यावहारिकता के साथ आगे बढ़ने को तैयार नजर आ रहे हैं। मार्च, 2025 में प्रधानमंत्री बनने के बाद अनुभवी अर्थशास्त्री और पूर्व केंद्रीय बैंकर मार्क कार्नी ने कम टकरावपूर्ण लहजे और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की मरम्मत पर जोर देने की नीति अपनायी. उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जी-7 सम्मेलन में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया- यह संबंधों को सामान्य करने की दिशा में एक सोच-समझी पहल थी। एक दशक बाद नरेंद्र मोदी कनाडा की यात्रा पर गये। सम्मेलन के इतर दोनों नेताओं की मुलाकात भले सुर्खियां न बटोर पायी हों,पर इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए- जैसे ओटावा और नयी दिल्ली में उच्चायुक्तों की बहाली और व्यापार वार्ताओं




तथा संवाद तंत्रों की पुनः शुरुआत. जी-7 सम्मेलन वैश्विक अनिश्चितता के साये में हुआ है. यूक्रेन युद्ध, ईरान-इस्राइल तनाव, भारत-पाक तनाव और अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों से जुड़ी आर्थिक अस्थिरता ने सम्मेलन को किसी भी बड़े निर्णय से दूर रखा. अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की समयपूर्व वापसी और उनका यह बयान, कि रूस और यहां तक कि चीन को जी-7 में शामिल करने पर विचार होना चाहिए, जी-7 की लोकतांत्रिक पहचान से टकराता नजर आया.इस बीच भारत-कनाडा के बीच हुई खामोश कूटनीतिक प्रगति सम्मेलन की ठोस उपलब्धियों में रहीं. बैठक में मोदी और कार्नी के बीच यह सहमति बनी कि दोनों देश 'अर्ली प्रोग्रेस ट्रेड एग्रीमेंट' पर वार्ता फिर शुरू करेंगे और व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीइपीए) पर भी चर्चा आगे बढ़ायेंगे. स्वच्छ ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, खाद्य सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग को विस्तार देने पर सहमति बनी. उच्च शिक्षा और पेशेवरों व छात्रों की आवाजाही को आसान बनाने पर भी विचार हुआ. आर्थिक दृष्टिकोण से दोनों देशों के साझा हित काफी बड़े हैं. वर्ष 2024 में इनका आपसी वस्तु व्यापार 8.6 अरब डॉलर तक पहुंचा, जबकि सेवा व्यापार- विशेषकर शिक्षा क्षेत्र में- 14 अरब डॉलर से अधिक रहा। भारत और कनाडा बेशक संबंध सुधारने की कोशिश में हैं, पर निज्जर की हत्या का मुद्दा एक संवेदनशील छाया की तरह बना हुआ है और इस मामले में कनाडा की खुफिया एजेंसी की आगामी रिपोर्ट नयी चुनौतियां उत्पन्न कर सकती है. प्रधानमंत्री कार्नी ने एक संवाददाता सम्मेलन में इस मुद्दे को 'सूक्ष्म कानूनी मामला' बताया और इसे सावधानीपूर्वक संभालने की जरूरत जतायी. उन्होंने ट्रूडो की तरह सीधे आरोप नहीं लगाये, पर ट्रांसनेशनल उत्पीड़न पर ध्यान देने और कानून प्रवर्तन सहयोग बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित किया. यद्यपि निज्जर मामले का उल्लेख संयुक्त बयान में नहीं किया गया, पर जी-7 की संयुक्त घोषणा में विदेशों में असंतुष्टों के खिलाफ राज्य प्रायोजित कार्रवाई की निंदा की गयी, जिसे कनाडा परोक्ष संदेश के रूप में उपयोग कर सकता है. भारत ने हमेशा इन आरोपों को खारिज किया है. भारत का मानना है कि कनाडा ने उन उग्रवादी तत्वों के खिलाफ पर्याप्त कार्रवाई नहीं की, जो भारत की संप्रभुता को चुनौती देते हैं. नयी दिल्ली ने दोनों देशों को 'उद्यमी लोकतंत्र' बताया है और आपसी सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर संबंधों के पुनर्निर्माण की जरूरत पर बल दिया है. प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 के मंच का उपयोग द्विपक्षीय कूटनीति के साथ वैश्विक संदेश को मजबूती देने के लिए भी किया. उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के चयनात्मक पालन से विश्व व्यवस्था कमजोर होती है. उन्होंने उन देशों की आलोचना की, जो आतंकवाद को समर्थन देते हैं, पर जवाबदेही से बच जाते हैं. उन्होंने जी-सात नेताओं से ग्लोबल साउथ की चिंताओं को गंभीरता से लेने का आह्वान किया- खासकर वैश्विक व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और वित्तीय न्याय के मुद्दों पर. मोदी का संदेश स्पष्ट था, वैश्विक शासन को अधिक समावेशी बनाना होगा, जबकि आतंकवाद के मुद्दे पर सुविधाजनक रवैया इस प्रयास को कमजोर करता है. जी-7 का सदस्य न होने के बावजूद मोदी की सक्रिय भागीदारी ने भारत की बढ़ती कूटनीतिक हैसियत को फिर रेखांकित किया है. वर्ष 2019 से भारत लगातार जी-7 के सत्रों में आमंत्रित होता आ रहा है. इस बार मोदी ने फ्रांस, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और इटली के नेताओं से द्विपक्षीय बैठकें कीं, जिनमें व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती, डिजिटल परिवर्तन और हरित ऊर्जा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई. वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत ने खुद को पश्चिम और ग्लोबल साउथ के बीच सेतु के रूप में पेश किया. भारत–कनाडा संबंधों का भविष्य केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति पर नहीं, न्यायिक प्रक्रियाओं को राजनयिक और आर्थिक सहयोग से अलग रखने की क्षमता पर भी निर्भर करेगा. यदि कनाडा की खुफिया रिपोर्ट में भारत को कठघरे में खड़ा किया गया, तो स्थिति फिर बिगड़ सकती है. पर यदि दोनों देश संवाद और संयम के माध्यम से मतभेद मिटाने की दिशा में प्रतिबद्ध रहते हैं, तो मौजूदा सामंजस्य स्थायी पुनर्निर्माण में बदल सकता है. संघर्ष और भ्रम से घिरे शिखर सम्मेलन में भारत और कनाडा ने दिखाया कि कूटनीति अब भी अतीत को पीछे छोड़ने की शक्ति रखती है. यह भले इतिहास को मिटा नहीं सकती, पर नया अध्याय अवश्य शुरू कर सकती है। मौजूदा वैश्विक माहौल में यह छोटी उपलब्धि नहीं है।

## महिलाओं का हिंसक रूप डर पैदा कर रहा है

राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस ने सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज कुशवाह का आमना-सामना करवाया और इसके बाद सोनम रघुवंशी ने यह कबूल कर लिया कि वो अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या में शामिल थी। आजकल यह हत्याकांड पूरे मीडिया में छाया हुआ है । इसे लेकर सोशल मीडिया में यह मुहिम चलाई जा रही है कि शादी के बाद पति के लिए जिंदा रहना बड़ी बात है। हनीमून पर पत्नी के साथ बाहर जाना खतरे से खाली नहीं है । इसकी कोई गारंटी नहीं है कि आप हनीमून से वापिस आ जायें। अभी कुछ दिन पहले सोशल मीडिया में नीले ड्रम का डर फैलाया जा रहा था और अब उसकी जगह हनीमून ने ले ली है । सोशल मीडिया में नीले ड्रम के हजारों मीम घूम रहे थे और आज हनीमून के घूम रहे हैं । कई लोगों ने तो पुलिस में शिकायत दे दी कि उनकी पत्नी नीले ड्रम में बंद करने की धमकी दे रही है । राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी की शादी के वीडियो वायरल करके बताया जा रहा है कि राजा रघुवंशी शादी में कितना खुश था । सवाल यह है कि कितनी ही लड़कियां अपनी शादी में बहुत खुश होती हैं लेकिन ससुराल में जाकर उनको प्रताड़ित होना पड़ता है । पुरुषों द्वारा अपनी पत्नी की हत्या करना या उनका उत्पीड़न करना सामान्य घटना है । इन घटनाओं के बाद कभी नहीं कहा जाता कि महिलाएं शादी के बाद जिंदा रहेंगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है । इन घटनाओं के कारण ही महिलाओं का उत्पीड़न रोकने के लिए कई कानून बनाए गए हैं जो कि एकतरफा उनका पक्ष लेते हैं और पुरूषों की सुनवाई नहीं होती । बेशक महिलाओं द्वारा अपने पतियों के हत्या करने की घटनाएं कम हों लेकिन ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं । ये पुरूषों के द्वारा की जाने वाली घटनाओं से बहुत कम हैं तो उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती । सरकार को इस तरफ ध्यान देना होगा कि जैसे पुरुषों को सजा मिलती है, वैसे ही इन मामलों में महिलाओं को भी सख्त सजा दी जाये । पहले मेरठ की मुस्कान और अब इंदौर की सोनम के बारे में कहा जा रहा है कि अपने अच्छे भले पतियों को



छोड़कर उन्होंने उनसे हर मामले में कमतर प्रेमियों को चुना और उनके लिए अपने पतियों की हत्या कर दी । इसका भी सोशल मीडिया में मजाक बन रहा है कि आजकल लड़कियों के लिए लड़को की शक्ल-सूरत, घर-परिवार और रोजगार महत्वपूर्ण नहीं रह गया है. उनकी पसंद बदल गयी है । लोग भूल गए हैं कि आज भी ज्यादातर शादी के मामलों में लड़की की पसंद-नापसंद की अनदेखी की जाती है। इन घटनाओं से यह सीख तो मिलती है कि अब कानूनों को महिलाओं के लिए बनाने की जगह जेंडर न्यूट्रल बनाने की जरूरत है । जो काम पुरुषों द्वारा किया जा रहा था अब वो महिलाओं द्वारा भी किया जाने लगा है इसलिए अपराधियों को सजा देते समय लिंग के आधार पर भेदभाव बंद होना चाहिए। अब समाज और कानून को इस धारणा से बाहर आने की जरूरत है कि महिला अपराध नहीं कर सकती । जिस तरह पुरुष अवैध संबंधों के लिए अपनी पत्नी की हत्या कर देते हैं उसी प्रकार महिलाएं भी अपने प्रेम संबंधों के लिए अपने पति को ठिकाने लगा सकती हैं। वैसे देखा जाए तो ज्यादातर मामलों में परिवार वालों को महिलाओं के प्रेम संबंधों की जानकारी होती है लेकिन लड़कियों के हितैषी होने का दावा करने वाला परिवार जबरदस्ती उनकी मर्जी के खिलाफ किसी दूसरे लड़के से उसकी शादी कर देता है। अब कहा जा रहा है कि लड़कियों को अपने पतियों की हत्या करने की जगह तलाक ले लेना चाहिए था । अगर वो उन्हें छोड़ देती तो कम से कम वो आज जिंदा तो होते और उनका परिवार उनके साथ खुश होता । सवाल यह है कि जिस परिवार ने एक लड़की की शादी उनकी मर्जी के खिलाफ दूसरी जगह कर दी हो, वो उसे पति को छोड़ने की इजाजत कैसे देगा । अगर किसी लड़की को किसी से प्रेम है और वो उससे शादी करना चाहती है तो जबरदस्ती किसी दूसरे लड़के से उसकी शादी करने वाले लड़की के मां-बाप भी लड़के की हत्या के दोषी हैं । क्यों लड़कियां अपने पति की हत्या कर रही हैं, इस पर शोध की जरूरत है और समाज को भी समझने की जरूरत है । सिर्फ अपराधियों को सजा देने से बात बनने वाली नहीं है । पत्नी का प्रेमी के कारण पति की हत्या करना बेहद भयावह है और इसके लिए सिर्फ प्रेमी के बहकावे को वजह नहीं मान सकते । कई बार तो पत्नी ही अपने प्रेमी को बहकाकर अपने पति की हत्या करवाती है ताकि वो उससे स्वतंत्र हो जाए । देखा जाए तो सोनम के मामले में पांच परिवार बर्बाद हो गए हैं । इन परिवारों की बर्बादी के लिए तो सोनम ही जिम्मेदार हैं क्योंकि उसके अंधे प्रेम ने यह हत्याकांड करवाया है । क्या हम इन घटनाओं को इक्का-दुक्का होने वाली घटनाएं मान सकते हैं या ये घटनाएं हमारे सामाजिक पतन का संकेत हैं । रिश्तों में घटता प्रेम और विश्वास एवं बढ़ता लालच और स्वार्थ इन घटनाओं की वजह तो नहीं है । आज हम अपनी मनपसंद जिंदगी जीने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए स्वार्थी होते जा रहे हैं । पुराने रिश्तों के लिए नये रिश्तों की और नये रिश्तों के लिए पुराने रिश्तों की बलि दी जा रही है । सवाल फिर वही है कि क्या सिर्फ पति-पत्नी के रिश्तों से खून रिस रहा है और दूसरे रिश्तें इससे अछूते हैं । ऐसा नहीं है, आज अपने ही जान के दुश्मन बन रहे हैं लेकिन पहले ऐसा नहीं था क्या । वास्तव में सदियों से यह चल रहा है । गांवों में जमीन के लिए अपने की अपनों का वर्षों से खून बहाते आ रहे हैं और सिंहासन के लिए तो यह चलता ही रहा है । देखा जाए तो आज कुछ अलग नहीं हो रहा है । हमारी आदत हो गई है कि हम आज को ज्यादा कोसते हैं क्योंकि हम आज को जी रहे हैं लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि मानव हमेशा से ऐसा रहा है । यह सिर्फ एक धारणा है कि मानव बदल गया है और आगे जमाना खराब आ रहा है।

**– राजेश कुमार पासी**

## रद्द होती उड़ानें

विगत 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर का क्रैश होना बड़ी त्रासदी तो है ही, लेकिन उसके बाद से एयर इंडिया की उड़ानों में लगातार जो समस्याएं दिख रही हैं, वे भी उतनी ही परेशान करने वाली हैं। एक आंकड़े के मुताबिक, 12 से 17 जून के बीच एयर इंडिया की अस्सी से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं, जिनमें ड्रीमलाइनर की 66 उड़ानें थीं. मंगलवार को ही तकनीकी खराबी और परिचालन संबंधी समस्याओं के कारण एयर इंडिया की सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द करनी पड़ीं. इनमें से छह उड़ानें तो इसलिए रद्द की गयीं,क्योंकि डीजीसीए (विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) ने ड्रीमलाइनर बेड़े की अतिरिक्त जांच के आदेश दिये थे,जबकि अहमदाबाद से लंदन जाने वाली उड़ान विमान उपलब्ध न होने के कारण रद्द की गयी.पिछले कुछ दिनों में दिल्ली से पेरिस जाने वाली उड़ान तकनीकी समस्या के कारण रद्द की गयी, सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रही उड़ान को तकनीकी जांच



के बाद कोलकाता हवाई अड्डे पर रोक दिया गया, तो कुछ उड़ानों को तकनीकी समस्या के कारण अपने मूल स्थान पर लौटना पड़ा. इसे टाटा समूह द्वारा एयरलाइन खरीदने के बाद सबसे गंभीर संकट के रूप में देखा जा रहा है. आम लोग तो एयर इंडिया की आलोचना कर ही रहे हैं, एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने एयर इंडिया की दिल्ली से पुणे की उड़ान में तीन घंटे की देरी पर सवाल उठाते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री से हस्तक्षेप करने के लिए कहा है. लेकिन एयर इंडिया की समस्याओं का कारण सिर्फ तकनीकी नहीं है. ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध के कारण ईरान के हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है. इससे लंबी दूरी की उड़ानों को वैकल्पिक और लंबा रूट लेना पड़ रहा है, जिससे ईंधन की खपत बढ़ी है और समय भी ज्यादा लग रहा है. अलबत्ता एयर इंडिया के साथ आयोजित बैठक में डीजीसीए का यह बयान भरोसा बढ़ाने वाला है कि एयर इंडिया के जिन विमानों की जांच हुई, उनमें सुरक्षा संबंधी कोई त्रुटि नहीं पायी गयी. परंतु डीजीसीए ने एयर इंडिया को इंजीनियरिंग, संचालन और ग्राउंड हैंडलिंग इकाइयों में आंतरिक समन्वय को मजबूत करने की सलाह दी है. इस समय एयर इंडिया के सामने अपनी साख और भरोसा बचाने की बड़ी चुनौती है।

**– शिवानन्द मिश्रा**

आज का कार्टून

साभार




## राहुल गांधी के 'मिशन बिहार' को बड़ा झटका?

कांग्रेस पार्टी को देशभर में मजबूत बनाने के अभियान में जुटे राहुल गांधी पिछले कुछ महीनों से लगातार बिहार का दौरा कर रहे हैं। वर्ष 2025 में वह अब तक कुल मिलाकर पांच बार बिहार का दौरा कर चुके हैं। अपने इन दौरे के दौरान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बिहार के दलित मतदाताओं, अन्य पिछड़ी जाति के लोगों और अत्यंत पिछड़ी जाति के लोगों के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं के साथ संवाद कर,उन्हें साधने की कोशिश की। पार्टी संगठन को धार और नई रफ्तार देने के लिए उन्होंने प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्षों तक को बदल दिया। जाहिर तौर पर, राहुल गांधी अपनी इन तमाम कोशिशों के जरिए बिहार में कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने की रणनीति पर ही काम कर रहे थे। इसका एक मकसद और भी था कि बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी विपक्षी इंडिया गठबंधन (महागठबंधन) में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल कर सकें। लेकिन राहुल गांधी के इस 'मिशन बिहार' को उनके अपने ही सहयोगी दल राष्ट्रीय जनता दल ने बड़ा झटका दे दिया है। लालू यादव के फॉर्मूले ने कांग्रेस पार्टी को बेचैन कर दिया है। कांग्रेस 2020 की तरह इस बार भी 70 विधानसभा सीटों पर ही चुनाव लड़ना चाहती है लेकिन राजद ने इतनी सीटें देने से साफ-साफ इनकार कर दिया है। यानी अब यह तय हो गया है कि विपक्षी महागठबंधन में कांग्रेस को इस बार 2020 की तरह 70 सीटें नहीं मिलेगी। गठबंधन और सीटों को लेकर होने वाली बैठकों की अध्यक्षता भले ही तेजस्वी यादव कर रहे हो लेकिन पर्दे के पीछे से सब कुछ लालू यादव ही तय कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, राजद ने यह साफ कर दिया है कि राजनीतिक दलों की संख्या और क्षमता के आधार पर गठबंधन में कांग्रेस को लगभग 53 सीटें ही मिल सकती है। बिहार में वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के सबसे बड़े दल के तौर पर राजद 144 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जबकि कांग्रेस के खाते में 70 सीटें आई थी। सीपीआई-माले 19, सीपीआई 6 और सीपीएम 4 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ी थी। पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने वाले मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी भी इस बार विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है। एक तरफ जहां मुकेश सहनी की पार्टी को सीट बंटवारे में एडजस्ट करने की चुनौती है वहीं लेफ्ट फ्रंट के दल खासकर सीपीआई-माले सीट बढ़ाने की मांग को लेकर अड़ गया है। ऐसे में लालू यादव भी अपनी पार्टी के कोटे को घटाने पर तैयार हो गए हैं। लेकिन वो किसी भी कीमत पर 140 से कम पर जाने को तैयार नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, तेजस्वी यादव ने कांग्रेस के सामने जो पहला फॉर्मूला रखा है उसके तहत आरजेडी 144 की बजाय 140 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पिछली बार की तरह ही इस बार भी सीपीआई को 6 और सीपीएम को 4 सीटें ही दी जाएगी। लेकिन सीपीआई-माले को 6 सीटें बढ़ाकर 25 सीटें दी जा सकती है। मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को 15 सीटों पर लड़ाया जाएगा। वहीं पिछली बार 70 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को इस बार 53 सीटों के आसपास ही संतोष करना पड़ेगा। इस फॉर्मूले में 2-3 सीटों का हेरफेर किया जा सकता है। लेकिन अगर आने वाले दिनों में पशुपति पारस, असदुद्दीन ओवैसी, हेमंत सोरेन और अखिलेश यादव को भी बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गठबंधन में शामिल किया गया तो फिर सभी दलों को त्याग करना पड़ेगा। ऐसे हालात में, कांग्रेस के हाथ में सिर्फ 45-46 सीटें ही आ पाएंगी। यानी लालू यादव के पहले फॉर्मूले के तहत कांग्रेस को 53-55 और दूसरे फॉर्मूले के तहत सिर्फ 45-46 सीटें ही मिल सकती है। आपको याद दिला दें कि, वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान राजद मुखिया लालू यादव जेल में थे। यह आरोप लगाया जाता है कि लालू यादव के जेल में रहने का फायदा उठाते हुए कांग्रेस ने तेजस्वी यादव पर दबाव डालकर गठबंधन में 70 सीटें झटक ली। लेकिन 70 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस सिर्फ 19 सीटों पर ही जीत हासिल कर पाई। लालू यादव और तेजस्वी यादव सहित विपक्षी गठबंधन के कई नेताओं का यह मानना है कि कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के कारण ही बिहार में नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री बनने में कामयाब हो गए थे। राजद के इस फॉर्मूले ने कांग्रेस नेताओं को दुविधा की स्थिति में डाल दिया है।

# तेजस्वी यादव और अशोक चौधरी के आवास के बाहर फायरिंग

## लुटेरों ने युवक पर चलाई गोली

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

राजधानी पटना में अपराधियों ने तांडव मचाया है। पटना के वीआईपी इलाके में अपराधियों ने गोलीबारी कर सनसनी मचा दी है। बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आवास के बाहर फायरिंग की घटना हुई है। पटना हवाई अड्डा थाना इलाके के पोलो रोड मे लूटपाट के दौरान बदमाशों ने यह फायरिंग की है। पटना में अपराधियों ने जहां तांडव मचाया है,वहां जज का आवास भी है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी के आवास से महज चंद कदमों की दूरी पर बदमाशों ने एक युवक पर गोली चला दी। लूटपाट के दौरान सुबह-सुबह गोलीबारी की यह घटना हुई है। हालांकि, इस गोलीबारी में युवक बाल-बाल मच गया था। कहा जा रहा है कि 2 बदमाशों ने फायरिंग की इस वारदात को अंजाम दिया है। पटना के वीआईपी इलाके में फायरिंग की वारदात से पुलिस-प्रशासन के कान खड़े हो गए। जानकारी के मुताबिक राहुल नाम का युवक सुबह के वक्त काम पर जा रहा था। उसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे पकड़ लिए । उसने पैसा, मोबाइल और अपना पर्स दे दिया, लेकिन बदमाशों रुपए ही लिए, और विरोध करने पर गोली चला दी। गनीमत यह रही कि राहुल इस गोलीबारी में बाल-बाल बच गया। पुलिस ने मौके से खोखा भी बरामद किया है। डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक विभाग की टीम ने घटनास्थल पर जाकर जांच की है। पुलिस का कहना है कि फायरिंग करने वालों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। कहा यह भी जा रहा है कि महज 400 रुपये के लिए यह गोली चली है।




### क्या बोले तेजस्वी यादव

लुटेरे राहुल से 400 रुपये छिनने की कोशिश कर रहे थे और इसी दौरान गोली चलाई गई है। इधर पटना में फायरिंग पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का भी बयान सामने आया है। तेजस्वी यादव ने एक्स पर लिखा, 'आज मेरे आवास के बाहर गोली चलाई/चलवाई गयी है। NDA के राक्षस राज में सत्ता संरक्षित अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि अपराधी हाई सिक्योरिटी जोन में कुछ ही दूरी पर जहां राज्यपाल आवास राजभवन, मुख्यमंत्री आवास, नेता प्रतिपक्ष आवास, न्यायाधीश आवास और एयरपोर्ट है वहाँ ख़ूंखार अपराधी खुलेआम फायरिंग करते घूम रहे है। ख़बरदार! कोई इसे जंगलराज कहेगा तो? वैसे भी कल प्रधानमंत्री बिहार आ रहे है इसलिए गोदी मीडिया को सकारात्मक छवि बनाए रखनी है।'

# मुजफ्फरपुर में ई-रिक्शा बना आग का गोला

## जिंदा जली महिला, एक ही परिवार के 5 झुलसे

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में ई-रिक्शा में लगी आग में एक महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। गायघाट के बेरुआ में दरभंगा फोरलेन पर गुरुवार की सुबह सात बजे की घटना है। दरभंगा की ओर जा रही ई-रिक्शा में बेरुआरी के पास विस्फोट के साथ आग लग गई। आग में मधुबनी के खजौली थाना के डुमरियाही के एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए। जिसमें कमरुन खातून (50) मौके पर ही जिंदा जल गईं। जबकि छह अन्य घायलों में एक महिला जैनब खातून (70) की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। बैट्री ब्लास्ट होते पूरा ई-रिक्शा आग की लपटों में घिर गई और गाड़ी और लोग जलने लगे।



घायलों को पुलिस ने पहले स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। इसके बाद एसकेसीएमएच के बर्न वार्ड में रेफर किया गया। पीड़ित परिवार के मो. फूलबाबू ने गायघाट पुलिस को बताया है कि उसका चचेरा भाई मो. साजिद हुसैन अपने पूरे परिवार के साथ खानपुर पटियासा से घर लौट रहा था। पूरा परिवार शादी समारोह में शामिल होने खानपुर पटियासा आया हुआ था।

### स्थानीय लोगों ने परिवार को बचाया

ई-रिक्शा चला रहे साजिद के अलावा उसकी मां कमरुन खातून (50), उसकी पत्नी यासमीन खातून, नानी जैनब खातून, पुत्र सरफराज, पुत्री रवीना खातून व सकीना खातून सवार थे। सुबह सात बजे बेरुआ के राजलक्ष्मी लाइन होटल के पास ई-रिक्शा की बैट्री ब्लास्ट कर गई और अचानक पूरी गाड़ी में आग लग गई। स्थानीय लोगों की मदद से ई-रिक्शा चला रहे साजिद एवं उसके परिवार के लोगों को बचाने का प्रयास किया गया। लेकिन इसमें साजिद की मां कमरुन खातून बुरी तरह जल गए। उसका केवल कंकाल ही बचा है। हादसे की खबर मिलते ही खानपुर और डमरियाही से परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। हादसे में साजिद, उसकी पत्नी, दो पुत्री व एक पुत्र भी झुलस गए है। जिसका इलाज चल रहा है।

# 2 सीओ पर 1.97 लाख का जुर्माना

## फाइन नहीं भरा तो होंगे सस्पेंड

**मुजफ्फरपुर।** दाखिल-खारिज के मामले मे लापरवाही पर बिहार में दो सीओ(अंचलाधिकारी) पर गाज गिरी है। मुजफ्फरपुर के डीएम सुब्रत कुमार सेन ने मुशहरी, कांटी सीओ व उनकी टीम पर 01 लाख 97 हजार तीन सौ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसमें मुशहरी सीओ, राजस्व अधिकारी व संबंधित कर्मचारियों पर एक लाख दो हजार व कांटी के सीओ, राजस्व अधिकारी व कर्मचारियों पर 95 हजार 300 रुपये जुर्माना लगा है। कई बार चेतावनी देने के बावजूद कार्यशैली में सुधार नहीं होने पर यह कार्रवाई की गयी है। कई सीओ से इसी मामले में शो कॉज किया गया है। जून माह में जुर्माना की राशि जमा करने के बाद ही सभी का इस माह का वेतन जारी होगा। जुर्माना राशि जमा नहीं करने वाले अधिकारियों व कर्मियों को निलंबित किया जाएगा। डीएम ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में जिला समन्वय समिति की बैठक में योजनाओं की अंचलवार समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान पाया गया कि पिछले एक माह में मुशहरी और कांटी का अभियान बसेरा में भी कोई प्रगति नहीं हुई है। डीएम ने मुशहरी एवं कांटी के साथ ही खराब प्रदर्शन करने वाले मुरौल, सरैया, बंदरा के सीओ से भी स्पष्टीकरण मांगा है।

# 2000 छात्र पहुंचे, बैठने की व्यवस्था नहीं

## CIA एग्जाम कैंसिल

**पूर्णिया ।** पूर्णिया कॉलेज में CIA की परीक्षा तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दी गई। इससे नाराज हजारों परीक्षार्थियों का गुस्सा फुट पड़ा। कॉलेज प्रबंधन के लचर रवैए से नाराज आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी और हंगामे का माहौल रहा। 2 हजार से अधिक छात्र परीक्षा के इंतजार में इधर उधर भटकते रहे। परीक्षार्थी रितेश यादव, निलेश कुमार, हर्षवर्धन, विकास कुमार, रोहित कुमार ने जानकारी दी। इन्होंने बताया कि पूर्णिया कॉलेज में CIA की UG सत्र 2023-27 सेमेस्टर 4 की परीक्षा 18 और 19 जून को निर्धारित की गई थी। 18 जून को जब वे परीक्षा देने पहुंचे, तो अटेंडेंस का काम पूरा कर उन्हें घर भेज दिया गया। कहा गया कि उपस्थिति दर्ज कराने वाले सभी परीक्षार्थी को अच्छे अंक से पास कर दिया जाएगा। इसके बाद वे लोग कल घर चले गए थे।



**कैंपस में भटकते रहे परीक्षार्थी**

आज जब सभी परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। एग्जाम रूम, टीचर रूम और प्रिंसिपल रूम में ताला जड़ा था। परीक्षा का समय 7:30 बजे निर्धारित था। परीक्षा के इंतजार में करीब 2 हजार परीक्षार्थी कैंपस में इधर उधर भटक रहे थे। छात्र नेता राजा कुमार और पीयूष पुजारा ने कहा कि कॉलेज में हंगामा होने की जानकारी मिलते ही वे लोग पहुंचे। यहां छात्रों ने उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराया। जानकारी दी कि 7:30 बजे से CIA की परीक्षा होनी थी। मगर परीक्षा केंद्र पर ताला जड़ा हुआ है। ना किसी शिक्षक का पता है और ना ही प्रिंसिपल उनका कॉल रिसीव कर रहे हैं। इसी के बाद परीक्षार्थियों का गुस्सा भड़क उठा, जिसके बाद आक्रोशित परीक्षार्थी हंगामा और प्रदर्शन कर लिए मजबूर हो गए।

# बच्चों के झगड़े में बड़ों ने की मारपीट



**बांका।** बांका में बच्चों के बीच हुए विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। कटोरिया थाना क्षेत्र के तिलैया गांव में बृहस्पतिवार को यह घटना हुई। बच्चों के झगड़े को लेकर पंचायत बुलाने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस घटना में तीन लोग घायल हुए। एक पक्ष से भोला दास का बेटा डब्लू दास घायल हुआ। दूसरे पक्ष से किशन दास और उनकी पत्नी प्रमिला देवी को चोटें आईं। सभी घायलों को कटोरिया रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मामला डब्लू दास और संजय दास के बच्चों के बीच हुए झगड़े से शुरू हुआ। इस विवाद को सुलझाने के लिए सामाजिक पंचायत बुलाने को लेकर दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया। यह तनाव मारपीट में बदल गया। गुरुवार दोपहर को दोनों पक्षों ने कटोरिया थाने में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# श्रावणी मेला की तैयारियों का DM ने लिया जायजा

**भागलपुर ।** भागलपुर में 11 जुलाई से विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू होने वाला है। जिसको लेकर सुल्तानगंज में तैयारी शुरू कर दी गई है। इसका जायजा लेने गुरुवार को जिला अधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी पहुंचे।

डीएम ने कच्ची कांवडिया पथ से लेकर बन रहे टेंट सिटी और नमामि गंगे घाट का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अपने अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र सहित गंगा घाट कांवरिया पथ पर कांवरियों की सुविधा का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि श्रावणी मेला में प्रतिनियुक्त अधिकारी और कर्मी अपने अपने कर्तव्य में लगे हुए हैं। नमामि गंगे घाट, सीढ़ी घाट पर निरीक्षण के दौरान गंगा के पानी का लेवल, बैरिकेडिंग, कांवरियों के लिए की गई सारी व्यवस्था कि जानकारी ली।



**मेला क्षेत्र में सफाई रखने का निर्देश :** डीएम ने मेला क्षेत्र में सफाई पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सभी व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त बनाए रखने के लिए कहा है। अब तक मेला की तैयारी पूरी तरह सुव्यवस्थित ढंग से चल रही है। मेला क्षेत्र मे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं हो, इसके लिए लगातार छापेमारी करने का निर्देश दिया गया है। नाव परिचालन को लेकर उन्होंने कहा कि मवेशी और आदमी एक साथ नाव पर नहीं लदे। इसके साथ ही डीएम व एसएसपी ने पूरे मेला क्षेत्र में की गई व्यवस्था को देखा।

# लालू यादव के बचाव में उतरे JDU विधायक

## गोपाल मंडल बोले- वो आंबेडकर का अपमान कर ही नहीं सकते

**पटना।** बाबा साहेब भीमराव आंडबेकर का फोटो लेकर जन्मदिन की शुभकामना देने आए कार्यकर्ता को नजरअंदाज करने के बाद आंबेडकर के अपमान के आरोपों से घिरे राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के बचाव में सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के विधायक गोपाल मंडल उतर आए हैं। कभी अपने बयान तो कभी अटपटे काम से चर्चा में रहने वाले गोपालपुर के विधायक गोपाल मंडल ने कहा है कि लालू यादव कभी आंबेडकर का अपमान कर ही नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि लालू यादव की सरकार में पिछड़ों को बोलने की ताकत मिली थी। मंडल ने लालू की उम्र का हवाला देकर यादाश्त कमजोर होने की बात भी कही है। गोपाल मंडल ने कहा- "लालू यादव भीमराव आंबेडकर का अपमान कर ही नहीं सकते हैं। जब उनकी सरकार बनी, उन्होंने बैकवर्ड के मुंह में बोल दिया, बैकवर्ड को जगाया, भूरा बाल समाप्त करने का प्रयास किया। ऐसा नहीं कर सकते हैं।

# गर्भवती पत्नी के सामने फंदे से झूला पति

## शराब पीने को लेकर हुआ था विवाद

**भागलपुर।** पीरपैंती थाना क्षेत्र के काली प्रसाद स्थित कपारी गांव में बुधवार रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक ने अपनी आठ माह की गर्भवती पत्नी के सामने ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान सदानंद कापरी (30) के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलने पर पीरपैंती थाना पुलिस मौके पर पहुंची. साथ ही डीएसपी अर्जुन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल की बारीकी से जांच की.

**शराब का आदि था सदानंद**

बताया जा रहा है कि सदानंद शराब का आदी था और इसी को लेकर अक्सर उसका पत्नी से विवाद होता रहता था. बुधवार रात भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ. इसी बीच सदानंद ने पत्नी रूबी देवी के सामने ही फंदा लगा लिया. जब तक परिजन कुछ समझ पाते और उसे नीचे उतारते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी.



परिजनों ने तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. हालांकि परिजन इस मामले में कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं.

**डेढ़ साल पहले हुई थी शादी**

मृतक की मां के अनुसार, डेढ़ साल पहले सदानंद और रूबी देवी की शादी बड़े धूमधाम से हुई थी. दोनों अलग-अलग खाना बनाकर खाते थे. बुधवार को दोनों के बीच तीखा झगड़ा हुआ था. इस दौरान बहू रूबी देवी की चीखने की आवाज आई. जब लोग पहुंचे तो सदानंद फंदे से लटका मिला.

**व्यापार**

# सेंसेक्स 83 अंक गिरकर 81,362 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार, 19 मई को सेंसेक्स 83 अंक गिरकर 81,362 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 19 अंक की गिरावट रही, ये 24,793 के स्तर पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में तेजी रही। अडाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और टेक महिंद्रा सहित कुल 10 के शेयर्स 2.50% तक गिरे। M&M, टाइटन और मारुति के शेयरों में 1.6% तक की तेजी रही।

निफ्टी के 50 में से 33 शेयरों में गिरावट और 17 में तेजी रही। NSE का PSU बैंकिंग सेक्टर सबसे ज्यादा 2.04% नीचे आया। इसके अलावा, मीडिया में 1.91%, रियल्टी में 1.60%, मेटल में 1.29% और IT में 0.94% की गिरावट रही। अकेले ऑटो सेक्टर 0.52% चढ़कर बंद हुआ।

एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड का IPO कल यानी 18 जून को ओपन है। निवेशक इस इश्यू के लिए 20 जून तक बिडिंग कर सकेंगे। 25 जून को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 499.60 करोड़ जुटाना चाहती है। कंपनी इश्यू में 2.25 करोड़ फ्रेश शेयर्स जारी करेगी।

# रूस में मंदी, आम लोगों के लिए हालात मुश्किल

## आलू-प्याज ढाई गुना तक महंगे हुए, इकोनॉमी मिनिस्टर बोले- देश मंदी के करीब

**नई दिल्ली।** रूस की अर्थव्यवस्था मंदी के कगार पर खड़ी है। इकोनॉमी मिनिस्टर मैक्सिम रेशेत्निकोव ने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम में ये बात कही। उन्होंने कहा बिजनेस और इंडस्ट्री के आंकड़े दिखा रहे हैं कि देश मंदी के बेहद करीब है। यानी, महंगाई बढ़ रही है, आर्थिक गतिविधियां धीमी हो रही हैं,कारोबार कम हो रहा है और निवेश रुक रहा है। पहला, रूस में ब्याज दरें बहुत ज्यादा हैं। हाल ही में ब्याज दर को 21% से घटाकर 20% किया गया, लेकिन ये अभी भी इतनी ज्यादा है कि कारोबारी कर्ज लेने से डर रहे हैं। दूसरा, यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध की वजह से रूस पर पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रतिबंध हैं, जिसने व्यापार और निवेश को मुश्किल बना दिया है। तीसरा, तेल की कीमतें कम होने से रूस की कमाई पर असर पड़ रहा है। हालांकि बीते कुछ दिनों में इजराइल-ईरान जंग के कारण कच्चे तेल के दामों में तेजी आई है। यूक्रेन के साथ करीब 3 साल से चल रही जंग के कारण रूस में महंगाई बहुत ज्यादा है। 2024 में ये 9.5% थी और 2025 में भी 9.8% के आसपास बनी हुई है।



महंगाई को काबू करने के लिए सेंट्रल बैंक ने ब्याज दरें बढ़ाईं। ज्यादा ब्याज दर से लोग कम खर्च करते हैं, जिससे मांग घटती है और महंगाई कंट्रोल में आती है। लेकिन इससे कारोबारियों को कर्ज लेना महंगा पड़ रहा है, जिससे निवेश और प्रोडक्शन कम हो रहा है।

# श्रीराम फाइनेंस ने एफडी दरों में बदलाव किया

**मुंबई।** श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) ने विभिन्न मैच्योरिटी अवधि के लिए एफडी पर ब्याज दरों में बदलाव किया है। नई दरें 26 जून से लागू होंगी । सीनियर सिटीजन (डिपॉजिट/रिन्यूअल के समय 60 वर्ष या उससे अधिक आयु होने पर) 0.50% का अतिरिक्त सालाना ब्याज मिलेगा। महिला जमाकर्ताओं को 0.05% का अतिरिक्त सालाना ब्याज मिलता रहेगा। मैच्योरिटी डिपॉजिट के रिन्यूअल पर 0.15% का अतिरिक्त सालाना ब्याज मिलता रहेगा। 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमा राशि के लिए, लागू एफडी रेट दर प्रकाशित कार्ड रेट से भिन्न हो सकती है, लेकिन आरबीआई द्वारा बताई गई ब्याज दर की सीमा के भीतर होगी। महिला जमाकर्ताओं को 0.05% प्रति वर्ष का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। फिक्स्ड इन्वेस्टमेंट प्लान केवल 'श्रीराम वन' मोबाइल एप्लिकेशन और कंपनी की वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध होगा। फिक्स्ड इन्वेस्टमेंट प्लान (एफआईपी) की नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। श्रीराम फाइनेंस फिक्स्ड डिपॉजिट को ICRA द्वारा "[ICRA]AA+ (स्टेबल)" और इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च द्वारा "IND AA+/स्टेबल" रेट किया गया है।

# अल्फाग्रेप को म्यूचुअल फंड कारोबार के लिए सेबी से सैद्धांतिक मंजूरी

**मुंबई।** सुनियोजित निवेश रणनीतियों को लागू करने में विशेषज्ञता वाली अग्रणी निवेश फर्म अल्फाग्रेप सिक्योरिटीज ने घोषणा की है कि उसे म्यूचुअल फंड योजना शुरू करने के लिए सेबी से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इस सैद्धांतिक मंजूरी से अल्फाग्रेप को भारत में खुदरा और संस्थागत निवेशकों के व्यापक आधार तक पहुंचने के लिए अपनी डेटा-संचालित और प्रौद्योगिकी-सक्षम निवेश क्षमताओं का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। यह फर्म की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 2010 में मोहित मुत्रेजा और प्रशांत मित्तल द्वारा स्थापित, अल्फाग्रेप ने एक विशेष क्वांट ट्रेडिंग और निवेश प्लेटफ़ॉर्म विकसित किया है। अल्फाग्रेप वैश्विक स्तर पर 8500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रबंधन करता है। अल्फाग्रेप इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट के सीईओ भौतिक अंबानी ने कहा, "हमें सैद्धांतिक मंजूरी देने और परिसंपत्ति प्रबंधन में नवाचार को प्रोत्साहित करने वाला माहौल बनाने के लिए हम सेबी के आभारी हैं।

# आम लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बना रहा है एमएसटी ब्लॉकचेन




**नई दिल्ली।** MST एक पब्लिक लेयर-1 ब्लॉकचेन नेटवर्क है, जिसे पारंपरिक (Web2) और नई तकनीक (Web3) के बीच की दूरी को मिटाने के लिए बनाया गया है। इसका सबसे बड़ा फायदा ये है कि इसे कोई एक व्यक्ति या संस्था कंट्रोल नहीं करती। इसके बजाय, इसे देशभर के अलग-अलग लोग मिलकर चलाते हैं, जिससे ये सिस्टम निष्पक्ष और भरोसेमंद बनता है। इसका असर अब खेतों से लेकर दुकानों और स्कूलों तक दिखने लगा है। MST पर बने प्लेटफॉर्म अब किसानों को उनकी पेमेंट का पक्का रिकॉर्ड दे रहे हैं, रिटेल दुकानदारों को उनके ग्राहकों को पारदर्शी लॉयल्टी पॉइंट देने में मदद कर रहे हैं, और छात्रों को ब्लॉकचेन पर बने सर्टिफिकेट मिल रहे हैं जो कहीं से भी जांचे जा सकते हैं। महेंद्र धोमसे, सीईओ और सह-संस्थापक ने कहा कि हमारा लक्ष्य युवाओं को नेतृत्व देने का है।

# 55 वें पेरिस एयर शो में रघु वामसी एरोस्पेस ग्रुप हुई शामिल




**मुंबई।** भारत की एरोस्पेस यात्रा में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए हैदराबाद के रघु वामसी एरोस्पेस ग्रुप (जो हाई-प्रेसीज़न मैनुफैक्चरिंग में लीडर है) ने 55वें इंटरनेशनल पेरिस एयर शो के दौरान अपनी आधुनिक डीफेंस एवं प्रोपल्ज़न तकनीकों का अनावरण किया। स्वदेशी माइक्रो टर्बोजेट इंजन से लेकर हाई-परफोर्मेन्स कमीकाज़े ड्रोन्स तक, कंपनी ने अपने बढ़ते ग्लोबल फुटप्रिन्ट तथा रक्षा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। शो के दौरान रघु वामसी ने पूरी तरह से स्वदेशी 40केजीएफ माइक्रो टर्बोजेट इंजन का अनावरण किया, जिसे यूएवी एवं क्रूज़ मिसाइल्स के लिए विकसित किया गया है, यह भारत की प्रोपल्ज़न क्षमताओं के लिए बड़ी उपलब्धि है।

# आईएनए सोलर का एक और बड़ा कदम

**मुंबई।** INA Solar ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की ओर कदम बढ़ाते हुए S.C Exact Equipment Co. Ltd. के साथ 3 गीगावाट की टर्नकी सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग लाइन के लिए LOI पर हस्ताक्षर किए हैं। जो देश में सोलर सेल निर्माण को एक नई दिशा देगा। INA Solar के चेयरमैन मनीष गुप्ता एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विकास जैन ने जानकारी दी कि कंपनी की स्थापना वर्ष 2017 में मात्र 80 मेगावाट पीवी मॉड्यूल निर्माण क्षमता के साथ हुई थी। जुलाई तक कंपनी 4 गीगावाट मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग की प्रभावशाली उपलब्धि हासिल कर लेगी। यही नहीं, कंपनी ने 2027 तक 8 गीगावाट पीवी मॉड्यूल, 3 गीगावाट सोलर सेल, और 54,000 MTA एल्युमिनियम फ्रेम उत्पादन क्षमता का लक्ष्य भी निर्धारित किया है।

# सोना 193 गिरकर 99,261 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 19 जून को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 193 गिरकर 99,261 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,454 पर था। ये इसका ऑल टाइम हाई है। वहीं चांदी की कीमत 2,029 गिरकर 1,07,383 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,09,412 पर बंद हुई थी। 18 जून को सुबह चांदी 1,09,550 पर ओपन हुई थी। ये इसका इसका ऑल टाइम हाई है। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,099 रुपए बढ़कर 99,261 रुपए पर पहुंच गया है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# विवादों के बाद ऐक्शन में आए योगी

## इस विभाग में हुए तबादलों पर लगाई रोक, जांच के भी आदेश

**महानगर संवाददाता**
लखनऊ

यूपी में तबादलों को लेकर विवादों के बाद सीएम योगी ऐक्शन में आ गए हैं। बेसिक और स्वास्थ्य विभाग में तबादला सत्र शून्य किए जाने के बाद अब स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में स्थानांतरणों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। सीएम योगी ने आदेश दिया है कि अब कोई भी ट्रांसफर अग्रिम आदेश तक प्रभावी नहीं होगा। योगी के निर्देश पर स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग के प्रमुख सचिव ने तत्काल आदेश जारी करते हुए सभी तबादलों को स्थगित करने की सूचना दी है। इससे निबंधक और उप निबंधक पदों पर हो रहे तबादलों पर रोक लगाई गई है। इसके साथ ही पूरे मामले में जांच के निर्देश दिए गए हैं। उधर, मंत्री स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन रविन्द्र जयसवाल ने कहा कि तबादलो में अधिकारियों ने



लापरवाही बरती। मेरिट का पालन नहीं हुआ। जब हमारे पास लिस्ट आई तो हमें गड़बड़ी मिली। हमने मुख्यमंत्री से मुलाक़ात कर उनके सामने पूरी बात रखी तो उन्होंने यह तबाद्ले निरस्त कर दिए। अब इसकी जांच होगी और दोषियों पर कड़ी कार वाई होगी। आयुक्त स्तर पर भी लापरवाही हुई है।

आपको बता दें कि यूपी में तबादले को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। विवाद के बाद बेसिक और स्वास्थ्य विभाग में तबादला सत्र शून्य होने के बाद स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में भी शिकायत की मिली। मामला सीएम योगी तक पहुंचा तो वह तुरंत ऐक्शन में आ गए। तत्काल संज्ञान लेते हुए स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में हुए तबादलों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। इसके साथ ट्रांसफर मामले की जांच बैठा दी।

### तीन अलग-अलग पत्रों के माध्यम किए गए ट्रांस्फर

दरअसल, महानिरीक्षक निबंधन ने 13 जून को तीन अलग-अलग पत्रों के माध्यम से 58 उपनिबंधकों, एक अन्य उपनिबंधक तथा 29 नव-प्रोन्नत उपनिबंधकों के तबादले व तैनाती आदेश दिया था। इसके अलावा एक दिन बाद 14 जून को जारी एक अन्य आदेश के तहत 114 कनिष्ठ सहायक (लिपिक) का भी तबादला किया गया। इन तबादलों में अनियमितता की बात कही गई। अब सभी तबादला आदेशों को अग्रिम आदेशों तक के लिए स्थगित कर दिए गए। इससे पहले बेसिक शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में भी तबादलों को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों विभाग में तबादला सत्र को शून्य कर दिया गया है।

# गोरखपुर में पशु तस्करों ने पुलिस वालों पर बरसाए ईंट-पत्थर

### दरोगा और सिपाही गंभीर

**गोरखपुर।** गोरखपुर के गुलरिहा इलाके में बुधवार की देर रात पशु तस्करों ने पुलिस की जीप में टक्कर मार दिया और पुलिसवालों पर ईंट-पत्थर बरसाने लगे, पशु तस्करों के हमले में एक दरोगा और सिपाही घायल हो गए हैं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरोगा के सिर पर चोट आई है तो वहीं सिपाही के कंधे पर चोट लगी है। हमले के बाद पशु तस्कर फरार हो गए हैं। पुलिस की टीम उनकी तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस के मुताबिक गुलरिहा इलाके में बुधवार की देर रात वाहनों की चेकिंग चल रही थी इस बीच पशु तस्करों के आने की सूचना मिली उनकी गाड़ी रोकने का प्रयास किया गया तो वह पुलिस टीम पर ईंट पत्थर बरसाते हुए पुलिस की गाड़ी में टक्कर मारकर फरार हो गए। पशु तस्करों के हमले में गुलरिहा थाने में तैनात दरोगा अजीत कुमार और हेड कांस्टेबल मोहसिन खान को चोट आई है।

# कुशीनगर के रास्ते बिहार के सिवान जाएंगे PM Modi

**महानगर संवाददाता**
कुशीनगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को बिहार के सीवान जिले में एक सभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के लिये वह कुशीनगर एयरपोर्ट पर उतरेंगे। मोदी नई दिल्ली से कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वायुसेना के विमान से आएंगे। उसके बाद एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर से सिवान के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री लगभग 20 मिनट कुशीनगर एयरपोर्ट पर अपना समय बिताएंगे। यहां वह कुछ भाजपा नेताओं से भी मिलेंगे।

20 मिनट एयरपोर्ट पर रूकेंगे मोदी

प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा के संबंध में एसपीजी के अधिकारियों के संग जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक ने विस्तार से समीक्षा की। एयरपोर्ट पर आगमन को लेकर कुशीनगर व कसया में

### होगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था



सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक रूट डायवर्जन किया गया है। इसके लिए 50 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। बताया जा रहा है कि न केवल एयरपोर्ट बल्कि यहां से बुद्ध के मुख्य मंदिर तक भी सुरक्षा को लेकर तैयारियां हो रही है। 20 मिनट प्रधानमंत्री एयरपोर्ट पर रूकेंगे और पार्टी के नेताओं से मुलाकात करेंगे। एयरपोर्ट के आसपास चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

### सुरक्षा के लिए टीम सक्रिय रहेगी

प्रधानमंत्री मोदी के ट्रांजिट विजिट कार्यक्रम को देखते हुए एयरपोर्ट से लेकर बिहार के नजदीक के इलाके में कसया, फाजिलनगर और तमकुहीराज सीएचसी में सेफ हाउस बनाया गया है। जहां एसपीजी के अधिकारियों ने बुधवार को दौरा किया। यहां प्रधानमंत्री का ब्लड ग्रुप सहित उनके सुरक्षा के लिए टीम सक्रिय रहेगी। इसके अलावा जिला अस्पताल में भी प्रधानमंत्री के सुरक्षा को लेकर व्यवस्था की गई है। एयरपोर्ट पर एक एंबुलेंस और पुलिस टीम मौजूद रहेगी। सूचना विभाग के अनुसार, अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा ने आदेश निर्गत किया गया है कि एयरपोर्ट के 15 किमी के दायरे में 20 को किसी प्रकार के ड्रोन को पूर्ण रूप से सुरक्षा दृष्टिकोण से प्रतिबंधित किया है।

# रायबरेली: सॉरी मम्मा पापा...लिख छात्रा ने किया सुसाइड का प्रयास

## META ने भेजा अलर्ट, 8 मिनट में बची जान

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में सोशल मीडिया पर यूपी पुलिस की सक्रियता और मेटा (META) के अलर्ट से एक छात्रा की जान बच गई। मिलएरिया थाना क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय छात्रा ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर कैप्सूल के साथ तस्वीर पोस्ट की थी और एक संदेश लिखा 'गुड बाय... सॉरी मम्मा-पापा' लिखकर सुसाइड करने की कोशिश की। पोस्ट के बाद शाम 07:42 बजे मेटा कंपनी की तरफ से यूपी पुलिस मुख्यालय के सोशल मीडिया सेंटर को ई-मेल के जरिए अलर्ट मिला। इसका संज्ञान लेते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण ने रायबरेली पुलिस को मौके पर भेजा। मिल एरिया थाने की फोर्स 8 मिनट में छात्रा के घर पहुंच गई और घरवालों के सहयोग से प्राथमिक घरेलू उपचार कराकर छात्रा की जान बचा ली गई। सुसाइड करने वाली छात्रा स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा है। उसने बताया कि माता-पिता जबरन उसकी शादी करवा रहे हैं जबकि अभी वह पढ़ना चाहती है। इस पर उसने सुसाइड करने का कदम उठा लिया। सीओ सदर अमित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि युवती ने जैसे ही यह मैसेज इंस्टाग्राम पर डाला मेटा ने तुरंत उसकी लोकेशन के साथ पूरी जानकारी पुलिस हेड क्वार्टर को शेयर कर दी। उधर डीजीपी राजीव कृष्ण ने तुरंत एसपी रायबरेली को यह जानकारी दी।

# नैनी जेल में बंद अतीक अहमद के बेटे अली की बैरक से मिला पैसा

**महानगर संवाददाता**
प्रयागराज

नैनी सेंट्रल जेल में माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद की बैरक से नकदी बरामद होने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जेल प्रशासन ने डिप्टी जेलर कांति देवी और हेड वार्डर संजय द्विवेदी को सस्पेंड कर दिया है। बताया जा रहा है कि अली अहमद से मिलने आए एक मुलाकाती ने उसे 1100 रुपये दिए थे ताकि वह जेल में उपयोग के लिए कूपन खरीद सके, लेकिन उसने कूपन नहीं खरीदे और पैसे छुपाकर रख लिए। नैनी सेंट्रल जेल में बंद अतीक अहमद के बेटे अली अहमद की बैरक से नकदी बरामद होने के बाद जेल प्रशासन में खलबली मची है। मंगलवार को जेल डीआईजी राजेश श्रीवास्तव की रूटीन चेकिंग के दौरान यह घटना सामने आई। डीआईजी राजेश श्रीवास्तव ने हाई

### डिप्टी जेलर और हेड वार्डर सस्पेंड





सिक्योरिटी बैरक की तलाशी ली, जहां अली अहमद बंद है। तलाशी के दौरान बैरक से 1100 रुपये नकद बरामद हुए हैं।

### डीजीआई की चेकिंग में हुआ खुलासा

जेल अधीक्षक रंग बहादुर के अनुसार, अली अहमद से मिलने आए एक मुलाकाती ने उसे 1100 रुपये दिए थे ताकि वह जेल में उपयोग के लिए कूपन खरीद सके। जेल व्यवस्था के तहत, बंदियों को नकदी रखने की अनुमति नहीं होती और वे केवल कूपन के जरिए ही जरूरी सामान खरीद सकते हैं। लेकिन अली ने ये कूपन नहीं खरीदे और पैसे अपने पास छुपाकर रख लिए। यही 1100 रुपये बाद में डीआईजी की चेकिंग में बरामद हुए। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जेल प्रशासन ने कार्रवाई की है।

# पिता का कर्ज चुकाने को रची लूट की साजिश

## साथियों संग लूटे 1 लाख 33 हजार

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज में पिता का कर्ज चुकाने के लिए दाल कारोबारी के मुंशी ने ही लूट की साजिश रची थी। इस षड्यंत्र में उसके तीन साथी भी शामिल थे। थरवई पुलिस वएसओजी की संयुक्त टीम ने आरोपित मुंशी दिवाकर गुप्ता समेत सुनील कुमार व विवेक कुमार को गिरफ्तार करने के साथ ही लूट के एक लाख 23 हजार 952 रुपये भी बरामद कर लिए हैं। लूट में शामिल एक अन्य आरोपी मनीष विश्वकर्मा फरार है। वह कलंदरपुर का निवासी है।

डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बुधवार को पुलिस लाइन में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मुट्ठीगंज निवासी दाल कारोबारी अमर केसरवानी के मुंशी दिवाकर गुप्ता और ओमप्रकाश यादव से 16 जून की दोपहर लगभग एक बजे थरवई थाना क्षेत्र के नाहरपुर तिल्हापुर मोड़ के पास बाइक सवार तीन युवक मारपीट के बाद स्कूटी की डिग्गी से एक लाख 33 हजार 952 रुपये लूट कर फरार हो गए थे। दिवाकर गुप्ता ने ही डायल 112 पर लूट की सूचना दी थी। कारोबारी अमर केसरवानी ने दोनों मुंशी पर आशंका व्यक्त करते हुए तहरीर दी थी।

पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो दिवाकर गुप्ता ने स्वयं ही अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर लूट का षड्यंत्र रचने का जुर्म कबूल कर लिया। इस वारदात में मुंशी



ओमप्रकाश यादव की संलिप्तता नहीं थी। पुलिस ने बनकेशरी शनिदेव मंदिर के पास से कलंदरपुर थाना सोरांव निवासी दिवाकर गुप्ता के साथी सुनील कुमार निवासी पूरेजीत की चकिया थाना थरवई और विवेक कुमार निवासी कलंदरपुर थाना सोरांव को गिरफ्तार किया। साथ ही दिवाकर गुप्ता के घर से लूट के एक लाख 23 हजार 952 रुपये भी बरामद किए।

पुलिस के अनुसार मुंशी दिवाकर गुप्ता के पिता मदनलाल ने बैंक से तकरीबन चार लाख रुपये ऋण लिया था। बैंक के कर्ज के बढ़ते बोझ को देखते हुए दिवाकर गुप्ता ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर लूट की साजिश रची। दिवाकर गुप्ता अपने साथ मुंशी ओमप्रकाश यादव के साथ 16 जून को करनाईपुर थाना बहरिया के विपिन व हरिश्चंद्र से 93,952 रुपये और सदरगंज थाना सोरांव निवासी दिनेश से 40 हजार रुपये दाल के बकाया का तगादा किया था। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से नाहरपुर तिल्हापुर मोड़ के पास अपने साथियों से लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

# झांसी में खनन माफिया ने SDM पर किया हमला

## रेत से लदे जब्त ट्रैक्टर लेकर भागे

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी में अवैध रूप से रेत खनन करने वालों ने सरकारी अधिकारियों की टीम पर हमला कर दिया। वे रेत से लदे उन दो ट्रैक्टर को लेकर भाग गए जिन्हें जब्त किया गया था। मऊ रानीपुर के एसडीएम अजय यादव ने बताया कि यह घटना बुधवार को अवैध रेत खनन के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान हुई। ट्रैक्टर चालकों सहित आरोपियों ने एसडीएम के कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया। वे रेत से भरे उन ट्रैक्टर को लेकर फरार हो गए जिन्हें जब्त किया गया था।

इस मामले में इटायल गांव निवासी



एवं एसडीएम के सुरक्षाकर्मी कामता प्रसाद ने कटेरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एसडीएम ने बताया कि वह और दो अन्य अधिकारी महेंद्र सिंह और कमलेश, कचनेव गांव में जैत माता मंदिर के पास अवैध रूप से बालू ले जा रहे ट्रैक्टरों को रोकने का प्रयास कर रहे थे, तभी उन पर हमला कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में से दो की पहचान ट्रैक्टर चालक सोहित यादव और अंकित यादव के रूप में हुई है।

# किशोरी को घर में खींचकर रेप की कोशिश

**सरधना।** यूपी के मेरठ में सरधना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को घर में खींचकर रेप की कोशिश की गई। किशोरी की चीख पुकार सुनकर पड़ोसी के पहुंचने से किशोरी की अस्मत बच सकी। इससे पहले कि लोग जुटते किशोरी से दरिंदगी की कोशिश करने वाला भाग निकला। पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन बिना कार्रवाई लौट गई। मामले को निपटाने के लिए गांव में पंचायत बैठ गई। इसमें किशोरी की अस्मत की बोली लगा दी गई। उसे 12 लाख रुपये लेकर मुंह बंद रखने को कहा गया। किशोरी के परिजनों ने पंचायत का ऑफर ठुकरा दिया। देर रात किशोरी के परिजनों को चौकी बुलाकर पुलिस ने समझौते का दबाव बनाया और कोरे कागज पर हस्ताक्षर करा लिये। मामला थाने पहुंचा तो पीड़ित पक्ष ने तहरीर दी। पीड़िता के चाचा ने बताया कि किशोरी गांव स्थित एक दुकान से सामान लेने गई थी। रास्ते में उसे एक अधेड़ मिल गया जो उसे अपने साथ जबरन एक मकान में ले गया। यहां उसने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया।

### मुंह बंद रखने के लिए 12 लाख का ऑफर

# प्रेमी की बाहों में थी दो बच्चों की मां, देखते ही पति का खौल उठा खून

**हरदोई।** लव अफेयर को लेकर अक्सर ही मामले सामने आते रहते हैं। कुछ मामलों में बात इतनी बढ़ जाती है कि पति-पत्नी एक-दूसरे पर हमला बोलने से भी नहीं चूकते। ऐसा ही एक मामला यूपी के हरदोई जिले से सामने आया है। यहां एक महिला का अपने प्रेमी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। महिला के दो बच्चे भी हैं। इसकी जानकारी महिला के पति को नहीं थी। महिला अपने प्रेमी से चोरी-छिपे मिलती थी। महिला का उसके प्रेमी संग अवैध संबंध भी थे। एक दिन महिला अपने प्रेम के साथ ही रंग-रेलियां मना रही थी। पति को जब इसकी जानकारी तो वह मौके पर पहुंच गया। उसने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी की बाहों में देखा तो वह शर्मसार हो गया। इसके बाद युवक का खून खौल उठा। पति ने इसका विरोध किया तो पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। ताव में आकर पति ने अपने

### दांत से चबा ली बीवी की नाक



दांतों से पत्नी की नाक ही चबा डाली घटना से महिला पूरी तरह से लहूलुहान हो गई। महिला को लखनऊ रेप कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

पूरा मामला हरियावां थाना क्षेत्र के देवरिया प्रसिद्ध नगर का है। जानकारी के अनुसार शादीशुदा महिला का अपने प्रेमी संग प्रेम-प्रसंग चल रहा थ। महिला के दो बच्चे भी हैं। इस बात की जानकारी जब पति को हुई तो वह उस पर नजर रखने लगा।

# धोखाधड़ी कर यूपी पुलिस में सिपाही परीक्षा की पास

### वेरिफिकेशन भी फर्जी, जांच में पकड़े

**महानगर संवाददाता**
एटा

यूपी में फिर परीक्षा में धोखाधड़ी का मामल सामने आया है। इस बार एटा में धोखाधड़ी कर पुलिस विभाग में सिपाही की परीक्षा पास कर ली। वेरीफिकेशन के दौरान भी आपराधिक मामले को छिपा लिया। शिकायत पर हुई जांच के बाद मामला सामने आया है। मामले में दरोगा ने आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के आधार पर जांच की जा रही है। जांच में आरोपी सामने आ गए हैं। पुलिस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की बात कह



रही है। जानकारी के अनुसार थाना अवागढ़ में तैनात दरोगा गौतम सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी अभिषेक ने साल 2022 छोटे भाई सचिन के नाम पर एसएसजी की परीक्षा दी थी। भाई के स्थान पर परीक्षा देते समय आरोपी पकड़े जाने पर जेल भी गया था। हालांकि, आरोपी ने अपना असली नाम नहीं बताया था। अपनी पहचान उजागर न करते हुए भाई का ही नाम बताया था। जिसके बाद आरोपी जेल से बाहर भी आ गया था। आरोप है कि आरोपी ने तथ्यों को छिपाते हुए पुलिस विभाग में आरक्षी पद की परीक्षा दी थी जिसमें यह पास हो गया। इसके बाद पुलिस ने वेरीफिकेशन किया। वेरीफिकेशन के दौरान अभ्यर्थी अभिषेक ने वेरीफिकेशन, चरित्र सत्यपान को भरवाये गये फार्म में तथ्य छिपाए है और जेल जाने की बात नहीं बताई थी।

# दुल्हन की करतूत से टूट गए ससुराल वाले

## दूल्हे का बिगड़ा मानसिक संतुलन; सात दिन बाद मौत

**बदायूं।** कहते हैं शादी के बाद पति-पत्नी दो जिस्म एक जान हो जाती है। दोनों से कोई एक जब जुदा होता है तो उसकी जुदाई के गम में दूसरा शख्स अपने प्राण तक छोड़ देता है। ऐसा ही एक मामला यूपी के बदायूं से सामने आया है। यहां एक युवक की डेढ़ महीने पहले शादी हुई थी। युवक अपनी पत्नी को बहुत मानता था। वह उसे बेपनाह मोहब्बत करने लगा था, लेकिन बीवी के दिमाग में कुछ और ही पक रहा था। पति को इसकी खबर ही नहीं थी। एक दिन पत्नी ने अपने पति को ऐसा धोखा दिया जिसके बारे में वह कभी सोच भी नहीं सकता था। बीवी ने पति समेत ससुराल वालों को नशा दे दिया। इसके बाद सभी होश



खो बैठे और बेहोश हो गए। फिर महिला ने मौके का फायदा उठाया और जेवर लेकर प्रेमी संग फरार हो गई। बीवी की बेवफाई के बारे में जब पति को जानकारी हुई तो वह अंदर से टूट गया। पत्नी के जाने के गम में पति मानसिक दबाव में आ गया। उसके खाना-पीना भी छोड़ दिया। वियोग और सदमे की हालत में उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई और सात दिन की तड़प के बाद उसकी मौत हो गई।

### स्पीकर और विधायक की सिफारिश भी नहीं आई काम

# डीएम से विवाद पर सस्पेंड हुए कानपुर CMO

**महानगर संवाददाता**
कानपुर

कानपुर डीएम और सीएमओ के बीच चल रहे विवाद में बड़ा ऐक्शन हुआ है। यूपी सरकार ने कानपुर सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी को सस्पेंड कर दिया गया। उनकी जगह श्रावस्ती के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. उदयनाथ को कानपुर का नया सीएमओ बनाया गया। डॉ. हरिदत्त नेमी को कानपुर से न हटाए जाने की स्पीकर महाना से लेकर कई विधायक भी सिफारिश कर चुके हैं। इसके बाद भी सीएमओ पर गाज गिर गई और उन्हें गुरुवार को सस्पेंड कर दिया गया।

पिछले दिनों डीएम की ओर से





सीएमओ के निलंबन की संस्तुति करते हुए शासन को पत्र भेजा गया था। इसके बाद सीएमओ के वायरल हो रहे ऑडियो को लेकर स्थिति गंभीर हो गई। रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की ओर से सीएमओ के पक्ष में उपमुख्यमंत्री को लिखा 11 जून का पत्र वायरल हुआ। इसके अलगे ही दिन कानपुर के चार विधायकों के पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को लिखे गए लेटर में महाना ने सीएमओ का तबादला न करने की बात लिखी थी। लेटर में लिखा था, सीएमओ आवास पर आए थे। उन्होंने तबादला होने की बात बताई थी। पूरी बात सुनने के बाद मैंने 11 जून को डिप्टी सीएम एवं चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा था। कानपुर में तैनात सीएमओ का कार्य एवं व्यवहार आमजन और जनप्रतिनिधियों के प्रति मृदुल व सराहनीय है। जनहित में इन्हें बनाए रखने पर विचार हो। रही बात डीएम और सीएमओ के बीच विवाद की तो जानकारी नहीं है।

# विधायक और बीजेपी एमएलसी प्रकरण में अमिताभ ठाकुर की एंट्री

## आरोपों की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**बस्ती।** यूपी में बस्ती मंडल में निषाद पार्टी विधायक अनिल तिवारी की ओर से भाजपा एमएलसी और उनके कथित प्रतिनिधि पर लगाए गए आरोपों में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर की इंट्री से नया मोड़ आ गया है। गुरुवार को अमिताभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर निषाद पार्टी के मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी द्वारा भाजपा एमएलसी सुभाष यदुवंशी के संबंध में लगाए गए आरोपों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

उन्होंने कहा कि अनिल त्रिपाठी ने 17 जून को मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सुभाष यदुवंशी और उनके कथित प्रतिनिधि प्रतापगढ़ निवासी सूरज सिंह सोमवंशी



पर गंभीर आरोप लगाए थे। अनिल त्रिपाठी के अनुसार सूरज सोमवंशी सुभाष यदुवंशी के नाम पर बस्ती मंडल के तीनों जिलों बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर में सरकारी विभागों, पीडब्लूडी, नगर विकास सिंचाई विभाग आदि में ठेकेदारों को ठेका दिलाने में सौदेबाजी का काम करते हैं। उन्होंने सूरज सोमवंशी द्वारा इस कार्य के लिए बिना आवंटन के अनधिकृत रूप से कई दिनों तक इन जिलों के गेस्ट हाउस में रुकने की बात कही है।

### यूपी में प्री मानसून फुहार

# लखनऊ-बनारस समेत कई जिलों में बरसात से कम हुई तपिश

**महानगर संवाददाता**
लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मौसम पूरी तरह से बदल गया है। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में बारिश शुरू हो गई है। हालांकि अभी रुक-रुक कर बारिश हो रही है। यह बारिश का सिलसिला अगले कुछ दिनों तक जारी रहने वाला है। बारिश के साथ तेज हवा चलने से मौसम सुहाना हो गया है। एक ओर जहां तापमान में गिरावट आई है उसकी वजह से आम जनता को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को 24 घंटे में पूरे ईस्ट यूपी में बारिश हो जाएगी।



इसके साथ ही वेस्ट यूपी के साउथ हिस्से में बारिश हो सकती है। लो प्रेशर सिस्टम आगे बढ़ रहा है। आज मानसून ने बिहार का ज्यादातर हिस्सा कवर कर लिया है। वो नेपाल की तराई में यूपी के बॉर्डर पर पहुंच गया है। सोनभद्र से बलिया होते हुए जा रहा है। अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसून अगले दो से तीन दिनों में प्रदेश का ज्यादातर हिस्सा कवर कर सकता है। इसके लिए स्थितियां अनुकूल है। कल ईस्ट यूपी का और हिस्सा कवर कर लेगा। अतुल कुमार सिंह ने बताया कि राजधानी लखनऊ में मध्यम बारिश हो सकती है।

### इन जिलों में बारिश के बीच चलेंगी तेज हवाएं

इसी तरह सोनभद्र, मिर्जापुर, प्रयागराज, संतरविदास नगर, वाराणसी, जौनपुर, प्रतापगढ़, चित्रकूट, महोबा, बांदा, कौशाम्बी, हमीरपुर, फतेहपुर, जालौन, रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, ललितपुर, झांसी, इटावा, आगरा और फिरोज़ाबाद में अगले कुछ कुछ घंटे में बारिश और 30 से 40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। मैनपुरी, इटावा, कासगंज, आजमगढ़ में मध्यम बारिश व 30 से 40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है।

# नदी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

## एक दूसरे को बचाने में गई दोनों की जान

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले के दिलदारनगर थाना क्षेत्र के खजुरी गांव से गुजरी कर्मनाशा नदी में दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई है। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। परिजनों में चीख- पुकार मची रही। वहीं मौके पर मौजूद पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रहमान और उसका छोटा भाई अरमान नदी में स्नान करने गए थे। जहां पैर फिसलने से गहरे पानी में चले गए। हालांकि दोनों को डूबते देख वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया। स्थानीय लोगों ने जान पर खेलकर नदी से बाहर निकाला और आनन-फानन स्थानीय अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान दोनों



की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि एक भाई को बचाने में दूसरे की भी जान चली गई।

उधर, घटना के बाद परिवार में चीख- पुकार मच गई। महिलाओं का रोना- बिलखना देख हर किसी का कलेजा फटा जा रहा था। सभी की जुबान पर केवल एक ही बात थी कि काश दोनों भाई एक साथ नहाने नहीं गए होते।

# कनाडा-साइप्रस-क्रोएशिया में पीएम ने दिए खास तोहफे

महानगर नेटवर्क
जाग्रेब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की यात्रा पूरी हो गई है। पीएम मोदी ने साइप्रस में राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस से मुलाकात की। इसके बाद कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इसके बाद पीएम मोदी क्रोएशिया पहुंचे और वहां राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच और प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच से मुलाकात की। अपने दौरे पर पीएम मोदी देश के पारंपरिक उपहार लेकर गए थे। यात्रा के दौरान उन्होंने साइप्रस, कनाडा के जी-7 शिखर सम्मेलन और क्रोएशिया में जिन-जिन नेताओं से मुलाकात की, सभी को उपहार भेंट किए।

### क्रोएशिया के राष्ट्रपति को भेंट किया पट्टचित्र

क्रोएशिया के राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच को ओडिशा की एक पट्टचित्र पेंटिंग उपहार में दी। पट्टचित्र ओडिशा की पारंपरिक कला रूप है। यह कपड़े पर अपनी विस्तृत और रंगीन पेंटिंग के लिए जाना जाता है। इसका नाम पट्टा यानि कपड़ा और चित्र से आया है। ये कलाकृतियां आमतौर पर भारतीय पौराणिक कथाओं, खासकर भगवान कृष्ण और जगन्नाथ परंपरा से जुड़ी हैं। कलाकार बोल्ड लाइन और विस्तृत दृश्य बनाने के लिए प्राकृतिक रंगों और हस्तनिर्मित ब्रश का उपयोग करते हैं।

### क्रोएशिया के प्रधानमंत्री को उपहार में दिया सिल्वर कैंडल स्टैंड

प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच को सिल्वर कैंडल स्टैंड उपहार में दिया। राजस्थान का यह सिल्वर कैंडल स्टैंड क्षेत्र की पारंपरिक धातु कला का सुंदर उदाहरण है। कुशल कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित और उत्कीर्णन तकनीकों का उपयोग करके बनाए गए विस्तृत पुष्प और ज्यामितीय डिजाइन हैं। इसका सुंदर आकार और बढ़िया पैटर्न इसे एक शाही और कालातीत रूप देते हैं। राजस्थान के उदयपुर और जयपुर जैसे शहर अपनी चांदी की शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध हैं। डिजाइन अक्सर महलों और मंदिरों से प्रेरित होते हैं।

**भारत के आठ राज्यों से है गहरा नाता**



## अल्बर्टा की प्रीमियर को भी दिया उपहार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के दौरान अल्बर्टा की प्रीमियर डेनियल स्मिथ को सिल्वर नक्काशी वर्क के साथ आबनूस की लकड़ी की जाली वर्क बॉक्स भेंट किया। यह खूबसूरत प्रेजेंटेशन बॉक्स गहरे रंग की भारतीय आबनूस की लकड़ी से बना है और राजस्थान का है। इसमें विस्तृत सिल्वर इनले वर्क और ढक्कन पर रंगीन हाथ से पेंट किया गया मोर है। बॉक्स को प्रसिद्ध भारतीय स्मारकों से प्रेरित पारंपरिक जाली डिजाइन का उपयोग करके कुशल कारीगरों द्वारा हाथ से उकेरा गया है। इसमें चांदी की जड़ाई की गई है। यह सदियों पुरानी कला है जिसमें चांदी की चादरों को सावधानीपूर्वक आकार दिया जाता है और हाथ से जोड़ा जाता है।

### पीएम मोदी ने मार्क कार्नी को भेंट किया पीतल का बोधि वृक्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को G7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के दौरान पीतल का बोधि वृक्ष भेंट किया। बिहार से पीतल का यह बोधि वृक्ष मूर्ति कला का एक सुंदर और सार्थक नमूना है। पीतल से हाथ से बनाया गया। यह पवित्र बोधि वृक्ष उस स्थान को दिखाता है जहा बुद्ध को बोधगया में ज्ञान प्राप्त हुआ था। विस्तृत पत्तियां और शाखाएं स्थानीय कारीगरों के कौशल और देखभाल को दर्शाती हैं। बौद्ध धर्म में, बोधि वृक्ष ज्ञान, शांति और आध्यात्मिक जागृति का प्रतीक है। यह मूर्ति, अपनी चमकदार फिनिश और मजबूत डिज़ाइन के साथ, ध्यान कोनों, अध्ययन कक्षों या घर में शांतिपूर्ण स्थानों के लिए एकदम सही है।

## मोदी का 3 देशों का दौरा खत्म, भारत लौटे

- पांच दिन में 27 हजार किमी का सफर किया
- साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया गए

नई दिल्ली। PM मोदी पांच दिन का विदेश दौरा पूरा करके गुरुवार को भारत लौट आए हैं। प्रधानमंत्री सबसे पहले 15-16 जून को साइप्रस में रहे। फिर 17 जून को कनाडा पहुंचे, 18 जून को G7 समिट में हिस्सा लिया। फिर क्रोएशिया गए। बुधवार को क्रोएशिया की राजधानी जगरेब में पीएम मोदी के स्वागत में मंत्र पढ़े गए और भारतीय नृत्य पेश किया गया। इसके बाद PM मोदी भारतीय समुदाय के लोगों से मिले ।मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच से द्विपक्षीय बातचीत की। ये किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। यहां 17 हजार से ज्यादा भारतीय रहते हैं।

# ऑपरेशन सिंधु- ईरान से रेस्क्यू 110 भारतीय छात्र दिल्ली पहुंचे

- कहा- वहां हालात खराब होते जा रहे
- सभी मेडिकल स्टूडेंट, आर्मेनिया के रास्ते लाए गए



**नई दिल्ली।** ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्र सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान-इजराइल जंग में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। भारत पहुंचे छात्रों ने बताया, 'वहां के हालात हर दिन खराब होते जा रहे हैं। खासकर तेहरान में स्थिति बहुत खराब है। युद्ध अच्छी चीज नहीं है। इंसानियत ही मारी जाती है। ईरान से निकाले गए ये छात्र मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे, जहां उन्हें राजधानी येरेवन के होटलों में ठहराया गया। इसके बाद आज इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया गया। इंडिगो की एक फ्लाइट आर्मेनिया के येरेवन एयरपोर्ट से इन छात्रों को लेकर कतर की राजधानी दोहा के लिए रवाना हुई थी। इसके बाद एक दूसरी फ्लाइट से इन्हें दोहा से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लाया गया। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने छात्रों को ईरान से बाहर निकालने की पुष्टि की थी।

# तलाशी के समय ताला तोड़ सकती है ED

**पर नहीं कर सकती ये काम** | **एजेंसी ने हाईकोर्ट को क्या बताया?**




महानगर नेटवर्क
चेन्नई

मनी लॉन्ड्रिंग और आर्थिक मामलों से जुड़े भ्रष्टाचार की जांच करने वाली देश की प्रमुख एजेंसी ED यानी प्रवर्तन निदेशालय ने हाल ही में अपने अधिकारों के बारे में हाईकोर्ट को सूचित किया है। ED ने मद्रास उच्च न्यायालय से कहा है कि अगर PLMA के प्रावधानों के तहत तलाशी लेने पहुंचे अधिकारियों को कोई परिसर बंद मिला हो, तो उनके पास परिसर को सील करने का अधिकार नहीं है। बता दें कि कोर्ट में फिल्म निर्माता आकाश भास्करन और व्यवसायी विक्रम रवींद्रन द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई चल रही थी। सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने बुधवार को जस्टिस एम एस रमेश और जस्टिस वी लक्ष्मीनारायणन की खंडपीठ के समक्ष याचिका पेश किए जाने के बाद ED की ओर से दलील दी। आकाश और विक्रम ने याचिका में अपने आवास और दफ्तर में तलाशी लेने और उसे सील करने की ईडी की कार्रवाई को चुनौती दी है।

मामला सामने आने पर कोर्ट ने परिसर को सील करने के ईडी के अधिकार पर सवाल उठाया। इस दौरान सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी के पास परिसर को सील करने का कोई अधिकार नहीं है। हालांकि, उसके पास धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) की धारा 17 के तहत ताला तोड़ने की शक्तियां हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन ईडी मामले को बढ़ाना नहीं चाहती थी। उन्होंने पीठ को यह भी बताया कि ईडी को याचिकाकर्ताओं के परिसरों पर चिपकाए गए नोटिस को वापस लेने और जब्त की गई सभी सामग्री वापस करने का निर्देश दिया गया है।

# सुखबीर सिंह बादल को एक और मोहलत

## 20 दिनों में पटना साहिब में हाजिर होने का आदेश

महानगर नेटवर्क
पटना सिटी



तख्त श्री हरिमंदिरजी में पंच प्यारों की बैठक रविवार को जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पंच प्यारों ने हुकुमनामा जारी करते हुए अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल को 20 दिनों की मोहलत दी है। पंच प्यारों ने बादल को 20 दिनों के अंदर हाजिर होने और अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, भाई गुरुदयाल सिंह, सीनियर मीत ग्रंथी ज्ञानी परशुराम सिंह, मीत ग्रंथी अमरजीत सिंह शामिल हुए। पंच प्यारों ने हुकुमनामा जारी करते हुए अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल को 20 दिनों का समय दिया है और पंच प्यारों के सामने शारीरिक रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। हुकुमनामा के अनुसार एसजीपीसी के अध्यक्ष सरदार हरजिंदर सिंह धामी ने पंच प्यारों से फोन के जरिए कुछ और मोहलत मांगी थी। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी के अनुरोध पर विचार करते हुए पंच प्यारों ने बादल को 20 दिन का और समय दिया है।

# ईरान-इजरायल जंग में न हो बेअदबी

**गुरु ग्रंथ साहिब की रक्षा सुनिश्चित करे सरकार ■ केंद्र से SGPC की मांग**

महानगर नेटवर्क
अमृतसर



ईरान-इजरायल जंग के दौरान वहां के गुरुद्वारों और श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पवित्र स्वरूपों का अपमान न हो इसके लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने केंद्र सरकार से बड़ी मांग की है। धामी ने गुरुवार को भारत सरकार से आग्रह किया कि वह ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध जैसे हालात के मद्देनजर वहां स्थित गुरुद्वारों और श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पवित्र स्वरूपों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उचित कदम उठाए। गुरुवार को एसजीपीसी कार्यालय से जारी एक बयान में धामी ने इस बात पर जोर दिया कि सिख समुदाय के लिए श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रति सर्वोच्च सम्मान है। लिहाजा, उनका सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ईरान और इजरायल में मौजूदा जंग की परिस्थितियों के कारण, वहां मौजूद गुरुद्वारों और श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पवित्र स्वरूपों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकारों की जिम्मेदारी है।

### राजनयिक मंचों का उपयोग करे सरकार

उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार को अपने राजनयिक संबंधों और अंतरराष्ट्रीय मंचों का उपयोग करके ईरान और इजराइल की सरकारों के साथ बातचीत करनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि गुरुद्वारों या श्री गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को कोई नुकसान न पहुंचे और उनकी पवित्रता भी पूरी तरह से सुरक्षित बनी रहे।

### ईरान और इजराइल में रहने वाले सिखों से भी अपील

धामी ने ईरान और इजराइल में रहने वाले सिखों से भी अपील की है कि वे स्थानीय अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क में रहें ताकि गुरुद्वारों और पवित्र स्वरूपों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है और उम्मीद करती है कि भारत सरकार इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर तुरंत और संवेदनशील तरीके से काम करेगी।

# संविधान की वजह से ही तोड़ पाया जाति की बेड़ियां

**सामाजिक न्याय पर बोले CJI गवई**



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने कहा है कि समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी देश असल में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा है कि समाज में स्थिरता, सामंजस्य और सतत विकास करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय सबसे अहम है। CJI बुधवार को मिलान में एक कार्यक्रम को संबोधित करने पहुंचे थे। इस दौरान CJI को सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिका: भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब'' विषय पर बोलने के लिए आमंत्रित किया गया था।

आमंत्रण के लिए चैंबर ऑफ इंटरनेशनल लॉयर्स को धन्यवाद देते हुए, न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में पिछले 75 वर्षों में भारतीय संविधान की यात्रा महान रही है। जस्टिस गवई ने कहा, ''भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय संविधान के निर्माता इसके प्रावधानों का मसौदा तैयार करते समय सामाजिक-आर्थिक न्याय की अनिवार्यता को लेकर सचेत थे। संविधान को औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता के लिए एक लंबे और कठिन संघर्ष के बाद तैयार किया गया था।''

उन्होंने आगे कहा, ''मैंने अक्सर कहा है, और मैं आज यहां फिर दोहराता हूं कि समावेश और परिवर्तन के इस संवैधानिक दृष्टिकोण के कारण ही मैं भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में आपके सामने खड़ा हूं।

### सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता

इस दौरान प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्याय महज आदर्श चीज नहीं है और इसे सामाजिक संरचनाओं में जड़ें जमानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। दूसरे शब्दों में, स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और विकास प्राप्त करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है।''

# इम्पैक्ट रैंकिंग 2025: एशिया के विश्वविद्यालयों का दबदबा

**शीर्ष 100 में भारत की 4 यूनिवर्सिटी ■ अमृता विद्यापीठम ने दुनिया के शीर्ष 50 संस्थानों में बनाई जगह**



**हैदराबाद।** टाइम्स हायर एजुकेशन यूनिवर्सिटी इम्पैक्ट रैंकिंग 2025 में एशिया के विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ी है. हालांकि शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व मामूली है. संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में उनके योगदान के लिए मूल्यांकन किए गए 2,526 विश्वविद्यालयों में से सिर्फ दो भारतीय संस्थान शीर्ष 50 में जगह बना पाए, जबकि चार शीर्ष 100 में जगह बनाने में सफल रहे.18 जून 2025 को THE वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के 2025 संस्करण के जारी होने के साथ अमृता विश्व विद्यापीठम शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल होने वाला देश का एकमात्र उच्च शिक्षा संस्थान बन गया है। 18 जून को जारी टाइम्स हायर एजुकेशन यूनिवर्सिटी इम्पैक्ट रैंकिंग 2025 में शीर्ष 100 में भारत के चार विश्वविद्यालय शामिल हैं. इन संस्थानों में सबसे आगे अमृता विश्व विद्यापीठम (कोयंबटूर) है, जो दुनिया भर में 41वें स्थान पर है. इसके बाद लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (48वें),जेएसएस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च (56वें) और शूलिनी यूनिवर्सिटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज (96वें) हैं.

### वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी इम्पैक्ट रैंकिंग में शीर्ष पर

वैश्विक स्तर पर ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ने लगातार चौथे साल इम्पैक्ट रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है. ब्रिटेन की मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी दूसरे और दक्षिण कोरिया की क्यूंगपुक नेशनल यूनिवर्सिटी तीसरे स्थान पर है.

### IIT दिल्ली बनी भारत की टॉप यूनिवर्सिटी

इस साल की रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) दिल्ली को 123वां स्थान मिला है, जो भारत का सर्वोच्च स्थान है। इसके अलावा कई अन्य IITs और प्रमुख विश्वविद्यालयों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

# ईरान में TV प्रसारण हैक कर अशांति-हिंसा भड़काने की साजिश

**इस्राइल में नेताओं को मिलीं धमकियां**

**नई दिल्ली।** इस्राइल और ईरान के बीच सीधा संघर्ष शुरू हुए अब एक हफ्ता हो चुका है। दोनों ही देशों ने लगातार सातवें दिन एक-दूसरे पर हमले जारी रखे। जहां इस्राइल ने गुरुवार सुबह ईरान के अरक परमाणु ठिकाने को निशाना बनाने की बात कही तो वहीं ईरान ने सीधे इस्राइल के प्रमुख शहरों को निशाना बनाया और उसकी स्टॉक एक्सचेंज की इमारत को नुकसान पहुंचाया है। इसके अलावा बीरशेबा में एक अस्पताल के भी तबाह होने की खबरें आई हैं। दोनों ही पक्षों की तरफ से इस संघर्ष को रोकने से जुड़ी कोशिशें नजर नहीं आतीं, उल्टा संघर्ष के मैदान से दूर दोनों पक्षों के बीच एक और नई जंग उभर चुकी है। यह है मनोवैज्ञानिक युद्ध, जो कि दोनों ही देश एक-दूसरे के खिलाफ इस्तेमाल कर रहे हैं।

### ईरान में कैसे सूचनाओं की जंग लड़ रहा इस्राइल?

ईरान में बुधवार को टेलीविजन पर चैनलों के प्रसारण के दौरान अचानक ब्रॉडकास्ट से छेड़छाड़ हुई। इसके बाद लोगों को टीवी पर ऐसी सामग्री दिखने लगी, जिसके जरिए लोगों को सुप्रीम लीडर के शासन के खिलाफ आंदोलन के लिए भड़काने की कोशिश की गई।

# अल्पसंख्यकों को कर्नाटक सरकार देगी एक और सुविधा

**हाउसिंग स्कीम में बढ़ा दिया आरक्षण**



**नई दिल्ली।** कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को अल्पसंख्यकों के लिए एक बड़ा फैसला लिया। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने अल्पसंख्यक समुदायों को आवास योजना में मिलने वाले आरक्षण को 10 फीसदी से बढ़ाकर 15 फ़ीसदी कर दिया। गुरुवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई और इसी में यह बड़ा निर्णय लिया गया।

### हाउसिंग योजना के लिए बढ़ाया आरक्षण

कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राज्य के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एच के पाटिल ने कहा, "राज्य भर में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है। राज्य में अल्पसंख्यकों में बेघरों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।"

# केंद्र ने खरगे के बेटे को नहीं दी अमेरिका जाने की इजाजत

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली


**कर्नाटक सरकार में मंत्री हैं प्रियांक**



केंद्र सरकार ने कर्नाटक के आईटी एवं बायोटेक्नोलॉजी मंत्री तथा कांग्रेस नेता प्रियांक खरगे को अमेरिका यात्रा की अनुमति नहीं दी है। इसको लेकर अब विवाद खड़ा हो गया है। प्रियांक खरगे अमेरिका में प्रस्तावित टेक्नोलॉजी कॉन्फ्रेंस में भाग लेने वाले थे, लेकिन उन्हें अंतिम समय पर यात्रा की अनुमति नहीं मिली। मंगलवार शाम को एक्स पर एक पोस्ट करते हुए खरगे ने कहा कि वह फिलहाल इस विषय पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन बेंगलुरु लौटने के बाद केंद्र सरकार से इस फैसले पर स्पष्टीकरण मांगेंगे। उन्होंने लिखा, "मैं अभी इस मुद्दे पर कोई सार्वजनिक बयान देने से बच रहा हूं। बेंगलुरु लौटने के बाद भारत सरकार से इस अनुमति को न देने का स्पष्ट कारण पूछूंगा।" प्रियांक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे हैं। वह 11 जून से फ्रांस में हैं, जहां उन्होंने VivaTech 2025 और पेरिस एयर शो जैसे आयोजनों में भाग लिया। इसके बाद उनका कार्यक्रम अमेरिका जाने का था, जहां वह पहले BIO इंटरनेशनल कन्वेंशन (बॉस्टन) में और फिर डिजाइन ऑटोमेशन कॉन्फ्रेंस (सैन फ्रांसिस्को) में भाग लेने वाले थे। BIO सम्मेलन दुनिया का सबसे बड़ा बायोटेक इवेंट माना जाता है। प्रियांक खरगे के कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, उन्होंने अमेरिका यात्रा के लिए केंद्र सरकार से पूर्व अनुमति मांगी थी। पहले तो इस पर विलंब हुआ और फिर अंतिम समय पर अनुमति पूरी तरह से नकार दी गई। हालांकि, राज्य सरकार के अधिकारी जो उनके साथ यात्रा कर रहे थे, उन्हें अमेरिका जाने की अनुमति मिल गई। माना जा रहा है कि मंत्री खरगे गुरुवार को बेंगलुरु लौटेंगे, जिसके बाद वह इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार से औपचारिक तौर पर स्पष्टीकरण मांग सकते हैं।

# प्लेन क्रैश में मारी गई मणिपुर की एयरहोस्टेस

**नागालैंड के रास्ते सौंपा जाएगा शव**



**इंफाल।** एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान के मृतकों में शामिल 25 वर्षीय एयरहोस्टेस लमनुंथीम सिंगसन के पार्थिव शरीर की पहचान डीएनए प्रोफाइलिंग के जरिए हो चुकी है। आज उनके शव को परिवार को सौंपा जाएगा। मामले से जुड़े अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मणिपुर के कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (केएसओ) कांगपोकपी की ओर से बताया गया कि सिंगसन का पार्थिव शरीर नगालैंड के दीमापुर एयरपोर्ट के जरिए मणिपुर लाया जाएगा। एयरपोर्ट पर 1:30 बजे परिजनों और संगठन के सदस्य पार्थिव शरीर को रिसीव करेंगे। जातीय तनाव के कारण उनके शव को इंफाल के बजाय नागालैंड के दीमापुर हवाई अड्डे के रास्ते लाया जाएगा। कुकी-जो समुदाय से आने वाली लमनुंथीम सिंगसन 12 जून को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की उड़ान AI-171 में चालक दल की सदस्य थीं। उड़ान के कुछ ही क्षणों बाद विमान एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकरा गया, जिसमें 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में से 241 की मौत हो गई, साथ ही जमीन पर 29 लोगों की जान चली गई। इस हादसे में केवल एक यात्री जीवित बचा। केएसओ कांगपोकपी इकाई के महासचिव के. शोंग्रेंग ने बताया, "सुरक्षा कारणों से परिवार ने इच्छा जताई कि पार्थिव शरीर इंफाल होते हुए मेइती इलाकों से होकर कांगपोकपी न लाया जाए। इसलिए दीमापुर एयरपोर्ट के रास्ते शव को सड़क मार्ग से कांगपोकपी लाया जाएगा। परिजन और संगठन के प्रतिनिधि गुरुवार सुबह दीमापुर के लिए रवाना हुए।"बता दें कि सिंगसन का परिवार पहले इंफाल के न्यू लामबुलेन इलाके में रहता था, लेकिन मई 2023 में राज्य में मेइती और कुकी-जो समुदायों के बीच भड़के जातीय संघर्ष के बाद वे कांगपोकपी हिल जिले में आकर रहने लगे। इसी तरह, कई मेइती परिवारों ने भी पहाड़ी जिलों से पलायन कर इंफाल घाटी में शरण ली। इन क्षेत्रों में अब स्थानीय मिलिशिया सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालते हैं, जबकि केंद्रीय बल केवल बफर जोन का काम कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, सोमवार और मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व सरकारी प्रतिनिधियों ने सिंगसन के परिवार से मुलाकात कर उन्हें इंफाल एयरपोर्ट से शव लाने के लिए सुरक्षा काफिले की पेशकश की थी, लेकिन परिवार ने इंफाल न जाकर दीमापुर के रास्ते शव लाने को प्राथमिकता दी।

# देश में कोरोना से 116 मौतें

**6 हजार एक्टिव केस, बीते 24 घंटे में 500 मरीज ठीक हुए, 3 लोगों की मौत**



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या घटकर 5976 हो गई है। बीते 24 घंटे में 507 मरीज रिकवर हुए हैं। वहीं 40 नए केस भी सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, जनवरी 2025 से लेकर अब तक नए वैरिएंट से 116 मौतें हुई हैं। बुधवार को 3 लोगों ने जान गंवाई है। दिल्ली में 2 और केरल में एक मौत हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1309 एक्टिव केस हैं। सबसे ज्यादा मौतें भी केरल में 37 हुई हैं। गुजरात में 1046 और पश्चिम बंगाल में 747 मामले हैं। नया वैरिएंट देश के 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैल गया है।

# राहुल का नया पता-लुटियंस जोन का सुनहरी बाग

## 55वें जन्मदिन पर शिफ्ट हुए, अभी मां सोनिया के घर में रहते थे




**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का आज 55वां जन्मदिन है। आज ही राहुल ने सुनहरी बाग रोड में बने टाइप-8 बंगले में शिफ्ट हुए हैं। यह बंगला उन्हें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होने के नाते आवंटित किया गया है। संसदीय आवास समिति ने उन्हें 5 सुनहरी बाग रोड, 7 मोतीलाल नेहरू मार्ग और 3 कृष्णा मेनन मार्ग बंगले का ऑप्शन दिया था। इसमें से राहुल ने सुनहरी बाग को चुना। इससे पहले राहुल, सोनिया गांधी के साथ 10 जनपथ में रहते थे। 2023 में उन्होंने 12 तुगलक लेन का बंगला खाली किया था। जो 19 साल उनके पास था। लेकिन सांसदी जाने के बाद बंगला खाली करना पड़ा।

### सुनहरी बाग रोड पर बना बंगला क्यों है खास

राहुल को जो बंगला मिला है वह लुटियंस जोन में है। यहां देश के कई बड़े राजनेताओं, मंत्रियों और जजों के बंगले होते हैं। यह बंगला पहले सीनियर कैबिनेट मंत्रियों या आयोग के प्रमुखों को आवंटित होता रहा है। यह हाई सिक्योरिटी एरिया है। बंगले का क्षेत्रफल 2000 से 3000 वर्ग मीटर के करीब है। बंगले में 4 से 5 बड़े बेडरूम और ऑफिस शामिल हैं। मीटिंग हॉल, प्राइवेट लॉन, सुरक्षा कर्मी कक्ष, स्टाफ क्वार्टर और कार पार्किंग भी है। इसमें बड़ी बैठकें, मीडिया कॉन्फ्रेंस और राजनीतिक गतिविधियों के लिए पर्याप्त जगह है, जो विपक्ष के नेता होने के नाते राहुल गांधी की जरूरतों के मुताबिक है।

# वास्तु के अनुसार उत्तरमुखी घर क्यों माना गया है शुभ

**वास्तु में उत्तर मुखी घर को शुभ माना गया है। उत्तर दिशा को धन के देवता भगवान कुबेर की दिशा है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, उत्तर मुखी मकान को शुभ माना गया है। मान्यता है कि यह धन, सुख-समृद्धि व संपन्नता के साथ सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है। उत्तर दिशा को धन के देवता भगवान कुबेर की दिशा माना गया है। इसलिए उत्तर दिशा को धन व संपन्नता से जुड़ा माना गया है। जानें वास्तु एक्सपर्ट से उत्तर मुखी घर क्यों शुभ होते हैं और उत्तर मुखी घर की शुभता के लिए क्या उपाय करने चाहिए।**





### कुबेरजी की दिशा

वास्तु के अनुसार, जब घर से बाहर निकलते हुए हमारा मुख उत्तर दिशा की ओर होता है तो वह मकान उत्तर दिशा का होता है। यह कुबेरजी की दिशा मानी जाती है और धन को आकर्षित करती है। बैंकिंग तथा वित्त से जुड़े कार्य करने वालों के लिए यह घर अच्छे होते हैं।

**शुभ परिणाम के लिए करें ये काम :-** वास्तु के अनुसार, अगर उत्तर दिशा को साफ-सुथरा रखते हैं, वहां हरे पौधे रखते हैं तो जीवन में बहुत नए अवसर मिलते हैं। उत्तर दिशा से और ज्यादा शुभ परिणाम प्राप्त करने के लिए वहां पर एक पीतल की गदा लगाएं।

### सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार

वास्तु के अनुसार, उत्तर मुखी घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाहित होती रहती है, जिससे घर का वातावरण सकारात्मक व सुखद रहता है। उत्तर मुखी मकान में रहने वाले लोगों को मानसिक शांति के साथ शारीरिक स्वास्थ्य में भी लाभ मिलता है।

### सूर्य की रोशनी

वास्तु के अनुसार, उत्तर मुखी मकान में पूरे दिन सूर्य की भरपूर रोशनी रहती है, जो कि घर के जरूरी है। कहा जाता है कि घर में सूर्य की रोशनी का प्रवेश शुभ माना गया है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है। इससे जीवन में आर्थिक उन्नति व करियर में सफलता मिलती है।

**मिलती है आर्थिक संपन्नता :-** माना जाता है कि उत्तर दिशा वाला घर भी समृद्धि और संपन्नता को आकर्षित करता है। उत्तर दिशा से बहने वाली सकारात्मक ऊर्जा आर्थिक उन्नति को बढ़ाती है और जीवन के कई पहलुओं में सफलता के अवसर लाती है।

# बारिश के मौसम में स्किन को मॉइस्चराइज करने में न करें ये गलतियां



**बारिश के मौसम में स्किन की ज्यादा केयर करनी पड़ती है। क्योंकि इस मौसम में त्वचा से जुड़ी परेशानियां बढ़ जाती हैं। वहीं मौसम के बदलने का असर आपकी स्किन पर पड़ता है। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही आपकी स्किन को खराब कर देती है। इस मौसम में उमस की वजह से पिंपल्स, एक्ने, डार्कनेस की समस्या ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे में स्किन को सही तरह से मॉइस्चराइज करना बहुत जरूरी है। तो आइए जानते हैं कि स्किन को मॉइस्चराइज करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।**

### लाइट वेट मॉइस्चराइजर का करें इस्तेमाल

बारिश के मौसम में अगर आप नहीं चाहते कि आपकी स्किन में कोई प्रॉब्लम हो तो सही तरह का मॉइस्चराइजर यूज करें। मॉइस्चराइजर ऐसा होना चाहिए जो आपकी स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल को कंट्रोल करने में हेल्प करें और आपकी स्किन को मॉइस्चराइज रखें। क्योंकि ह्यूमिडिटी की वजह से स्किन ज्यादा ऑयली हो जाती है।

### वॉटर बेस्ड मॉइस्चराइजर का करें यूज

बारिश के मौसम में ह्यूमिडिटी की वजह से स्किन में चिपचिपाहट महसूस होने लगती हैं ऐसे में आप हमेशा जेल बेस्ड मॉइस्चराइजर का ही इस्तेमाल करें जिससे आपकी स्किन हाइड्रेटेड रहे और पोर्स क्लॉग न हों।

### गलत मॉइस्चराइजर का चुनाव करना

हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से ही मॉइस्चराइजर का यूज करें। अगर आप अपने स्किन टाइप का ध्यान रखते हुए मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो ऐसे में आपको स्किन प्रॉब्लम हो सकती हैं। इसलिए हमेशा अपनी स्किन टाइप और केयर को ध्यान में रखते हुए मॉइस्चराइजर चुनें।

### स्किन को मॉइस्चराइज करने से पहले करें चेहरा साफ

आप कभी भी स्किन को मॉइस्चराइज करें तो इस बात का ध्यान रखें कि चेहरा साफ है या नहीं। पहले किसी माइल्ड फेस वॉश या साबुन से चेहरे को धो लें। फिर स्किन पर मॉइस्चराइजर लगाएं। अगर आप चेहरे को बिना साफ किए मॉइस्चराइज करते हैं तो आपको स्किन प्रॉब्लम्स जैसे पिंपल्स और एक्ने हो सकते हैं।

# मानसून में स्किन पर खुजली या जलन क्यों बढ़ जाती है?



**बारिश के मौसम में हवा में नमी और भी ज्यादा बढ़ जाती है।ऐसे में ह्यूमिडिटी भी रहती है जिसकी वजह से चिपचिपाहट का होना लाजमी है। उमस में नॉर्मल से अधिक पसीना आता है जो स्किन प्रॉब्लम्स को बढ़ाता है जिसके कारण खुजली, फंगल इंफेक्शन, जलन जैसी समस्याएं होने लगती हैं। बरसात में त्वचा पर खुजली होने के कई कारण हो सकते हैं, जिनको समय से पहचानकर आप इससे निजात पा सकते हैं। त्वचा पर खुजली की समस्या के कारण कुछ लोगों को त्वचा पर रैशेज और सूजन की दिक्कत भी हो जाती है। बारिश के मौसम में ह्यूमिडिटी के कारण चिपचिपाहट रहती है जिस वजह से ज्यादातर लोग पानी कम पीते हैं। इस मौसम में हम जो भी स जियां या फल बाजार से खरीदकर लाते हैं उनमें बैक्टीरिया और कीटाणु होते हैं जो हमारी सेहत के साथ-साथ स्किन के लिए भी नुकसानदायक होते हैं। अगर हम साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखते हैं तो इस वजह से भी स्किन प्रॉब्लम्स बढ़ जाती हैं।**

## न करें ये गलतियां

### नमी और पसीने है कारण

बारिश के मौसम में हवा में नमी बढ़ जाती है। जिस वजह से पसीना भी ज्यादा आता है जिसके कारण चिपचिपाहट होने लगती है। दरअसल, नमी और पसीने के कारण खुजली की समस्या बढ़ जाती है। क्योंकि पसीने और गंदगी की वजह से बैक्टीरिया और फंगस पनपने लगते हैं जो स्किन प्रॉब्लम्स को बढ़ावा देते हैं।

### साफ-सफाई न होना

बरसात के मौसम में अगर आप अपने आसपास साफ-सफाई नहीं रखते हैं तो इस वजह से आपको चेहरे पर जलन और खुजली की समस्या हो सकती है। इसलिए बारिश के मौसम में साफ-सफाई का खास ख्याल रखें।

### सूती कपड़े न पहनना


गर्मियों और बारिश के मौसम में आपको सूती कपड़े ही पहनने चाहिए ये कंफरटेबल होने के साथ-साथ आपकी स्किन को भी इरिटेट नहीं होने देते हैं। क्योंकि ये सॉफ्ट फैब्रिक का कपड़ा आपकी त्वचा को खुजली और जलन की समस्या से बचाता है।

### रोजाना न नहाना

कुछ लोग ऐसे होते हैं जो बारिश के मौसम में भी नहीं नहाते है। पर आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। बारिश के मौसम में तो शरीर को और ज्यादा साफ रखने की जरूरत होती है। इसलिए इस मौसम में आपको जरूर नहाना चाहिए। अगर आप चाहें तो नीम के पानी से भी नहा सकते हैं जिससे फंगल इंफेक्शन और बैक्टिरिया का खतरा कम हो जाता है।

# पौधे रखने के लिए बेस्ट है ये कोना

## जान लें ये 6 वास्तु टिप्स



**घर को सजाने के लिए हम कई कोशिशें करते हैं। अच्छी पेटिंग्स, बेहतरीन डिजाइन, डिजाइनर शोपीस से हम घर को खूब सजाते हैं। वहीं घर के कोनों में जान फूंकने के लिए अगर पौधे लगा लिए जाए तो बात ही अलग हो जाती है। इनडोर और आउटडोर रखे जाने वाले पौधे आपने भी अपने घर में खूब लगाए होंगे, लेकिन क्या ऐसा करने से पहले आपने कभी वास्तु के बारे में सोचा? वास्तु को ध्यान में रखकर प्लेस किए गए पौधे एक अलग तरह की एनर्जी बूस्ट करते हैं। तो चलिए जानते हैं कि आखिर पौधों को किस तरह से और कहां रखना चाहिए और उन्हें सही जगह रखने के बाद भी हमें किन चीजों का ध्यान रखना चाहिए?**

### पौधों को रखने की सही दिशा

बड़े पौधों जैसे बैम्बू या फिर स्नेक प्लांट को आप हमेशा घर की पूर्व दिशा में ही रखें। वहीं मनी प्लान्ट्स को आप घर की उत्तर दिशा में रखें। दोनों ही दिशाओं को काफी पॉजिटिव माना जाता है। ऐसे में आप सही दिशा में पौधों को रखकर ना सिर्फ घर की शोभा बढ़ा पाएंगे बल्कि इससे आपको खूब अच्छी एनर्जी भी मिलेगी और घर के सभी निगेटिव वाइब्स भी छूमंतर हो जाएंगे।

### इस पौधे को हमेशा रखें घर से बाहर

लोग अक्सर घरों में कांटेदार पौधे जैसे कैक्टस भी लगाते हैं। इसे घर के अंदर कभी नहीं रखना चाहिए। वास्तु के हिसाब से इसे घर के अंदर रखने से नेगेटिव एनर्जी आ सकती है। ऐसे में इस पौधे को घर के बाहर बालकनी या बगीचे में लगाना चाहिए।

### जानें कौन सा पौधा है सुपरहीरो

तुलसी का पौधा जिस भी घर में हो, वहां पॉजिटिव एनर्जी आनी ही आनी है। इसे घर के दक्षिण दिशा में लगाने से बचना चाहिए। तुलसी को आप अपने घर के उत्तर, पूर्व या फिर उत्तर-पूर्व दिशा में लगा सकते हैं।

### दिखावटी पौधों की नो-एंट्री

आजकल बाजार में मिलने वाले आर्टिफिशयल पौधे आपके घर की सुंदरता तो बढ़ा देंगे लेकिन इसे ना ही लगाएं तो बेहतर है। इनके मेंटेनेंस में कोई खर्चा तो नहीं आता है लेकिन ये खराब वाइब्स जरूर दे सकते हैं।

### नियमित रूप से देते रहे पानी

पौधों को लगातर इनकी देखभाल भी ठीक से करिए। समय-समय पर इनमें पानी-खाद डालते रहिए। साथ ही जरूरत पड़ने पर इनकी कांट-छांट भी करते रहिए।

### घर में लगाएंगें ये पौधे तो मिलेगी शांति

वैसे तो बाजार में कई तरह के ऐसे पौधे मिल जाएंगे जो फूल देते हैं लेकिन लीली या फिर जैस्मिन की बात ही अलग होती है। ये पौधे आसानी से आपका मूड बूस्ट कर सकते हैं।

# बुखार के बाद कमजोरी क्यों होती है?

## जानिए तेजी से ठीक होने के तरीके

**बुखार से उबरने के बाद आप कमजोरी क्यों महसूस करते हैं। इसके पीछे कई कारण हैं। बीमारी तो मुख्य कारण है ही, उसके अलावा भी कई कारण हैं, जिनके कारण कारण आप बुखार होने के बाद कमजोरी महसूस करते हैं। डॉक्टर बताते हैं कि इसके पीछे कई कारण होते हैं। उन कारणों में एक डिहाइड्रेशन भी होता है। जिसके कारण बुखार के दौरान और कई बार बाद में भी कमजोरी महसूस होती है। कई बार यह कमजोरी बहुत ज्यादा हो जाती है, जिसके कारण चक्कर भी आने लगते हैं।**

फिजिशियन बताते हैं कि बुखार होने पर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता संक्रमण से लड़कर उसे दूर करने के प्रयास शुरु कर देती है। जिसके कारण ऊर्जा खर्च होती है और शरीर में डिहाइड्रेशन भी होती है। इसके कारण बुखार होने पर आपको कमजोरी महसूस होती है। कई बार यह कमजोरी इतनी ज्यादा बढ़ जाती है कि मरीज को बिस्तर से उठने में भी परेशानी होती है और चक्कर आने लगते हैं। मरीज को शरीर का बैलेंस बनाए रखने में भी परेशानी होती है। बुखार होने पर आपको कुछ सावधान बरतनी चाहिए। बुखार होने पर स्वाभाविक रूप से शरीर में पानी की कमी होती है। इसे दूर करने के लिए आपको पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लेने चाहिए।



इसके साथ ही बुखार में संक्रमण से लड़ने के लिए शरीर को ऊर्जा की जरूरत होती है। कई बार बुखार होने मरीज की भूख खत्म हो जाती है, जिसके कारण वह कुछ खाता नहीं है। जरूरत है कि बुखार होने पर डॉक्टर की सलाह से पौष्टिक आहार लिया जाए। जिससे शरीर में ऊर्जा बनी रहे। इससे आपको बुखार से जल्दी उबरने में भी सहायता मिलेगी।

# प्याज हेल्थ के लिए कई तरह से फायदेमंद



**प्याज का इस्तेमाल केवल खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए नहीं किया जाता। बल्कि ये सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है। इसमे कई तरह से प्लांट कंपाउंड्स, मिनरल्स और विटामिन्स होते हैं। जिसकी वजह से इसे डाइट में शामिल करना हेल्दी ऑप्शन है। एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स से भरपूर होने के साथ ही प्याज में एंटीबैक्टीरियल प्रॉपर्टीज काफी ज्यादा मात्रा में होते हैं। जिसकी वजह से ये शरीर में पनपने वाले बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है। अगर आप स्किन से लेकर बालों में डैंड्रफ जैसे कई सारे इंफेक्शन से जुड़ी दिक्कतों से जूझ रहे हैं तो प्याज को इन तरीकों से कंज्यूम करें। जानें प्याज से दूर होने वाली बैक्टीरियल समस्याएं।**

### प्याज में एंटीबैक्टीरियल प्रॉपर्टीज की मात्रा

प्याज में क्वेरेसेटिन होता है जो शरीर में पनप रहे बैक्टीरिया की ग्रोथ को कम करता है। जैसे ई कोलाई, बैसीलस, स्यूडोमिनस यूरेजिनोसा। इसके साथ ही प्याज प्रोबायोटिक का भी रिच सोर्स है। जिसकी वजह से ये गट हेल्थ को भी इंप्रूव करने में हेल्प करता है। प्याज के फायदे हेल्थ के साथ ही स्किन के लिए भी रहते हैं। इन समस्याओं से जूझ रहे हैं तो प्याज की ड्रिंक पीने से मिलेगा फायदा।

अगर स्किन में दाद-खाज और खुजली की समस्या बार-बार हो जाती है। या फिर सिर में बहुत ज्यादा मात्रा में डैंड्रफ हो रहा है। तो प्याज इस समस्या को कम करने में मदद कर सकता है।

**पेट में इंफेक्शन -** काफी सारे लोगों की शिकायत पेट में इंफेक्शन की रहती है अक्सर लोगों को दस्त, डायरिया के साथ उल्टी और पेट में दर्द होने लगते हैं। अगर ये सब दिक्कतें पेट में इंफेक्शन की वजह से होती हैं तो प्याज इस समस्या का समाधान कर सकता है।

**यूरिन इंफेक्शन -** यहां तक कि अगर यूरिन में इंफेक्शन महिलाओं में बार-बार उभर आता है तो उन्हें भी प्याज की ड्रिंक पीने से फायदा होगा। जानें प्याज की ड्रिंक को कैसे बनाएं कि इन हेल्थ प्रॉब्लम में फायदा हो।

# कैसे करें ऑयली स्किन की देखभाल

**आप स्किन केयर उत्पाद खरीदते समय सबसे पहले क्या देखती हैं? यही न कि वह उत्पाद किस तरह की त्वचा के लिए बना है। यानी स्किन केयर में इस बात का सबसे पहले ख्याल रखने की जरूरत है कि त्वचा का प्रकार क्या है। उसी के हिसाब से आप सही उत्पाद चुन पाएंगी और आपकी त्वचा की दमक और सेहत दुरुस्त रह पाएगी। त्वचा की समस्या भी हर मौसम और त्वचा के प्रकार के हिसाब से अलग-अलग होती है। मसलन, गर्मी और मानसून में तैलीय त्वचा वालों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान त्वचा में तेल का उत्पादन ज्यादा होता है, जिसके चलते चिपचिपाहट, खुजली, रैशेज और दानों की समस्या आम हो जाती है।**

### क्या है तैलीय त्वचा की पहचान?

सबसे पहले तो यह पता लगाएं कि आपकी त्वचा तैलीय है या नहीं। इसके लिए सबसे सही समय है सुबह का, जब आप सोकर उठती हैं। सुबह उठकर अपने चेहरे पर एक सूखा टिश्यू पेपर रखें। अगर वह त्वचा से चिपक जाता है या उस पर तेल नजर आता है, तो इसका मतलब है कि आपकी त्वचा तैलीय है। संभव है कि तेल केवल टी जोन यानी ललाट, नाक और टुड्डी पर ही नजर आए। ऐसी त्वचा कॉम्बिनेशन स्किन की श्रेणी में आती है, पर इसकी देखभाल तैलीय त्वचा की तरह की करनी पड़ती है। नहीं तो, रोमछिद्रों का आकार धीरे-धीरे बड़ा होकर बाकी त्वचा भी वैसी ही बन जाएगी।

### इसलिए हो जाती है त्वचा तैलीय

त्वचा में सिबेसियस ग्लैंड मौजूद होती हैं जो त्वचा के लिए तेल बनाने का काम करती हैं। एक हद तक इस तेल की जरूरत त्वचा को होती है, जिससे त्वचा लचीली और चमकदार बनी रहती है। लेकिन अगर किसी भी कारण से त्वचा में मौजूद नमी के स्तर में गिरावट आने लगती है तो त्वचा ज्यादा तेल बनाने लगती है और त्वचा का प्रकार बदल जाता है। तैलीय त्वचा के पीछे कई कारण शामिल हो सकते हैं, जैसे कि जेनेटिक्स, आप कहां रह रही हैं, आपकी उम्र, शरीर में पानी का स्तर, हार्मोन में बदलाव और त्वचा की देखभाल का आपका तरीका आदि।

### ऐसे उत्पादों का करें इस्तेमाल

तैलीय त्वचा की देखभाल में टोनर खासे मददगार होते हैं। पर, ध्यान रखें कि उसमें एल्कोहल की मात्रा ज्यादा न हो। इससे त्वचा की नमी और कम होगी और त्वचा और ज्यादा तेल बनाएगी।



क्लींजर भी जेल वाले और हल्के इस्तेमाल करें ताकि त्वचा को रूखेपन का सामना न करना पड़े। अगर सैलिसिलिक एसिड का इस्तेमाल कर रही हैं तो पहले विशेषज्ञ से परामर्श लें। विटामिन-सी सीरम मुहांसे की समस्या से निजात दिलाएगा। अगर त्वचा बहुत जल्दी-जल्दी तैलीय हो रही है, तो अतिरिक्त तेल को हटाने के लिए ब्लोटिंग पेपर का इस्तेमाल करें।





## आज से इंग्लैंड में होगी नई शुरुआत

# गिल के नेतृत्व में बदलाव के दौर से गुजरने को तैयार टीम इंडिया

**लीड्स।** भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। इस 25 वर्षीय कप्तान के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी। टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है। कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता। कोहली और रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभी तक कोच के रूप में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और वह इसे और खराब नहीं करना चाहेंगे।

**भारत (प्लेइंग 11) :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

समय: दोपहर 3:30 बजे।

**इंग्लैंड (प्लेइंग 11) :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

## विराट के खिलाफ नहीं खेलना निराशाजनक

# स्टोक्स ने कोहली को लिखित भेजा संदेश

**लीड्स।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टेस्ट श्रृंखला में विराट कोहली जैसे प्रतिद्वंद्वी का सामना नहीं करना निराशाजनक है और उन्हें लगता है कि इस दिग्गज स्टार की अनुपस्थिति से भारतीय टीम में उनके जुझारूपन और जीतने की इच्छा की कमी दिखेगी। कोहली ने पिछले महीने खेल के पारंपरिक प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। इससे कुछ दिन पहले लंबे समय के उनके साथी और कप्तान रोहित शर्मा ने भी संन्यास लेने का फैसला किया था। इससे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) ने शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टीम को ब्रिटेन भेजा है। इंग्लैंड क्रिकेट द्वारा जारी एक वीडियो में स्टोक्स ने बताया कि कोहली के संन्यास से भारत को किस चीज की कमी खलेगी। स्टोक्स ने कहा, 'भारत को मुकाबलों के दौरान उनके जुझारूपन, उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की उनकी इच्छा की कमी खलेगी। उन्होंने 18 नंबर की जर्सी को अपना नंबर बना लिया है। किसी भारतीय टी शर्ट के पीछे 18 नंबर नहीं देखना थोड़ा अजीब होगा। वह लंबे समय से उनके लिए शानदार रहे हैं।' कोहली अपने शानदार करियर के दौरान टेस्ट क्रिकेट के सबसे बड़े ब्रांड एम्बेस्डर में से एक रहे हैं और ऐसे समय में जब खेल का छोटा प्रारूप टी-20 क्रिकेट परिदृश्य पर हावी हो रहा है, ऐसे में पारंपरिक प्रारूप के लिए उनके समर्थन से खेल के समर्थक बहुत खुश थे। स्टोक्स भी पांच दिवसीय प्रारूप के लिए अपना लगाव व्यक्त कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि कोहली के संन्यास की घोषणा के बाद उन्होंने उन्हें लिखित संदेश भेजा था। स्टोक्स ने कहा, 'मैंने उन्हें लिखित संदेश भेजा और इसमें कहा था कि उनके खिलाफ नहीं खेलना निराशाजनक होगा क्योंकि मुझे उनके खिलाफ खेलना पसंद है। हम दोनों एक-दूसरे के खिलाफ खेलना पसंद करते हैं क्योंकि जब हम मैदान पर होते हैं तो हमारी मानसिकता एक जैसी होती है कि यह (मैच) एक लड़ाई है।' कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में भारत के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में संन्यास लिया। उन्होंने 123 मैच में 46.85 के औसत से 9,230 रन बनाए हैं। उनके नाम 30 शतक और 31 अर्धशतक हैं।



# MLC में 'भारतीय' खिलाड़ी मोनांक का शानदार प्रदर्शन

## टीम को हासिल करवाया 201 रन का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट (MLC) में गुरुवार को सिएटल ओर्कास के खिलाफ खेले गए मैच में एमआई न्यूयॉर्क के मोनांक पटेल की 93 रन की पारी ने टीम को 201 रन के लक्ष्य को भेदने में अमह भूमिका निभाई। इस पारी की बदौलत मोनांक ने काफी सुर्खियां बटोरी। सिएटल ओर्कास ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 200 रन बनाए। जवाब में एमआई न्यूयॉर्क ने यह लक्ष्य 19वें ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 203 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य के दौरान भारतीय मूल के मोनांक पटेल जो अब अमेरिका की टीम के कप्तान हैं, उन्होंने 50 गेंदों में 93 रन की शानदार पारी खेलकर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। पारी में मोनांक पटेल ने 8 चौके और 7 छक्के जड़े जिससे उन्की आक्रामकता शमता और आत्मविश्वास नजर आया। यह जीत एमआई न्यूयॉर्क को टूर्नामेंट में वापसी दिलाने में मदद करेगी। इस पारी के साथ ही मोनांक पटेल ने मेजर लीग क्रिकेट इतिहास में किसी अमेरिकी खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।



## जो रूट की टीम इंडिया को ललकार

# टेस्ट सीरीज से पहले बोले- हमारा रिकॉर्ड घर पर...

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट एक बार फिर से एक बड़ी सीरीज के लिए तैयार हैं। शुक्रवार 20 जून से शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में मेजबान टीम के लिए अहम खिलाड़ी होंगे। इस सीरीज से पहले जो रूट ने भारतीय टीम को चेतावनी भी दी है। उनका कहना है कि घरेलू परिस्थितियों में इंग्लैंड की टीम का रिकॉर्ड दमदार है। जो रूट ने दावा किया है कि इंग्लैंड की टीम मजबूत है, लेकिन भारतीय टीम भी सर्वगुण संपन्न है और ये सीरीज बहुत दिलचस्प होने वाली है, जिसकी शुरुआत लीड्स से हो रही है। जो रूट के लिए अभी की चुनौती ये है कि वे भारतीय टीम के गेंदबाजों को घुटनों पर लाएं और फिर उनका टारगेट होगा कि नवंबर-दिसंबर में होने वाली एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का दम निकालें। जो रूट इस समय 13,006 रनों के साथ टेस्ट मैचों में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पांचवें स्थान पर हैं, लेकिन जल्द वे टॉप 2 में प्रवेश कर सकते हैं, क्योंकि उनको नंबर दो बनने के लिए 400 से भी कम रन चाहिए। सचिन तेंदुलकर 15,921 रनों के साथ पहले स्थान पर हैं। पहले टेस्ट मैच से पहले स्काई स्पोर्ट्स से बात करते हुए जो रूट ने कहा, आप केवल उत्साहित हो सकते हैं। ये वो सीरीज हैं, जिसके लिए आप खेलते हैं। हमारे सामने जो अवसर हैं, वे बहुत बड़े हैं। आप जानते हैं कि एशेज आ रही है और आपसे इसके बारे में पूछा जाएगा। लोग इंडिया सीरीज में होने वाली चीजों को उससे जोड़ने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको एक शानदार टीम के खिलाफ काम करना है। आप सभी प्रारूपों में एक टीम के रूप में भारत की प्रगति को देखें, तो पाएंगे कि उन्होंने सभी आधारों को कवर कर लिया है।

## BCCI को बड़ा झटका

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने 538 करोड़ रुपये चुकाने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने हाल ही में एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने उस मध्यस्थता फैसले को बरकरार रखा है जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को अब बंद हो चुकी आईपीएल टीम कोच्चि टस्कर्स केरल को 538 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है। कोच्चि टस्कर्स केरल टीम ने 2011 में आईपीएल का सिर्फ एक ही सीजन खेला था। उस सीजन के बाद बीसीसीआई ने उनका अनुबंध यह कहकर रद्द कर दिया कि उन्होंने समय पर बैंक गारंटी जमा नहीं की, जो कि समझौते की शर्तों में शामिल था। इस पर फ्रेंचाइजी ने मामला मध्यस्थता में ले जाया और 2015 में फैसला उनके पक्ष में आया। मध्यस्थ ने कहा कि बीसीसीआई को फ्रेंचाइजी मालिकों को कुल 550 करोड़ रुपये देने चाहिए- जिसमें से 384 करोड़ रुपये कोच्चि क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड और 153 करोड़ रुपये रेंडेज़वस स्पोर्ट्स वर्ल्ड को मिलने थे।

**बीसीसीआई की आपत्ति पर कोर्ट का जवाब :** बीसीसीआई ने इस फैसले को अदालत में चुनौती दी और कहा कि यह फैसला गलत है। लेकिन हाईकोर्ट ने कहा कि मध्यस्थता अधिनियम की धारा 34 के तहत कोर्ट सिर्फ तय नियमों के आधार पर हस्तक्षेप कर सकती है, न कि फैसले की गहराई में जाकर जांच कर सकती है। इसलिए कोर्ट ने बीसीसीआई की अपील खारिज कर दी।

**टीम का प्रदर्शन और खिलाड़ी :** कोच्चि टस्कर्स केरल ने अपने एकमात्र सीजन (2011) में 14 में से 6 मैच जीते थे और 10 टीमों की लिस्ट में 8वें नंबर पर रही थी। टीम के लिए उस समय ब्रैड हॉज, महेला जयवर्धने, ब्रेंडन मैकुलम और रवींद्र जडेजा जैसे नामी खिलाड़ी खेले थे।

**बीसीसीआई की प्रतिक्रिया :** बीसीसीआई ने पहले कहा था कि वे इस फैसले के खिलाफ अपील करने की सोच रहे हैं। तत्कालीन आईपीएल चेयरमैन राजीव शुक्ला ने बताया था कि गवर्निंग काउंसिल के अधिकतर सदस्य इस फैसले से सहमत नहीं हैं और कानूनी सलाह ली जा रही है।

# उनके बिना कभी नहीं खेला...

## विराट कोहली और रोहित शर्मा को मिस कर रहे केएल राहुल

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैच की सीरीज के लिए गई भारतीय टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ि केएल राहुल को विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी खल रही है। उन्हें ड्रेसिंग रूम में उन दोनों दिग्गजों या फिर उन दोनों में से कम से कम एक को देखने की आदत रही है। अब दोनों के संन्यास के बाद केएल राहुल का कहना है कि ड्रेसिंग रूम में थोड़ा अजीब फील होगा। 2011 के बाद भारत की यह पहली ऐसी कोई सीरीज है जिसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा में से कोई एक भी नहीं खेल रहा है। केएल राहुल ने वैसे तो महेंद्र सिंह धोनी की



कप्तानी में 2024-15 के बॉर्डर-गावस्कर के जरिए टेस्ट डेब्यू किया था लेकिन वह विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम में एक बल्लेबाज के तौर पर स्थापित हुए। कोहली और रोहित की गैरमौजूदगी में अब केएल राहुल की जिम्मेदारी काफी बढ़ गई है। शुक्रवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पहले उन्होंने अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स को बताया, 'पिछले एक दशक से विराट और रोहित भारतीय क्रिकेट के स्तंभ रहे हैं। अब उनको आस-पास नहीं देखना बहुत खालीपन देने वाला है। अब तक के पूरे करियर में मैंने कभी ऐसा मैच नहीं खेला जिसमें विराट और रोहित में कोई भी न हो। अब तक मैंने 50 से ज्यादा टेस्ट खेले हैं, तब विराट या रोहित या फिर दोनों टीम का हिस्सा रहे हैं।' केएल राहुल ने कहा, 'ड्रेसिंग रूम में जाने पर थोड़ा अजीब फील हो रहा है। लेकिन, आपको उनके फैसले का सम्मान करना होगा।

# IPL 2025 ने तोड़े पुराने व्यूअरशिप के रिकॉर्ड

## एक बिलियन लोगों ने देखा, फाइनल ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** आईपीएल के 18वें सीजन में फैंस को काफी धमाल देखने को मिला। इस बार टूर्नामेंट को नया चैंपियन मिला। आईपीएल 2025 ने व्यूअरशिप के मामले में भी पिछले सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम खिताबी मुकाबले में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार चैंपियन बनी थी। फाइनल मुकाबले की भी व्यूअरशिप ने भी नया रिकॉर्ड कायम किया है। ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर जियोस्टार के मुताबिक आईपीएल 2025 को टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कुल 840 बिलियन मिनट से ज्यादा देखा गया। एक बिलियन से ज्यादा लोगों ने इस टूर्नामेंट को देखा।

# अश्विन ने पहले टेस्ट के लिए चुनी अपनी प्लेइंग 11

## साथ में सीरीज को लेकर की ये भविष्यवाणी

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन का चयन किया है। उन्होंने ये भी बताया है कि इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट कौन लेगा और किस बल्लेबाज के बल्ले से सबसे ज्यादा रन निकलेंगे। लीड्स में होने वाले पहले मैच में आर अश्विन सिर्फ एक स्पिनर प्लेइंग इलेवन में चाहते हैं। उन्होंने ये भी कहा है कि बैटिंग डिपार्टमेंट में साई सुदर्शन और करुण नायर दोनों को होना चाहिए। रोहित शर्मा और विराट



कोहली के रिटायरमेंट के बाद कुछ बदलाव प्लेइंग इलेवन में होने थे और इसकी पुष्टि भी हो चुकी है। हालांकि, ओपनिंग अभी भी यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल करेंगे, लेकिन नंबर तीन अभी पक्का नहीं हैं। चार पर कप्तान शुभमन गिल और पांच पर खुद ऋषभ पंत खेलेंगे। छठे नंबर पर कौन खेलेगा, ये भी सवाल होगा। अश्विन ने नंबर तीन के लिए साई सुदर्शन को बैक किया है और नितीश रेड्डी की जगह पेस ऑलराउंडर के तौर पर शार्दुल ठाकुर को चुना है। अश्विन ने पहले मैच से पहले प्लेइंग इलेवन चुनते हुए अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल, ऋषभ पंत, करुण नायर, रविंद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

## वह भारत का अगला सुपर स्टार...

# एडम गिलक्रिस्ट ने की इस यशस्वी जायसवाल की तारीफ



**नई दिल्ली।** क्रिकेट के महानतम विकेट कीपर बल्लेबाजों में शुमार एडम गिलक्रिस्ट ने भारत के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की तारीफ की है। उन्होंने इस युवा को भारत का अगला बड़ा सुपर स्टार बताया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में जायसवाल की शतकीय पारी और मिचेल स्टार्क के साथ उनकी नोकझोंक के महीनों बाद उन्होंने कहा कि ऐसा हंसी-मजाक चलता है। वह घटना बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के ओपनिंग टेस्ट में हुई थी। पर्थ में खेले गए उस मैच में जायसवाल ने स्टार्क की गेंद पर चौका जड़कर उन पर टिप्पणी की, 'तुम बहुत धीमी गेंद फेंक रहे।' उस टेस्ट में दोनों के बीच हल्की-फुल्की नोक-झोंक हुई थी। जायसवाल ने उस पारी में शतक जड़ा था और भारत ने पहला टेस्ट जीता था। हालांकि, अगले ही टेस्ट में स्टार्क ने जायसवाल को शून्य पर आउट कर दिया था।

# उनकी वापसी वाकई सराहनीय है

## केएल राहुल ने करुण नायर की टेस्ट टीम में वापसी पर की तारीफ

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया इस शुक्रवार 20 जून से घर से बाहर बहुप्रतीक्षित पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड से भिड़ने के लिए तैयार है। दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल और करुण नायर स्पिनर कुलदीप यादव के साथ अपने देश का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे। आईपीएल में कैपिटल्स के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले राहुल ने अपने साथी खिलाड़ी नायर का समर्थन किया है जो 8 साल के अंतराल के बाद भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं और उनके प्रयासों की सराहना की है। राहुल ने आईपीएल 2025 सीजन के बाद दिल्ली कैपिटल्स की मीडिया टीम से कहा, 'हमने 11 साल की उम्र में साथ में क्रिकेट खेलना शुरू किया था और तब से हम इस सफर पर हैं। हम दोनों ने ही अपने उतार-चढ़ाव देखे हैं। उसे मौका मिला, उसने तिहरा शतक बनाया और



उसके बाद कई कारणों से उसे थोड़ा मुश्किल समय का सामना करना पड़ा। लेकिन सबसे खास बात यह रही कि उसने पिछले 2-3 सालों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह सबसे अलग है। यह देखना बहुत अच्छा रहा कि वह कैसे बेसिक्स पर वापस लौट आया है। हमने यूके में उसके समय, काउंटी क्रिकेट खेलने और उसके सामने आने वाली कठिनाइयों और चुनौतियों के बारे में बात की है। तमाम कठिनाइयों के बावजूद भारतीय टीम में वापसी करने की इच्छा रखना सराहनीय है। मुझे उम्मीद है कि हम दोनों भारतीय टीम के लिए बहुत लंबे समय तक खेल पाएंगे।' अपनी तैयारियों के बारे में बात करते हुए दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा, 'मैंने आईपीएल के ठीक बाद इंग्लैंड सीरीज के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। मैंने इसके लिए तैयार होने के लिए अपने कोच से भी बात की। इंग्लैंड आना हमेशा एक चुनौती होती है क्योंकि वे एक बहुत अच्छी टीम हैं, खासकर जब वे घर पर खेलते हैं। यह हम सभी के लिए एक चुनौती होगी क्योंकि हम तुलनात्मक रूप से एक युवा टीम हैं।' विराट कोहली और रोहित शर्मा ने पहले टेस्ट से संन्यास की घोषणा की थी और राहुल को लगता है कि ड्रेसिंग रूम में दो दिग्गजों का न होना एक कमी होगी।


## ऑरियनप्रो इंटरनेशनल जूनियर शतरंज टूर्नामेंट

# जूनियर टूर्नामेंट में 12 खिलाड़ी संयुक्त बढ़त पर

**मुंबई।** ऑरियनप्रो इंटरनेशनल जूनियर शतरंज टूर्नामेंट तीसरे राउंड के अंत में 12 खिलाड़ियों के संयुक्त बढ़त के साथ अभी भी बराबरी पर है। मुंबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में विदेशी ग्रैंडमास्टर्स ने ग्रैंडमास्टर श्रेणी में अपना दबदबा कायम रखा है। शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर लेवन पैंटसुलिया, दूसरे वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोसियन और तीसरे वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर लुका पैचाद्जे ने अपने विरोधियों को आसानी से हरा दिया। तीसरे राउंड में दसवें बोर्ड पर चौंकाने वाला नतीजा दर्ज किया गया। उस मैच में गुरु



प्रकाश ने भारतीय ग्रैंडमास्टर दीपन चक्रवर्ती को बराबरी पर रोका। हालांकि शीर्ष वरीयता प्राप्त फिडे मास्टर अंश नेरुरकर ने जूनियर टूर्नामेंट में शीर्ष खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाए रखी, लेकिन तीसरे राउंड में मैशा परवेज ने उन्हें कड़ी टक्कर दी। काले मोहरों से खेलते हुए अंश ने अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर चुनौतीपूर्ण कैटलन ओपनिंग में प्रवेश किया और पूरे अंक हासिल किए। दूसरे बोर्ड पर दूसरे स्थान पर रहे कैंडिडेट मास्टर मधेश कुमार ने प्रभावशाली खेल दिखाया। उन्होंने अदविक रेड्डी को मात्र 47 चालों में हराया।



अभिषेक बच्चन वैसे सोशल मीडिया पर कम एक्टिव रहते हैं। लेकिन अब उनका एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में अभिषेक ने कुछ लाइन्स लिखी हैं जिससे फैंस कयास लगा रहे है कि कहीं वह अपने दिल की बात तो नहीं शेयर कर रहे या फिर कहीं ये उनके किसी अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर तो नहीं है।

# 'मैं लापता होना चाहता हूं'

## अभिषेक बच्चन की क्रिप्टिक पोस्ट से फैंस हुए परेशान

अभिषेक ने लिखा है, 'मैं एक बार लापता होना चाहता हूं, भीड़ में खुद को फिर से पाना चाहता हूं। जो कुछ भी था, सब दे दिया अपनों के लिए, अब जरा सा वक्त, बस अपने लिए चाहता हूं।' अभिषेक की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह हाल ही में रिलीज हुई फिल्म हाउसफुल 5 में नजर आए हैं जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार और रितेश देशमुख भी थे। फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म शानदार कमाई कर रही है। अब अभिषेक फिल्म राजा शिवाजी में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के जरिए छत्रपती शिवाजी महाराज को ट्रिब्यूट दिया जा रहा है। फिल्म में अभिषेक के अलावा संजय दत्त, महेश मांजरेकर, सचिन खेड़कर, भाग्यश्री, फरदीन खान, जेनेलिया डिसूजा हैं। फिल्म को रितेश देशमुख डायरेक्ट कर रहे हैं।

# रश्मिका- विजय देवरकोंडा हैं GF-BF!

## एक साथ गाड़ी में हुए स्पॉट, चेहरा छुपाते आए नजर

साउथ के सुपरस्टार रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा का नाम एक साथ काफी समय से जुड़ता आ रहा है। कपल के साथ में कई वीडियो और फोटो भी वायरल हो चुके हैं। बर्थडे हो या वेकेशन दोनों साथ में होने का हिंट दे ही देते हैं। पिछले कुछ समय से ये भी खबर है कि दोनों एक दूसरे से प्यार करते हैं और शादी भी जल्द करेंगे, लेकिन कभी दोनों ने अपना रिश्ता खुलकर नहीं बताया। अब कपल का साथ में एक और वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों गाड़ी में साथ में नजर आ रहे हैं।

रश्मिका और विजय का जो वीडियो वायरल हो रहा है वह एयरपोर्ट का है। इसमें रश्मिका एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही गाड़ी में बैठती नजर आ रही है। विजय देवरकोंडा गाड़ी की फ्रंट सीट पर बैठे हुए हैं और कैमरे से अपना चेहरा छुपाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, रश्मिका भी मास्क पहने हैं और अपना चेहरा हाथ से ढक रही हैं। दोनों का ये वीडियो बीती रात यानी 17 जून का है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद दोनों के फैंस काफी खुश हो रहे हैं और दोनों की शादी की चर्चा कर रहे हैं। बता दें, जल्द रश्मिका मंदाना की नई फिल्म कुबेर आ रही है। इस फिल्म में रश्मिका के साथ धनुष और नागार्जुन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। रश्मिका के रूमर्ड बॉयफ्रेंड कहे जाने वाले विजय देवरकोंडा ने रश्मिका को शुभकामनाएं दी हैं। विजय देवरकोंडा ने एक पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने पूरी टीम को बधाई देते हुए रश्मिका को अपना निजी पसंदीदा स्टार बताया था। साथ ही उन्होंने कहा था कि इस फिल्म को थिएटर में देखने के लिए वह काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। विजय के इस बयान के बाद अब दोनों को साथ में एक बार फिर देखा गया है।







# 'मालिक' का BTS Video वायरल

## रोमांस करते दिखे राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर

निर्देशन डायरेक्टर पुलकित की फिल्म 'मालिक' एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में पहली बार राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर की जोड़ी देखने को मिलेगी। आज फिल्म के सेट से नामुमकिन गाने का एक बीटीएस वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें राजकुमार और मानुषी का रोमांटिक अंदाज हर किसी को पसंद आ रहा है।

राजकुमार राव ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी एक्शन फिल्म 'maalik' का एक शानदार बीटीएस वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'जो आपने सुना वह जादू था, इसे घटित करने के लिए क्या किया गया, यहां बताया गया है। नामुमकिन गाना रिलीज हो चुका है।' आगे राजकुमार ने लिखा, 'मालिक से मिलने आ जाना 11 जुलाई को सिर्फ सिनेमाघरों में...' मालिक के इस बीटीएस वीडियो पर फैंस लाल दिल वाले और फायर इमोजी बरसा रहे हैं। निर्माता कुमार तौरानी और जय शेवाक्रमानी ने अपनी आने वाली फिल्म, मालिक, का शीर्षक राजकुमार राव के जन्मदिन पर जारी किया था। राजकुमार राव इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म में एक गैंगस्टर की भूमिका निभाएंगे, जो उनकी पिछली भूमिकाओं से बिल्कुल अलग होगी। 'स्त्री 2' की भारी सफलता के बाद राजकुमार 'मालिक' से एक गैंगस्टर के किरदार के साथ दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म 11 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।

# आमिर के 'सितारों' से मिलने पहुंचे शाहरुख

आमिर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। आमिर फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। वो अलग-अलग तरह से फिल्म को प्रमोट कर रहे हैं। इस बीच अब 'सितारे जमीन पर' के कलाकारों से बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान मिलने पहुंचे हैं। शाहरुख को अपने बीच पाकर ये कलाकार काफी खुश हो गए।

## कलाकारों के साथ दिया सिग्नेचर पोज


आमिर खान टॉकीज की तरफ से एक वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किया गया है। वीडियो की शुरुआत शाहरुख खान की एंट्री से होती है, जहां वो उस हॉल में पहुंचते हैं जहां फिल्म के बाकी कलाकार और आमिर खान मौजूद हैं। इसके बाद शाहरुख उन कलाकारों को बताते हैं कि आमिर ने मुझे टीम से मिलने के लिए कई बार बुलाया था। वो कई बार मुझे कॉल और मैसेज कर चुके हैं। आखिरकार मेरे पास एक खाली दिन था और मुझे बहुत खुशी है कि मैं आया हूं। शाहरुख को अपने साथ पाकर कलाकार काफी खुश हो गए। इस दौरान शाहरुख ने इन कलाकारों के साथ खूब मस्ती की। कई कलाकारों ने शाहरुख को उनकी फिल्म के डायलॉग बोलकर सुनाए, तो कुछ ने उन्हें उनको अपनी फेवरिट फिल्मों के बारे में बताया। शाहरुख ने इस दौरान इन कलाकारों के साथ काफी बातें कीं। शाहरुख ने इस दौरान अपना सिग्नेचर पोज भी इन खास कलाकारों के साथ किया। जिसे देखकर हर कोई खुश हो गया। अंत में शाहरुख ने इन कलाकारों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचाई। 'सितारे जमीन पर' की बात करें तो फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म में आमिर के साथ जेनेलिया डिसूजा प्रमुख भूमिका में नजर आ रही हैं। इस फिल्म के जरिए आमिर 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं।



# कार्तिक ने अनन्या का 'धीमे धीमे' पर डांस

## एक्ट्रेस की शूटिंग का हुआ रैप अप

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसी बीच एक्टर ने फिल्म के सेट से एक खास वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह और अनन्या पांडे धीमे-धीमे गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं। दरअसल, यह खास वीडियो कार्तिक ने अनन्या की इस फिल्म के रैपिंग शैड्यूल को लेकर शेयर किया है। कार्तिक ने फिल्म के सेट से इस शानदार वीडियो को इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'अपनी अनन्या का शेड्यूल रैप हो और हम धीमे-धीमे पर डांस ना करें, ऐसा कैसा हो सकता है अनन्या पांडे @ananya panday # Tu Meri MainTera Main Tera Tu Meri # क्रोएशिया।'





कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान कर रहे हैं और इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स ने किया है। यह फिल्म अगले वैलेंटाइन पर सिनेमाघरों में 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म के पहले पोस्टर में कार्तिक और अनन्या लिपलॉक करते नजर आए थे, लेकिन उनका आधा चेहरा पासपोर्ट से छिपा हुआ दिखाई दिया।

फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' का हाल ही में लंदन में प्रीमियर हुआ। इसमें फिल्म के सितारे स्कार्लेट जोहानसन और जोनाथन बेली भी शामिल हुए। वे जिस अंदाज में और गर्मजोशी के साथ एक-दूजे से मिले, उसने सभी का ध्यान खींच लिया। दोनों स्टार्स ने रेड कार्पेट पर एक-दूजे को कसकर गले लगाया और फिर किस किया। फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' का वर्ल्ड प्रीमियर मंगलवार को लंदन में हुआ। यहां कई सितारे भी शामिल हुए।



# 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' के प्रीमियर पर स्कार्लेट ने जोनाथन बेली को किया किस

वहीं, फिल्म के दोनों मुख्य सितारे स्कार्लेट जोहानसन और जोनाथन भी अपने खूबसूरत अंदाज में पहुंचे। दोनों ने बड़े उत्साह से एक-दूसरे का स्वागत किया। रेड कार्पेट पर दोनों एक-दूसरे को चूमते दिखे। इनकी तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। स्कार्लेट जोहानसन पिंक कलर की ड्रेस में प्रीमियर पर पहुंचीं। वहीं, जोनाथन भी ब्राउन ब्लेजर, ब्लू डेनिम शर्ट और ऑफ व्हाइट ट्राउजर में डैशिंग लुक में दिखे। सोशल मीडिया पर नेटिजन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। दोनों का अंदाज यूजर्स को पसंद आया है। एक यूजर ने लिखा, 'इनकी दोस्ती ने दिल खुश कर दिया'। स्कार्लेट जोहानसन की निजी जिंदगी की बात करें तो उनकी शादी कॉमेडियन-राइटर कॉलिन जोस्ट से साल 2020 में हुई। वे रोज (10 वर्ष) और कॉस्मो (03 वर्ष) के पेरेंट्स हैं। वहीं, जोनाथन बेली अपनी लाइफ को प्राइवेट रखते हैं। बात करें फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' की तो यह 02 जुलाई, 2025 को रिलीज होगी। इसका निर्देशन गैरेथ जेम्स ने किया है।

# कैंसर की सर्जरी के बाद दीपिका की बॉडी पर हुए जख्म

दीपिका कक्कड़ इस समय कैंसर की वजह से सुर्खियों में हैं। उन्हें स्टेज 2 का लिवर कैंसर है जिसकी सर्जरी दीपिका ने करवा ली है और वह हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होकर घर भी लौट गई हैं। इसी बीच दीपिका कक्कड़ ने व्लॉग शेयर किया था। इसमें उन्होंने बताया कि उनकी गर्दन पर सर्जरी के बाद जख्म हो गए हैं। जिसे देखकर फैंस भी चिंतित हो रहे हैं। दीपिका कक्कड़ और उनके पति शोएब इब्राहिम अक्सर अपने व्लॉग शेयर करते रहते हैं। इसी व्लॉग में दीपिका ने अपने जख्म अपने फैंस के सामने दिखाए हैं। उन्होंने साथ ही बताया कि जब उन्हें कैंसर का पता चला तो कैसे उनके पति शोएब ने उनका ध्यान रखा।



उन्होंने कहा, 'करीब एक महीने पहले जब हमें पता चला कि लीवर में ट्यूमर है और एक बड़ी सर्जरी करनी होगी तो सिर्फ 'सर्जरी' शब्द ही मुझे डरा देने के लिए काफी था। शोएब को पहले ही पता चल चुका था लेकिन उसने मुझे कुछ नहीं बताया। जब डॉक्टर रिपोर्ट्स देख रहे थे, तभी मैंने रिपोर्ट देखने की जिद की और सच्चाई का मुझे पता चला। दीपिका ने आगे वीडियो में अपने गले पर जख्म दिखाए। जहां उन्हें गले पर पट्टी लगी हुई थी वही काले धब्बे उभर आए। जो दीपिका ने अपने फैंस को भी दिखाए। दीपिका के फैंस अभी भी दीपिका के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि दीपिका को सर्जरी के बाद ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। यही वजह है कि दीपिका के फैंस उनके लिए चिंता जाहिर कर रहे हैं। दीपिका कक्कड़ पहले की तरह ठीक होने की कोशिश कर रही हैं। वह अब परिवार के साथ समय बिताकर और हर रोज की तरह अपना व्लॉग शेयर कर रही हैं।

# समद शेख को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

बॉलीवुड के टॉप के कास्टिंग डायरेक्टर्स में शुमार समद शेख को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया, उन्हें यह सम्मान फेमस सिंगर उदित नारायण के हाथों से प्रदान किया गया। शेख को यह सम्मान सर्वश्रेष्ठ कास्टिंग डायरेक्टर के लिए मिला। इस मौके पर दिलीप सेन जैसे बड़े म्यूजिक डायरेक्टर भी मौजूद थे समद अपने गायकी के साथ फिल्मों में कास्टिंग भी करते हैं हाल ही में उन्होंने सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कास्टिंग की है समद शेख ने एयर लिफ्ट, जवान, दबंग 2, शादी में जरूर आना जैसी कई फिल्मों में कास्टिंग की है आप सभी जानते हैं कि बॉलीवुड की मौजूदा स्थिति क्या है आज इस इंडस्ट्री में काम पाना और टिक पाना इतना आसान नहीं है। समद शेख नए कलाकारों को बड़े प्रोजेक्ट में काम भी देते है एक नजर डालते है उनके एल्बम पर सूत्रों से पता चला है कि उनकी उनकी आने वाली एल्बम जिसमें वे किसी न्यू आर्टिस्ट को लॉन्च कर रहे है जिसका नाम प्राची आंबेकर बताया जा रहा है अब देखना ये है कि क्या ये कलाकार दर्शकों पर अपनी अच्छी पकड़ बना पाएगी या नहीं अगर नहीं बना पाई तो इसमें समद शेख को बहुत बड़ा नुकसान हो



जी हां आज बॉलीवुड में किसी भी नए कलाकार के साथ काम करना बहुत ही जोखिम भरा है ये बात पूरी बॉलीवुड जानता है ऐसे में समद को पता होना चाहिए कि वो क्या कर रहे हैं इस एल्बम में कुल 6 गाने हैं जिसमें से समद ने कहा है कि 3 गानों में मैं नए कलाकार को लांच करूंगा और बाकी 3 गानों में मार्केट के बड़े कलाकार ही होंगे जिसमें से उन्होंने आयुष्मान खुराना और नेहा शर्मा का नाम लिया है जिसमें सिंगर खुद समद होंगे और मार्केट की सिर्फ फीमेल सिंगर्स ही होंगी समद को उम्मीद है कि वो पलक

# निर्माता-निर्देशक रूपेश राय सिकंद के बर्थडे सेलिब्रेशन में शामिल हुए कई दिग्गज

बॉलीवुड के चर्चित निर्माता-निर्देशक रूपेश राय सिकंद के जन्मदिन के खास मौके पर आयोजित भव्य पार्टी में फिल्म जगत की कई नामचीन हस्तियां मौजूद रहीं। इनमें दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान, पंकज बेरी, नारी सम्मान संघटन की राष्ट्रीय अध्यक्षा सुंदरी ठाकुर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय दुबे, पवन चौहान, शाइस्ता अंसारी, शुजात जी, नितिन दीवान, और हिमांशी गौर जैसी हस्तियाँ शामिल रहीं। सभी ने रूपेश राय को दिल से जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पार्टी के दौरान शानदार केक काटकर बर्थडे का जश्न मनाया गया। रूपेश राय सिकंद ने इस खास मौके पर सबसे पहले एयर इंडिया के प्लेन क्रैश पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, 'जब मैंने इस घटना के बारे में सुना तो स्तब्ध रह गया। इतने सारे मुसाफिरों की जान गई और दुर्घटनास्थल के आसपास भी नुकसान हुआ है। जो लोग अपने प्रियजनों को खो चुके हैं, उनके लिए मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।' रूपेश राय ने मीडिया और मेहमानों की भारी संख्या में उपस्थिति पर खुशी जाहिर की और कहा, 'मेरा जन्मदिन इस बार बेहद खास बन गया क्योंकि सभी मेहमानों और मीडिया ने मुझे बधाई दी और मेरे काम को सराहा। मैं सभी का तहे दिल से आभार प्रकट करता हूं। मैं ऋषिकेश मुखर्जी के सिनेमा से प्रेरित हूं और अपने प्रोजेक्ट्स में हमेशा शुद्ध मनोरंजन को प्राथमिकता देता हूं।' उन्होंने आगे बताया कि वे पंकज बेरी के साथ एक नया प्रोजेक्ट कर रहे हैं जिसमें उनका किरदार एकदम अलग और चुनौतीपूर्ण होगा। साथ ही उन्होंने प्रसिद्ध निर्देशक अरशद भाई के साथ भी भविष्य में एक प्रोजेक्ट करने की इच्छा जताई। रूपेश राय प्रोडक्शन लंबे समय से इंडस्ट्री में सक्रिय है।

